Approved text book in Bengal, Bihar, C. P. & Punjab

महामहोपाध्याय पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर कृत

संस्कृत

सुबोध-व्याकरण-कौमुदी

सारे भाग ।

———:०:———

पण्डित रामसुन्दर शर्म्मा काव्यतीर्थ

द्वारा सम्पादित

——०:——

प्रकाशक

सुबोध ग्रन्थमाला कार्य्यालय,

राँची ।

——०:——

[संशोधित और परिवर्द्धित]

Printed by C. S. [illegible]

at the [illegible] Press, Ranchi

[illegible] संस्करण] [मूल्य [illegible]

भूमिका।

व्याकरण कौमुदी की रचना द्वारा महामहोपाध्याय पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने विद्यार्थियों का बड़ा ही उपकार किया है। इसके द्वारा सुगम रीति से संस्कृत सीखने में उन्हें बड़ी सहायता मिलती है। यह पुस्तक भारत के प्रत्येक प्रान्तों में प्रचलित है। बंगला में इसके अनेक प्रकार के संस्करण निकल चुके हैं जिससे हाई स्कूल तथा कालेज के विद्यार्थी महान् लाभ उठा रहे हैं। हिन्दी में भी इसके दो तीन प्रकार के संस्करण अवश्य निकले हैं, पर उनसे युनिवर्सिटी के परीक्षार्थियों की सभी आवश्यकतायें पूरी नहीं होतीं तथा मूल्य भी अधिक रखा गया है। विद्यार्थियों की इन्हीं असुविधाओं की पूर्त्ति के विचार से मैंने सुबोध व्याकरण कौमुदी नामक यह नवीन संस्करण प्रकाशित किया है। शब्दरूप में सर्वत्र अंग्रेजी अर्थ सहित शब्दों की सूचियाँ दी गयी हैं। धातुरूप में भी इसी प्रकार अंग्रेजी-अर्थ सहित धातुओं की बृहत् सूचियाँ दे दी गयी हैं। धातुरूप में लुङ् तथा लिट् लकार बड़े ही कठिन हैं अतएव लुङ् लकार ७ भागों में और लिट् दो भागों में विभक्त करके समझाया गया है जिससे विद्यार्थियों के लिये बड़ा ही सरल और सुबोध हो गया है। ऐसे ही विषय को सरल व सुबोध करने के लिये अनेक स्थानों के क्रम में परिवर्तन कर दिया गया है। बीच २ में क्रियाविशेषण Degree of comparison आदि अनेक विषय बढ़ा दिये गये हैं। प्रायः प्रत्येक स्थलों में पाणिनि के संस्कृत-सूत्र भी दे दिये गये हैं जिससे विद्यार्थी शीघ्र कण्ठस्थ कर सकें। सर्वत्र बीच २ में अभ्यास दिये गये हैं; इनके मनन व अभ्यास से विषय के पूर्णतया बोध होने में

विद्यार्थियों को बड़ी ही सहायता मिलेगी। अन्त में के सुभीते के लिये अक्षर के क्रमानुसार अंग्रेज़ी रूप सहित प्रत्येक धातुओं की एक सूची दे दी ग इसके उपरान्त अनुवाद की सुविधा के लिये अंग्रेज़ी धातुओं की सूची भी Alphabets (अक्षरों) के गयी है। विषय को सरल व सुबोध करने के लिये साध्य पूर्ण प्रयत्न किया है, पर मैं इसमें कहाँ तक हूँ, इसका निर्णय सहृदय पाठक ही कर सकते हैं वर्ष उक्त पण्डित जी की संस्कृत व्याकरण की उ का सुबोध संस्कृत व्याकरण नामक नवीन संस्करा किया था इसे शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने ऐस समझा कि विहार में तो इसका सर्वत्र प्रचार हुआ। अतिरिक्त बंगाल, यू० पी० और सी० पी० की कमिटियों ने भी इसे अपने यहाँ टेक्स्ट बुक रख उत्साहित किया है। इसके निमित्त मैं सबों का हूँ। सुबोध संस्कृत व्याकरण का इस प्रकार आद पूर्ण विश्वास है कि शिक्षक, विद्यार्थी तथा शिक्षा कर्म्मचारी इस सुबोध व्याकरण कौमुदी को अपनायेंगे, क्योंकि मैंने इसे सुबोध संस्कृत व्याकरण अधिक उपयोगी बनाने का पूर्ण प्रयत्न किया है, य इससे विद्यार्थियों का कुछ उपकार हुआ तो मैं अ सफल समझूँगा।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिये इसके चारों अलग और एक साथ भी प्रकाशित किये जा रहे हैं प्रकार की सुविधा हो उसी प्रकार लाभ उठाने की

आप का विनीत-

रामसुन्दर शर्म्मा

BODH VYAKARAN KAUMUDI

(सुबोध व्याकरण कौमुदी)

Pandit Ramsundar Sharma Kavyatirtha, H
t Zila School, Ranchi.

is book on Sanskrit grammar is not a mere Hi ation of Vidyasagar's Kaumudi but, Pandit Ra Sharma has made various improvements on Only the fourth part of Vidyasagar's Kaum ed Sutras but, in the peresent publication the auth en Sanskrit Sutras in the 3 preceding parts as we en in the fourth part Panini's aphorisms have at plac given side by side with Vidyasagar's Sutras. Th feature of the publication renders it highly valuab vanced students. The expositions of the Sutras concise and accurate. A large number of exercis rection and for translations from English and Hin nskrit and vice versa, makes the work immense le for students. This excellent publication is pr tly fit to be adopted as a text-book in Schools an s. The equipment the student will get from s sure to be thorough and efficient.

Sd. Kashi Prasad Shastri,

KAVYATIRTHA, M. A., B. L., M. O. L.

(Examiner of Sanskrit Title Examinations etc.)

ubodh Vyakarn Kaumudi" has been very ably by Pandit Ramsundar Sharma, Kavyatirtha of . The general arrangement of the subject matter is tory. The author has taken great pains in carefully this book which is sure to lay under immense on the whole of the student world.

re are at every stage, excellent groups of exercises , which is a new feature of this edition They are selected and arranged that they will be of great the students in mastering the intricacies of Sanskrit ar.

The chapter dealing with समास, तद्धित and कृदन्त are so complete that any student who knows them thoroughly will scarcely require the study of any other grammar for his ordinary purposes.

This attempt of the author is very commendable by issuing this work. He has removed the long-felt want of good Sanskrit grammar in Hindi. No doubt, the present book will not only serve the purposes of High School students but may, with advantages, be consulted also by junior students in colleges.

In my opinion the author has eminently succeeded in his object.

Sd. Ram Pratap Shastri,
VIDYANIDHI, VIDYABHUSHAN,
Senior Professor of Sanskrit
Govt. Morris College, Nagpur (C. P.)

प्रातःस्मरणीय प० ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने व्याकरण कौमुदी रच-कर छात्रों का बड़ा ही उपकार किया, पर साथ ही साथ उन के इस उपकार से कुछेक विद्यार्थियों का कुछ अपकार भी हो जाया करता है। ऊपर की कक्षाओं में व्याकरण-कौमुदी के सूत्रों का ज्ञान नितान्त निरर्थक हो जाता है और परिणाम यह होता है कि बहुतेरे छात्र व्याकरण-कौमुदी के सूत्रों को भुला पाणिनि के सूत्रों के उलझन में पड़ संस्कृत के अध्ययन से हताश हो जाते हैं। यदि आरम्भ काल ही में ये होनहार बालक पाणिनि के सूत्रों से कुछ परिचित हो जाते तो शायद उनको दुबारा परिश्रम ऊपर के वर्गों में नहीं करना पड़ता। बड़े हर्ष की बात है कि प० रामसुन्दर शर्म्मा जी ने छात्रों की इस असुविधा को बड़े ही सरल तरीके से हटा दिया है। बहुत से छात्र संस्कृत केवल मैट्रिक परीक्षा आसानी से पास कर लेने के विचार से ही पढ़ते हैं। उनके लिये तो व्याकरण-कौमुदी का अध्ययन ही श्रेयस्कर है। परन्तु जो छात्र ऊपर भी संस्कृत पढ़ना तथा प्रौढ़ता प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिये आरम्भ-

महर्षि पाणिनि के सूत्रों का अत्यन्त अभिप्राय है । हमारे
श्री ने व्याकरण कौमुदी का अनुवाद ऐसा अच्छा किया है
व्याकरण एवं प्रतिभाशाली सूत्र सब के सब आज उन्हें
इस प्रकार विस्तारपूर्वक इन सूत्रों के साथ ही श्री पाणिनि के
दिये गये हैं जिनसे सब किसी को लाभ पहुँचे । और भी, इनसे
अध्यापन कार्य में भी सुविधा होगी । जो शिक्षक अपने
व्याकरण सिखाने जाता है, उन्हें व्याकरण कौमुदी पढ़ाने
का ईश्वर पढ़ेगी परन्तु जो वैयाकरण हैं उन्हें महर्षि पाणिनि
करने को तैयार हो मिलेंगे ।

विशेषता इस पुस्तक की अभ्यासों की भरमार है, जहाँ
अभ्यास भरे पड़े हैं । शब्द रूपावली या धातु रूपावली जहाँ
लीजिये, वहीं वैसे वैसे शब्द तथा धातुओं की सभी विभक्
सम्बन्धी सहित लिखी मिलेगी । इसके सिवाय अन्यान्य
में भी किसी प्रकार की कमी नहीं जिससे छात्रों को अपने
सम्बन्धी ज्ञान को प्रयोग में देखने या लाने का अच्छा सुयोग
।

साथ इस संस्करण की एक और खूबी यह है कि श्रीमान्
इस के अन्त में धातु पाठ और शब्द-कोष भी जोड़ रखा है
र्थियों को अपने संस्कृत अध्ययन काल में अन्यान्य पुस्तकों
री न खटकने पाये ।
आशा ही नहीं, वरन् पूर्ण विश्वास है कि संस्कृत प्रेमी छात्र-
गण इस संस्करण को अपनाकर उक्त पण्डितजी के परिश्रम
रेंगे ।

साहित्याचार्य्य प० परमेश्वर प्रसाद शर्म्मा

एम. ए., बी. एल.

Senior Sanskrit Professor.

सूचीपत्र ।

प्रथम अध्याय ।

द्वितीय अध्याय ।

तृतीय अध्याय।

चतुर्थ अध्याय।

र्णय Alphabets.

वर्णा हैं; स्वर और व्यञ्जन। जिन वर्णों के
की सहायता नहीं लेनी पड़ती; उन्हें

वर्ण दो प्रकार के ों के उच्चारण करने में स्वर वर्णों की
उच्चारण में अन्य वर्णां उन्हें व्यञ्जनवर्ण कहते हैं *।
स्वर कहते हैं। जिन वर्ण र्ण—*Vowels.*
सहायता लेनी पड़ती है ॠ लृ ए ऐ ओ औ, ये १३ स्वरवर्ण

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

स। एओङ्। ऐऔच्। हयवरट्। ल
ञ्। घढधष्। जबगडदश्। खफ
* अइउण्। ऋलृक् चटतव्। कपय्। शषसर्। हल्।
ञमङणनम्। झभ न हैं। संज्ञा (प्रत्याहार) की गणना के
ठथचटतव्। कपय्। कों को छोड़ देते हैं। यथा, अण् से अ इ उ
ये १४ महादेव जी के सू ए ऐ औ (सब स्वर वर्णों) का तथा हल् से
य प्रत्येक सूत्र के हलन्त व ता है। ऐसे ही अक्, इक्, उक्, एङ्,
अण् से अ इ उ ऋ लृ ए ऐ , चर्, यम्, झल् इत्यादि प्रत्याहारों
ा व्यञ्जनवर्णों का बोध हो की गणना करनी चाहिये।
, अट्, शल्, यञ्, मन
न्त वर्णों को छोड़ कर

है। स्वरवर्ण दो प्रकार के हैं, ह्रस्व (Short) और दीर्घ (Long). अ इ उ ऋ ऌ, ये पाँच ह्रस्व स्वर हैं और आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ औ, ये आठ दीर्घ स्वर हैं। ऌ का दीर्घ नहीं होता।

व्यञ्जनवर्ण—Consonants.

क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह* (ं) (ः), ये ३३ व्यञ्जनवर्ण हैं।

(१) कादयोमावसानाः—क से म तक २५ वर्णों को स्पर्श वर्ण कहते हैं क्योंकि जिह्वा के अग्र, मध्य और मूल इत्यादि स्थानों को स्पर्श करने से इनका उच्चारण होता है। स्पर्श वर्ण पाँच भागों में विभक्त हैं; कवर्ग—क ख ग घ ङ, चवर्ग—च छ ज झ ञ, टवर्ग—ट ठ ड ढ ण, तवर्ग—त थ द ध न, पवर्ग—प फ ब भ म।

(२) यरलवा अन्तःस्थाः—स्पर्श और ऊष्मवर्णों के बीच में रहने से य र ल व को अन्तःस्थ वर्ण कहते हैं।

(३) शषसहा ऊष्माणः—श ष स ह, इनके उच्चारण में अधिक ऊष्मा (वायु) बाहर निकलती है, इसलिये इन्हें ऊष्म वर्ण कहते हैं।

(४) (ं) अनुस्वार और (ः) विसर्ग को अयोगवाह कहते हैं, क्योंकि म् और न् के स्थान में अनुस्वार तथा र् और स् के स्थान में विसर्ग होने के कारण पाणिनीय व्याकरण में इसका उल्लेख (योग) नहीं है तथापि प्रयोग में उसका कार्य्य (वहन) करता है।

वर्ग के प्रथम, द्वितीय वर्ण तथा श ष स को अघोषवर्ण

---

* क् और ष मिलकर क्ष होता है इसलिये यह संयुक्त वर्ण में गिना जाता है।

और वर्गों के तृतीय, चतुर्थ, पञ्चमवर्ण तथा य र ल व ह को घोषवर्ण कहते हैं। वर्गों के प्रथम, तृतीय और पञ्चम वर्णों को अल्पप्राण तथा द्वितीय और चतुर्थवर्णों को महाप्राण कहते हैं।

वर्णों का उच्चारण-स्थान।

१ अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः—अ आ क ख ग घ ङ ह और (:) विसर्ग का उच्चारण कण्ठ से होता है; इसलिये इन्हें कण्ठ्यवर्ण (Guttural) कहते हैं।

२ इचुयशानां तालु—इ ई च छ ज झ ञ य और श का उच्चारणस्थान तालु है; इसलिये इन्हें तालव्यवर्ण (Palatal) कहते हैं।

३ ऋटुरषाणां मूर्धा—ऋ ॠ ट ठ ड ढ ण र और ष का उच्चारणस्थान मूर्धा है; इसलिये इन्हें मूर्धन्य (Cerebral) कहते हैं।

४ लृतुलसानां दन्ताः—लृ त थ द ध न ल और स का उच्चारणस्थान दन्त है; इसलिये इन्हें दन्त्यवर्ण (Dental) कहते हैं।

५ उपूपध्मानीयानामोष्ठौ—उ ऊ प फ ब भ और म का उच्चारणस्थान ओष्ठ है; इसलिये इन्हें ओष्ठ्यवर्ण (Labial) कहते हैं।

६ एदैतोः कण्ठतालु—ए और ऐ के उच्चारणस्थान कण्ठ और तालु हैं; इसलिये इन्हें कण्ठतालव्य वर्ण (Palato-guttural) कहते हैं।

७ ओदौतोः कण्ठोष्ठम्—ओ और औ के उच्चारणस्थान कण्ठ और ओष्ठ हैं; इसलिये इन्हें कण्ठोष्ठ्यवर्ण (Labio-guttural) कहते हैं।

८ वकारस्य दन्तोष्ठम्—व के उच्चारणस्थान दन्त और ओष्ठ

है, इसलिये इन्हें संयुक्तस्वर (Diphthongs) कहते
९ अनुनासिक—(ँ) अनुस्वार और [illegible]
उच्चारित है, इसलिये इन्हें अनुनासिक (Nasal) वर्ण कहते
१० [illegible]
उच्चारण करते वायु इत्यादि के [illegible] अधिकतर होती है, इसलिये
इन्हें [illegible] (Nasal) वर्ण भी कहते हैं।
११ जिनमें जिन स्वर वर्णों के [illegible] रहता है [illegible]
उच्चारणस्थान जिनमें का भी [illegible] होता है।

परिभाषा।

१ प्रकृति—क्रियावाचक, वस्तुवाचक वा वस्तु के विशेष
वाचक शब्दों को प्रकृति (Radicals) कहते हैं। प्रकृति के
भेद हैं, धातु और प्रातिपदिक।

धातु—"भूवादयो धातवः"—जिन से क्रिया का बोध
होते धातु (Verbal roots) कहते हैं, यथा, भू, स्था, ग
दृश्, हन् इत्यादि।

प्रातिपदिक—"अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्"—जिन
वस्तु या वस्तु के विशेषण का बोध होता हो उसे प्रातिप
(Nominal bases) कहते हैं। वस्तुवाचक—चन्द्र, सूर्य, न
लता, जल, वायु, गृह इत्यादि। वस्तु का विशेषणवाचक—
स्थिर, चपल, नूतन, पुरातन, मधुर, सुन्दर इत्यादि।

२ प्रत्यय—धातु और प्रातिपदिक के परे जो लगाया जा
है उसे प्रत्यय कहते हैं। प्रत्यय पाँच प्रकार के होते हैं, विभक्ति
कृत्, तद्धित, स्त्री प्रत्यय और धात्ववयव।

विभक्ति—"विभक्तिश्च"—धातु के परे ति तः अन्ति इत्यादि
और प्रातिपदिक के परे सौ, औ, अः इत्यादि जो सब प्रत्यय हो

हैं उन्हें विभक्ति (Inflections) कहते हैं।

कृत्—धातु के परे तव्य, य, क्त्वा इत्यादि जो सब प्रत्यय होते हैं उन्हें कृत् (Verbal suffixes) कहते हैं।

तद्धित—प्रातिपदिक के परे अ इ य इत्यादि जो सब प्रत्यय होते हैं उन्हें तद्धित (Nominal suffixes) कहते हैं।

स्त्रीप्रत्यय—स्त्रीलिङ्ग में आ ई इत्यादि जो सब प्रत्यय होते हैं उन्हें स्त्रीप्रत्यय (Feminine suffixes) कहते हैं।

धात्ववयव—धातु के परे णिच्, सन् इत्यादि तथा प्रातिपदिक के परे य, काम्य इत्यादि जो सब प्रत्यय होते हैं उन्हें धात्ववयव (Parts of roots) कहते हैं।

३ पद—"सुप्तिङन्तं पदम्"—धातु और प्रातिपदिक विभक्तियुक्त होने से पद (Inflected words) कहलाते हैं।

४ आदेश—प्रकृति और प्रत्यय के रूपपरिवर्त्तन को आदेश कहते हैं। यथा, वृद्ध शब्द के स्थान में ज्य, स्था धातु के स्थान में तिष्ठ्, जस् विभक्ति के स्थान में अः इत्यादि।

५ गुण—"अदेङ् गुणः"—स्वर के गुण से यह समझा जाता है कि इ ई के स्थान में ए, उ ऊ के स्थान में ओ, ऋ ॠ के स्थान में अर्, ऌ के स्थान में अल् होता है।

६ वृद्धि—"वृद्धिरादैच्"—स्वर की वृद्धि कहने से यह समझा जाता है कि अ के स्थान में आ, इ ई के स्थान में ऐ, उ ऊ के स्थान में औ, और ऋ ॠ के स्थान में आर् होता है।

७ लघु व गुरु—"ह्रस्वं लघुः संयोगे गुरुः, दीर्घञ्च"—ह्रस्व स्वर को लघु और दीर्घ स्वर को गुरु कहते हैं। संयुक्त वर्ण के पूर्व ह्रस्व स्वर को भी गुरु कहते हैं।

८ उपसर्ग—"उपसर्गाः क्रियायोगे"—क्रिया के साथ योग होने से प्र, अप, अव, उप, आ, परा, नि, वि, परि, प्रति, अति, अधि,

अपि, अभि, सु, अनु, उत् (उद्), सम्, निर्, दुर्, इन २० श
को उपसर्ग (Prepositional prefixes) कहते हैं।

९ सवर्ण—"तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्"—समान स्थान
प्रयत्न द्वारा उच्चारण किये हुए वर्णों की सवर्ण संज्ञा होती
यथा, अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ इत्यादि। पर एक स्थान
उच्चारण किये जाने के कारण स्वरवर्ण और व्यञ्जनवर्ण
सवर्णता नहीं होती। स्वरवर्ण की स्वरवर्ण के साथ और
ञ्जनवर्ण की व्यञ्जनवर्ण के साथ सवर्णता होती है।

१० टि—"अचोऽन्त्यादि टि"—शब्द के अन्त्य स्वर से
आगे के वर्णों की टि संज्ञा होती है।

११ उपधा—शब्द के अन्त्य वर्ण के पूर्व वर्ण को
कहते हैं।

सन्धि-प्रकरण।

दो वर्ण परस्पर निकट होने से मिल जाते हैं। इसी
को या मेल से जो विकार होता है उसे सन्धि कहते हैं। स
के ३ भेद हैं।

(१) स्वरसन्धि—स्वरवर्ण के साथ स्वरवर्ण की जो स
होती है उसे स्वरसन्धि कहते हैं।

(२) व्यञ्जनसन्धि—व्यञ्जनवर्ण के साथ स्वरवर्ण या व्य
वर्ण की जो सन्धि होती है उसे व्यञ्जनसन्धि कहते हैं।

(३) विसर्गसन्धि—विसर्ग के साथ स्वरवर्ण या व्यञ्जनव
की जो सन्धि होती है उसे विसर्गसन्धि कहते हैं।

स्वरसन्धि।

(१) अकः सवर्णे दीर्घः—दो सवर्ण (समान स्वर ह्रस्व
दीर्घ) इकट्ठे होने से दोनों मिलकर दीर्घ हो जाते हैं। यथ

(१) शश + अङ्कः = शशाङ्कः, कुश + आसनम् = कुशासनम्,
। + अर्णवः = दयार्णवः, विद्या + आलयः = विद्यालयः।
गिरि + इन्द्रः = गिरीन्द्रः, क्षिति + ईशः = क्षितीशः,
ती + इच्छा = महतीच्छा, पृथ्वी + ईश्वरः = पृथ्वीश्वरः।
विधु + उदयः = विधूदयः, लघु + ऊर्म्मिः = लघूर्म्मिः,
म्भू + उदयः = स्वयम्भूदयः, भू + ऊर्द्ध्वम् = भूर्द्ध्वम्
पितृ + ऋणम् = पितृणम्। भ्रातृ + ऋद्धिः = भ्रातृद्धिः।

शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यं। तच्च टेः—शकन्धु इत्य
ररूप आदेश होता है। पूर्व्व शब्द में टि का लोप होता है।
अन्धुः=शकन्धुः, कर्क + अन्धुः = कर्कन्धुः, मनस् + ईषा =
ईषा = हलीषा, लाङ्गल + ईषा = लाङ्गलीषा, कुल + अटाः
+ अञ्जलिः = पतञ्जलिः, सार + अङ्गः = सारङ्गः, सी
= सीमन्तः, मार्त्त + अण्डः = मार्त्तण्डः।

२) आद्गुणः—यदि ह्रस्व या दीर्घ अ के परे ह्रस्व य
ऋ आवे तो अ इ मिल कर ए, अ उ मिल कर ओ
लकर अर् हो जाते हैं। यथा, (१) देव + इन्द्रः = दे
+ ईशः = गणेशः, महा + इन्द्रः = महेन्द्रः, रमा +
। (२) नील + उत्पलम् = नीलोत्पलम्, एक+ऊन
नैकविंशतिः, गङ्गा + उदकम् = गङ्गोदकम्, महा +
र्म्मिः। (३) देव + ऋषिः=देवर्षिः, हिम + ऋतुः=
+ ऋषिः = महर्षिः, देवता + ऋषभः = देवतर्षभः।

N. B. १ स्वादीरेरिणोः—स्व के परे ईर और ईरि
द्ध होती है। यथा, स्व + ईरः = स्वैरः। स्व +
णी। स्वैरं, स्वैरी।

अक्षादूहिन्यामुपसंख्यानम्—अक्ष के परे ऊहिनी

दोनों मिल कर औ (वृद्धि) होता है। यथा, अक्ष + ऊहिनी = अक्षौहिणी।

३ प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु—प्र के परे ऊह, ऊढ, ऊढि रहे तो दोनों मिलकर औ (वृद्धि) होता है और एष या एष्य परे रहने से ऐ होता है। यथा, प्र + ऊहः = प्रौहः, प्र + ऊढः = प्रौढः, प्र + ऊढि = प्रौढिः, प्र + एषः = प्रैषः, प्र + एष्यः = प्रैष्यः।

४ प्रवत्सरकम्बलवसनार्णदशानामृणे—प्र, वत्सर, कम्बल, वसन ऋण और दश के परे ऋण शब्द हो तो अ और ऋ मिल कर आर् होता है। यथा, प्र + ऋणम् = प्रार्णम्, वत्सर + ऋणम् = वत्सरार्णम्, कम्बल + ऋणम् = कम्बलार्णम् इत्यादि।

५ ऋते च तृतीयासमासे—अकार या आकार के परे ऋत शब्द के ऋ रहने से तृतीया तत्पुरुष समास होने पर दोनों मिल कर आर् होता है। यथा, शीत+ऋतः = शीतार्त्तः। पर तृतीय समास भिन्न—परम + ऋतः = परमर्त्तः।

६ उपसर्गादृति धातौ—यदि उपसर्ग के अ या आ के परे धातु की ऋ हो तो दोनों मिल कर आर् (वृद्धि) होता है। यथा, अप + ऋच्छति = अपार्च्छति।

(३) वृद्धिरेचि—ह्रस्व या दीर्घ अ के परे ए, ऐ, ओ, औ आवे तो अ ए या अ ऐ मिलकर ऐ तथा अ ओ या अ औ मिलकर औ हो जाते हैं। यथा, (१) एक + एकम् = एकैकम्, मत + ऐक्यम् = मतैक्यम्, सदा + एव = सदैव, महा + ऐरावतः = महैरावतः। (२) जल + ओघः = जलौघः, चित्त + औदार्य्यम् = चित्तौदार्य्यम्, महा + ओषधिः = महौषधिः, महा + औदार्य्यम् = महौदार्य्यम्।

१ ओत्वोष्ठयोः समासे वा—अकार या आकार के परे ओतु या ओष्ठ हो और समास हो तो अकार या आकार का

विकल्प से लोप होता है। यथा, स्थूल + ओतुः = स्थूलोतुः, स्थूलौतुः (मोटी बिल्ली); बिम्ब+ओष्ठः=बिम्बोष्ठः, बिम्बौष्ठः। समास नहीं होने से नहीं होता। यथा, तव + ओष्ठः = तवौष्ठः।

२ एङि पररूपम्—उपसर्ग के अकार या आकार के परे (एध् और इ भिन्न) धातु का ए या ओ रहे तो अ या आ का लोप होता है अर्थात् पररूप एकादेश होता है। यथा, प्र + एजयति = प्रेजयति, उप + ओषति = उपोषति। पर उप + एधते = उपैधते, अव + एति = अवैति। (एत्येधत्यूठ्सु)।

३ एवे चानियोगे—अकार के परे एव हो और अनियोग अर्थ हो तो दोनों मिल कर ए होता है। यथा, अद्य + एव = अद्येव। नियोग अर्थ में—अद्यैव गच्छ।

४ ओमाङोश्च—अकार के परे ओम् या आङ् (उपसर्ग) रहे तो अ का लोप होता है। यथा, शिव + एहि (आ + इहि) = शिवेहि, शिवाय + ओम् नमः = शिवायोन्नमः।

(४) इको यणचि—ह्रस्व या दीर्घ इ उ और ऋ के परे कोई भिन्न स्वर (इ के परे इ ई को छोड़ कर दूसरा कोई स्वर तथा उ के परे उ ऊ को और ऋ के परे ऋ को छोड़ कर दूसरा कोई स्वर) आवे तो इ का य्, उ का व् और ऋ का र् हो जाता है। यथा, (१) यदि + अपि = यद्यपि, अभि + उदयः = अभ्युदयः, नदी + अम्बु = नद्यम्बु, देवी + आगता = देव्यागता। (२) अनु + अयः = अन्वयः, सु + आगतम् = स्वागतम्, अनु + एषणम् = अन्वेषणम्, सरयू + अम्बु = सरय्वम्बु, वधू + ऐश्वर्य्यम् = वध्वैश्वर्य्यम्। (३) पितृ + अनुमतिः = पित्रनुमतिः, पितृ + इच्छा = पित्रिच्छा।

(५) एचोऽयवायावः—स्वर वर्ण परे रहने से ए ऐ ओ औ के स्थान में क्रम से अय्, आय्, अव्, आव् हो जाते हैं। यथा,

(१) शे + अनम् = शयनम् , नै + अनम् = नायनम् । (२
चिनै + अकः = चिनायकः, सञ्जै + अकः = सञ्जायकः । (३
भो + अनम् = भवनम् , पो + अनः = पवनः । (४) पौ + अक
= पावकः, भौ + उकः = भावुकः ।

१ लोपःशाकल्यस्य-पदान्त ए ओ ऐ औ के स्थान में होने वा
अय् , अव् , आय् , आव् , के य् और व् का विकल्प से लोप हो
है । यथा, सखे + आगच्छ = सख आगच्छ, सखयागच्छ; तै
एकदा = त एकदा, तयेकदा । प्रभो + आगच्छ = प्रभ आगच्
प्रभवागच्छ; प्रभो + एहि = प्रभ एहि, प्रभवेहि । श्रियै + अर्थ
= श्रिया अर्थः. श्रियायर्थः । तौ + ईश्वरी = ता ईश्वरी, ताव
श्वरी; विष्णौ + उदिते = विष्णा उदिते, विष्णावुदिते ।

२ वान्तो यि प्रत्यये—ओ और औ से परे ऐसा प्रत्यय आ
जिस के आदि में य हो तो क्रम से अव् और आव् हो जाता है
यथा, गो + यम् = गव्यम् (milk); नौ + यम् = नाव्यम् ।

मार्ग परिमाण बोध होने से गो + यूतिः = गव्यूतिः (
कोश) होता है, अन्यत्र गोयूतिः (बैलों का एक जोड़ा) ।

गोरवङ् स्फोटायनस्य—स्वर वर्ण परे हो तो 'गो' पद के ओ
विकल्प से अव् होता है । यथा, गो + ईशः = गवेशः, गवीशः
पर इन्द्र और अक्ष शब्द परे होने से नित्य अव् होता है । यथ
गो + इन्द्रः = गवेन्द्रः, गो + अक्षः = गवाक्षः (window) ।

३ एङः पदान्तादति—पदान्त ए या ओ के परे अ आवे तो
का लोप हो जाता है और अ के स्थान में एक ऽ ऐसा चि
रहता है । यथा, सखे + अर्पय = सखेऽर्पय, प्रभो + अनुगृहाण
प्रभोऽनुगृहाण ।

(६) निम्न लिखित पदों में सन्धि नहीं होती—

(क) निपात एकाजनाङ्—ओकारान्त तथा एक स्वर वा

अव्यय के साथ उसके परे रहने वाले स्वरों की सन्धि नहीं होती। यथा, अहो + अच्युत = अहो अच्युत, आ + एवम् = आ एवम्।

पर सीमा, व्याप्ति या ईषदर्थ बोध होने से या क्रिया के साथ योग होने से आ अव्यय की सन्धि होती है। यथा, सीमा-आ + अध्ययनात् = आध्ययनात्। व्याप्ति—आ + एकदेशात = ऐकदेशात्। ईषदर्थ—आ + आलोचितम् = आलोचितम्। क्रिया-योगे—आ + इहि = एहि।

(ख) प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्। ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्— प्लुत स्वर तथा द्विवचनान्त ई ऊ और ए के परे कोई स्वर आवे तो सन्धि नहीं होती। यथा, एहि कृष्ण ३, अत्र गौश्चरति, कवी + इमौ = कवी इमौ, साधू + इमौ = साधू इमौ, विधे + इमे = विधे इमे।

(ग) अदसोमात्—अदस् शब्द के ईकारान्त और ऊकारान्त पदों की सन्धि नहीं होती। यथा, अमी+अश्वाः=अमी+अश्वाः, अमू + अर्भकौ = अमू अर्भकौ।

अतिरिक्त।

पर + अक्षः = परोक्षः, अन्य + अन्यम् = अन्योन्यम्, किमु + उक्तम् = किम्वुक्तम्, किमु उक्तम्; सप्त + ऋषीणाम् = सप्तर्षीणाम्, सप्त ऋषीणाम्; चक्री + अत्र = चक्रिअत्र, चक्र्यत्र; गो + अग्रम् = गोऽग्रम्, गो अग्रम्, गवाग्रम्।

Exercise 1

1. Join the following words:—अत्र + आसीत्, श्री + ईशः, भानु + उदय., साधु + ऊचुः, कर्तृ + ऋजुः, उप + इन्द्रः, हित + उपदेशः, महा + ऋषिः, प्र + ऋच्छति, सा + एव, प्र + एजते, उप + एति, बिम्ब + ओष्ठ, मनस् + ईषा, इति + आह, कृष्ण + ऋणानाम्, विष्णो + ए, गो +

[illegible]

[illegible] अनुग्रह, मञ्जरी [illegible]

3. Correct [illegible]

व्यञ्जन सन्धि ।

(१) स्तो श्चुनाश्चुः—सकार या तवर्ग के साथ शकार या चवर्ग के योग होने से स् का श् और तवर्ग का चवर्ग हो जाता है (तवर्ग के परे चवर्ग या चवर्ग के परे तवर्ग रहने से अथवा चवर्ग के परे स् रहने से तवर्ग का चवर्ग हो जाता है, पर शकार के परे तवर्ग का चवर्ग नहीं होता) ।

१-त् और द् के स्थान में च् छ् परे रहने से च् और ज् भ् परे रहने से ज् होता है। यथा, महत् + चक्रम् = महच्चक्रम्, तद् + छविः = तच्छविः, उत् + ज्वलः = उज्ज्वलः तद् + झङ्कारः = तज्झङ्कारः।

२—ज या झ परे रहने से न् के स्थान ञ् होता है। यथा, महान् + जयः + महाञ्जयः, गच्छन् + झटिति = गच्छञ्झटिति।

३—पदान्त त् या द् के परे श् हो तो त् द् के स्थान में च् और श् के स्थान में छ् होता है। यथा, जगत् + शरण्यः = जगच्छरण्यः, तद् + शरीरम् तच्छरीरम्।

N. B. १. श् च युक्त हो तो ऐसा नहीं होता । यथा, उत्+श्च्योतति = उत्श्च्योतति ।

२ शश्छोऽटि—पदान्त त् या द् के परे श हो तो वैयाकरण लोग दोनों ही पद सिद्ध करते हैं। यथा, महत् + शकटम् = महच्छकटम्, महच्शकटम्, तद्+शरीरम्=तच्छरीरम्, तच् शरीरम्।

३ झयो होऽन्यतरस्याम्—पदान्त त् या द् के परे ह् हो तो त् के स्थान में द् और ह् के स्थान में ध् होता है। यथा, उत्+हतः= उद्धतः, विपद् + हेतुः = विपद्धेतुः। पर ऐसे स्थान में वैयाकरण लोग दो पद भी सिद्ध करते हैं। यथा, उत् + हरणम् = उद्धरणम्, उद्हरणम्, तद् + हेयम = तद्धेयम्, तद्हेयम् ।

सानुनासिक वर्ण को छोड़ कर वर्ग के किसी वर्ण से परे ह हो तो उस वर्ण के स्थान में निजवर्ग का तृतीय वर्ण और ह् के स्थान में विकल्प से उसी वर्ग का चतुर्थ वर्ण हो जाता है। यथा, वाक् + हरिः = वाग्घरिः वाग् हरिः ।

४ पदान्त न् से परे श् हो तो न् का ञ् और श् का विकल्प से छ् होता है। यथा, महान् + शब्दः = महाञ्छब्दः महाञ् शब्दः ।

५ चवर्ग के परे न् हो तो न के स्थान में ञ् होता है। यथा, याच् + ना = याच्ञा, यज् + नः = यज्ञः ।

(२) ष्टुना ष्टुः—स् या तवर्ग के साथ ष् या टवर्ग का योग होने से स् के स्थान में ष् और तवर्ग के स्थान टवर्ग होता है।

१—त् और द् के स्थान में ट् ड् पर रहने से ट् तथा ड् ढ् परे रहने से ड् होता है। यथा, तद् + टीका = तट्टीका, एतद् + ठक्कुरः = एतट्ठक्कुरः, उत् + डीनः = उड्डीनः, एतद् + ढक्का = एतड्ढक्का ।

२—ड् या द् के परे रहने से न् के स्थान में ण् होता है।

यथा, महान् + डामरः = महाण्डामरः, भवान् + ढुण्ढति भवाण्ढुण्ढति।

३—ष् के परे त् के स्थान में ट् और थ् के स्थान में ठ् हो है। यथा, आकृष् + तः = आकृष्टः, षष् + थः = षष्ठः।

(३) तोर्लि—ल् परे रहने से त् द् (तवर्ग) के स्थान में और न् के स्थान में अनुस्वार सहित ल् होता है। यथ बृहत् + ललाटम् = बृहल्ललाटम्, पतद् + लीलोद्यानम् = पतल् लीलोद्यानम्, महान् + लाभः = महाँल्लाभः।

(४) ङमोह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम्—यदि पदान्त न् के पूर्व ह्रस्व स्वर और परे कोई स्वर हो तो न् का द्वित्व हो जात है। यथा, धावन् + अश्वः = धावन्नश्वः, हसन् + आगतः हसन्नागतः। दीर्घ स्वर के परे नहीं होता। यथा, महान् आग्रहः = महानाग्रहः।

(५) नश्छव्यप्रशान्— पदान्त न् के स्थान में च् छ् परे रह से अनुस्वार और श्, ट्, ठ् परे रहने से अनुस्वार और तथा त् थ् परे रहने से अनुस्वार और स् होते हैं। यथा, पश्यन् + चकितः = पश्यंश्चकितः, चलन् + टिट्टिभिः = चलं- ष्टिट्टिभिः, पतन् + तरुः = पतंस्तरुः।

(६) नश्चापदान्तस्य झलि—वर्गीय वर्ण परे रहने से पद के मध्य में रहने वाले न् और म् के स्थान में उसी वर्ग का पञ्चम वर्ण हो जाता है और ऊष्मवर्ण रहने से अनुस्वार होता है। यथा, आशन् + का = आशंका, गम् + ता = गन्ता, दन् + शनम् = दंशनम्, रम् + स्यते = रंस्यते। पर सम् + राट् = सम्राट् होता है।

(७) मोऽनुस्वारः—अन्तःस्थ या ऊष्मवर्ण परे रहने से पदान्त म् का अनुस्वार तथा स्पर्शवर्ण परे रहने से अनुस्वार या म् के

तो वर्ग रहे उसी का पञ्चम वर्ण होता है। यथा, सत्वरम्
ावति = सत्वरं धावति, सत्वरन्धावति; सम् + शयः
शयः, धनम् + ददाति = धनं ददाति, धनन्ददाति।

(क) यदि म् के परे य् व् ल् हो तो म् का अनुस्वार सहित
ल् हो जाता है।

(८) छे च—ह्रस्व स्वर से परे छ् हो तो उसे च् सहित छ्
ाता है और दीर्घ स्वर से परे हो तो विकल्प से होता है;
ा या मा के परे अवश्य च्छ होता है। यथा, परि + छदः=
छदः, वृक्ष+छाया=वृक्षच्छाया, आ+छादयति=आच्छादयति,
छिद्रत् = माच्छिद्रत्, लक्ष्मी + छाया = लक्ष्मीच्छाया,
छाया।

(९) उदः स्थास्तम्भोः पूर्वस्य—उत् उपसर्ग के परे स्था और
धातु के स् का लोप होता है। यथा, उत् + स्थानम् =
ाम्, उत् + स्तम्भनम् = उत्तम्भनम्।

(१०) झलांजशोऽन्ते—स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय या चतुर्थ
र य् र् ल् व् ह् परे रहने से असानुनासिक वर्गीय वर्णों
ान में निज वर्ग का तृतीय वर्ण हो जाता है। यथा, दिक्
ः = दिगन्तः, वाक् + जालम् = वाग्जालम्, दिक् +
= दिग्हस्ती (१-३ का N. B ३ देखो), अच् + अन्तः =
, सम्राट् + आगतः = सम्राडागतः, जगत् + आदिः =
दिः, अप् + जम् = अब्जम्।

(११) खरि च—वर्ग का प्रथम, द्वितीय वर्ण या श् ष् स् परे
असानुनासिक वर्गीय वर्णों के स्थान में निज वर्ग का
ार्ण हो जाता है। यथा, ककुभ् + प्रान्तः = ककुप्प्रान्तः,
पतति = दृषत्पतति।

(१२) यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा — न् या म् परे रहने से

पदान्त वर्गीय प्रथमवर्णों के स्थान में उस वर्ग का विकल्प से पञ्चम वर्ण हो जाता है। यथा, दिक् + नागः = दिङ्नागः, दिग्नागः; जगत् + नाथः = जगन्नाथः, जगद्नाथः; मधुलिट् + मत्तः = मधुलिण्मत्तः, मधुलिड्मत्तः, [illegible] + [illegible] = [illegible], [illegible], अप् + मानम् = अम्मानम्, अब्मानम्।

(ख) अनाम्नवतिनगरीणामिति वाच्यम्—नाम (अकारान्त शब्द) नवति और नगरी परे रहने से ट का पञ्चम वर्ण होता है। यथा, षट् + नवति = षण्णवति।

(ग) प्रत्यये भाषायां नित्यम्—मात्र या मय के म् परे रहने से केवल पञ्चमवर्ण होता है। यथा, वाक् + मात्रम् = वाङ्मात्रम्, चित् + मयम् = चिन्मयम्।

(१३) अचो रहाभ्यां द्वे—र् या ह् के परे ऊष्मवर्णों को छोड़ अन्य व्यञ्जन वर्णों का विकल्प से द्वित्व होता है। यथा, कर्म, कर्म्म; सर्व्वम् सर्वम्। पर दर्शनम्, मर्षः। द्वित्व होने से प्रारम्भ वाले द्वितीय और चतुर्थवर्णों का क्रम से प्रथम और तृतीयवर्ण हो जाता है। यथा, मूर्द्धा, मूर्धा।

(१४) ङ्णोः कुक् टुक् शरि—श् ष् स् परे रहने से ङ् या ण् के परे विकल्प से यथाक्रम क् या ट् का आगम होता है। यथा, प्राङ् + षष्ठः = प्राङ्षष्ठः, प्राङ्क्षष्ठः, सुगण् + षष्ठः = सुगण्षष्ठः सुगण्ट्षष्ठः।

(१५) समः सुटि—कृ या कॄ धातु से बने हुए शब्द के परे रहने से सम् के म् का अनुस्वार और स् होता है। यथा, सम् + कृतः = संस्कृतः, सम् + कर्त्ता = संस्कर्त्ता।

(१६) पुमः खय्यम्परे—वर्ग के प्रथम और द्वितीय वर्ण के परे रहने से पुम् के म् का अनुस्वार और श् या स् होता है। यथा, पुम् + कोकिलः = पुंस्कोकिलः, पुम् + चकोरः = पुंश्चकोरः।

(१७) मनस् और काम शब्द परे रहने से तुम् प्रत्यय के म् का लोप होता है। यथा, गन्तुम् + मनाः = गन्तुमनाः, कर्त्तुम् + कामः = कर्त्तुकामः।

१८ ससजुषो रुः। खरवसानयोर्विसर्जनीयः— पद के अन्त में रहने से और क् ख् प् फ् श् ष् स् परे रहने से स् और र् के स्थान में विसर्ग होता है। यथा, प्रातर्-प्रातः, बहिस् बहिः।

Exercise—2

1. Join.— हरिः + शेते, तत् + टीका, एतद् + मुरारिः, वाक् + मयम्, उत् + स्थानम्, तद् + शिवः, गृहम् + गच्छति, उत् + स्थितिः, तद् + मात्रम्, जगत् + नाथः, विपत् + कालः, सम्यक् + वदति, लक्ष्मी + छाया, महान् + छेदः, हसन् + आगतः, उत्सृप् + सः।

2. Disjoin.— विपच्चयः, भवाञ्जीवतु, राज्ञी, भिषग्घृष्टः, विपद्धेतुः, महच्छकटम्, हसंश्चलति, स्मरन्नुवाच, सन्नीरम्, भवदुक्तम्, दिग्गजः।

3. Correct:— वाग्मयम्, विपद्काले, धैर्य्यमवलम्बस्व। अत्र सम्राडागतः। मेघः सूर्य्यमाच्छादयति। हसंश्चलति युवानौ। कवीनाहूय। व्यापारे महाल्लाभो भवति। तस्य वाकाडम्बरोऽयम्।

विसर्गसन्धि।

(१) स्तोः श्चुना श्चुः। ष्टुना ष्टुः। विसर्जनीयस्य सः:— विसर्ग के स्थान में च छ् परे रहने से श्, ट ठ् परे रहने से ष् और त् थ् परे रहने से स् होता है। यथा, पूर्णः + चन्द्रः = पूर्णश्चन्द्रः, तरोः + छाया = तरोश्छाया, भीतः + टलति = भीतष्टलति, नद्याः + तीरम् = नद्यास्तीरम्, क्षिप्तः + थुत्कारः = क्षिप्तस्थुत्कारः।

(२) वा शरि — श् ष् स् परे रहने से विसर्ग के स्थान में विकल्प से क्रमानुसार श् ष् स् होते हैं। यथा, सुप्तः + शिशुः =

सुप्तशिशुः, सुप्तः शिशुः; मत्तः + षट्पदः = मत्तष्षट्पदः, मत्तःषट्पदः; प्रथमः + सर्गः = प्रथमस्सर्गः, प्रथमः सर्गः ।

(३) ससजुषोरुः । अतोरोरप्लुतादप्लुते । हशि च— यदि विसर्ग के पहले अ और परे अ, वर्ग का तृतीय चतुर्थ या पञ्चम वर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् हो तो अ और विसर्ग के स्थान में ओ हो जाता है। यथा, नरः + अयम् = नरोऽयम्, वेदः + अधीतः = वेदोऽधीतः, शोभनः + गन्धः = शोभनो गन्धः, नूतनः + घटः = नूतनो घटः, शान्तः + रोषः = शान्तो रोषः, हृतः + लोभः = हृतो लोभः, शीतः + वायुः = शीतो वायुः, रामः + हस्तः = रामो हस्तः ।

(४) भो भगो अघो अपूर्वस्य योऽशि— १ यदि विसर्ग के पहले अ और परे अ को छोड़ कोई स्वर हो तो विसर्ग का लोप होता है। यथा, कुतः + आगतः = कुत आगतः, नरः + इव = नर इव, देवः + ऋषिः = देव ऋषिः । विसर्ग के स्थान में पक्षान्तर में य् भी होता है। यथा, कुतः + आयातः = कुतयायातः ।

विसर्ग र—जात (र से उत्पन्न) होने से न तो उसका लोप होता है और न पूर्वस्थित अ के साथ मिल कर ओ होता है । यथा, पुनः + अपि = पुनरपि, प्रातः + एव = प्रातरेव, अन्तः + धानम् = अन्तर्धानम्, स्वः + गतः = स्वर्गतः, दुहितः + याहि = दुहितर्याहि ।

पुनः, प्रातः, अन्तः, स्वः, प्रभृति पदों का या ऋकारान्त शब्दों के सम्बोधन एकवचन का विसर्ग र-जात विसर्ग है ।

२ विसर्ग के पहले आ और परे स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय चतुर्थ पञ्चमवर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् होवे तो विसर्ग का लोप होता है । यथा, अश्वाः + अमी = अश्वा अमी, हताः + गजाः = हता गजाः ।

ः + धावन्ति = अश्वा धावन्ति, उन्नताः + नगाः = उन्नता, नराः + लभन्ते = नरा लभन्ते, वाताः + वान्ति = वान्ति, बालकाः + हसन्ति = बालका हसन्ति। स्वरवर्ण होने पर पक्षान्तर में विसर्ग के स्थान में य् होता है। यथा, + इमे = गजा इमे, गजायिमे।

N. B. विसर्ग के लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती।

(५) ससजुषो रुः—यदि विसर्ग के पहले अ आ को छोड़ कर कोई स्वर हो और विसर्ग के परे स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय या पञ्चम वर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् होवे तो विसर्ग के में र् होता है। यथा, कविः + अयम् = कविरयम्, रविः + = रविरुदेति, निः + धनः = निर्धनः, वायुः + वाति = ति, शिशुः + हसति = शिशुर्हसति।

) ढ्रलोपे पूर्व्वस्य दीर्घोऽणः—र् परे रहने से विसर्ग के स्थान र् होता है उसका लोप होता है और पूर्व्व स्वर का दीर्घ है। यथा, पितः + रक्ष = पिता रक्ष, निः + रसः = :, निः + रोगः = नीरोगः, विधुः + राजते = विधू राजते।

) एतत्तदोःसुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि—सः और एषः के परे छोड़ कर अन्य किसी वर्ण के रहने से विसर्ग का लोप है और लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती। यथा, सः+ = स आगतः, सः + गच्छति=स गच्छति, एषः+आयाति आयाति। 'क' प्रत्यय तथा नञ् युक्त होने से यह नियम गता। यथा, एषको रुद्रः, असः—असो याति।

) भो भगो अघो अपूर्व्वस्य योऽशि—स्वरवर्ण, वर्ग का चतुर्थ पञ्चम वर्ण या य् र् ल् व् ह् परे रहने से भोः के का लोप होता है। लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती। भोः + ईशान = भो ईशान, भोः + गदाधर=भो गदाधर।

[illegible], [illegible] + [illegible] = [illegible] [illegible] + [illegible] = [illegible], [illegible] ।

(३) [illegible] — यदि विसर्ग के पहले अ और परे अ, वर्ग का तृतीय चतुर्थ या पञ्चम वर्ण अथवा य र ल व ह हो तो अ और विसर्ग के स्थान में ओ हो जाता है। यथा, भटः + अयम = भटोऽयम, मेघः + गर्जति = मेघोगर्जति, मोहनः + गच्छः = मोहनो गच्छः, नृपः + गतः = नृपो गतः, बालकः + वेला = बालको वेला, नृपः + मोदः = नृपो मोदः, शीतः + वायुः = शीतो वायुः, रामः + हसति = रामो हसति ।

(४) भो भगो अघो अपूर्वस्य योऽशि — यदि विसर्ग के पहले अ और परे अ को छोड़ कोई स्वर हो तो विसर्ग का लोप होता है। यथा, पुत्रः + आगतः = पुत्र आगतः, नरः + इव = नर इव, देवः + ऋषिः = देव ऋषिः। विसर्ग के स्थान में पक्षान्तर में य् भी होता है। यथा, पुत्रः + आयातः = पुत्रयायातः ।

विसर्ग र—जात (र से उत्पन्न) होने से र को उसका लोप होता है और र पूर्वस्थित अ के साथ मिल कर ओ होता है। यथा, पुनः + अपि = पुनरपि, प्रातः + एव = प्रातरेव, अन्तः + धानम् = अन्तर्धानम्, स्वः + गतः = स्वर्गतः, दुहितः + याहि = दुहितर्याहि ।

पुनः, प्रातः, अन्तः, स्वः, प्रभृति पदों का या ऋकारान्त शब्दों के सम्बोधन एकवचन का विसर्ग र-जात विसर्ग है।

२ विसर्ग के पहले आ और परे स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय चतुर्थ पञ्चमवर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् होवे तो विसर्ग का लोप होता है। यथा, अश्वाः + अमी = अश्वा अमी, हताः + गजाः = हता गजाः,

अश्वाः + धावन्ति = अश्वा धावन्ति, उन्नताः + नगाः = उन्नता नगाः, नराः + लभन्ते = नरा लभन्ते, वाताः + वान्ति = वाता वान्ति, बालकाः + हसन्ति = बालका हसन्ति। स्वरवर्ण परे होने पर पक्षान्तर में विसर्ग के स्थान में य् होता है। यथा, गजाः + इमे = गजा इमे, गजायिमे।

N. B. विसर्ग के लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती।

(५) ससजुषो रुः—यदि विसर्ग के पहले अ आ को छोड़ कर दूसरा कोई स्वर हो और विसर्ग के परे स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय चतुर्थ या पञ्चम वर्ण अथवा य् र् ल् व् ह् होवे तो विसर्ग के स्थान में र् होता है। यथा, कविः + अयम् = कविरयम्, रविः + उदेति = रविरुदेति, निः + धनः = निर्धनः, वायुः + वाति = वायुर्वाति, शिशुः + हसति = शिशुर्हसति।

(६) रूलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः—र् परे रहने से विसर्ग के स्थान में जो र् होता है उसका लोप होता है और पूर्व स्वर का दीर्घ होता है। यथा, पितः + रक्ष = पिता रक्ष, निः + रसः = नीरसः, निः + रोगः = नीरोगः, विधुः + राजते = विधू राजते।

(७) एतत्तदोःसुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि—सः और एषः के परे अ को छोड़ कर अन्य किसी वर्ण के रहने से विसर्ग का लोप होता है और लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती। यथा, सः + आगतः = स आगतः, सः + गच्छति = स गच्छति, एषः + आयाति = एष आयाति। 'क' प्रत्यय तथा नञ् युक्त होने से यह नियम नहीं लगता। यथा, एषको रुद्रः, असः—असो याति।

(८) भो भगो अघो अपूर्वस्य योऽशि—स्वरवर्ण, वर्ग का तृतीय चतुर्थ पञ्चम वर्ण या य् र् ल् व् ह् परे रहने से भोः के विसर्ग का लोप होता है। लोप होने पर फिर सन्धि नहीं होती। यथा, भोः + ईशान = भो ईशान, भोः + गदाधर = भो गदाधर।

स्वरवर्ण परे रहने से पक्षान्तर में विसर्ग का य् होता है। यथा, भोयीशान।

(९) सोऽपदादौ—क् ख् प् फ् परे रहने से निः, आविः, बहिः दुः, प्रादुः और चतुः के विसर्ग का ष् होता है। यथा, निः + कामः=निष्कामः, निः + खेदः = निष्खेदः, निः + पापः=निष्पापः, निः + फलः = निष्फलः, आविः + कृतम् = आविष्कृतम्, बहिः + कृतम् = बहिष्कृतम्, दुः + करम् = दुष्करम्, प्रादुः + कृतम् = प्रादुष्कृतम्, चतुः + कोणम् = चतुष्कोणम्।

(१०) इसुसोः सामर्थ्ये—क् ख् प् फ् परे रहने से हविः, सर्पिः, बहिः, अर्चिः, रोचिः, शोचिः, आयुः, धनुः, चक्षुः, वपुः और यजुः इत्यादि के विसर्ग का विकल्प से ष् होता है। यथा, हविः+पतति = हविष्पतति, हविः पतति; सर्पिः + पिबति = सर्पिष्पिबति सर्पिः पिबति। पर भ्रातुः + पुत्रः का भ्रातुष्पुत्रः होता है।

(११) ह्रस्वात्तादौ तद्धिते—तकारादि तद्धित प्रत्यय परे रहने से ह्रस्व इ या उ के परस्थित विसर्ग का ष् होता है। यथा, अर्चिः + त्वम् = अर्चिष्ट्वम्, चतुः + तयम् = चतुष्टयम्।

(१२) नमस्पुरसोर्गत्योः—कृ धातु परे रहने से नमः, पुरः और तिरः के विसर्ग का स् होता है। यथा, नमः + कारः=नमस्कारः, पुरः + कारः = पुरस्कारः, तिरः + कारः = तिरस्कारः।

(१३) अतःकृकमिकंसकुम्भपात्रकुशाकर्णीष्वनव्ययस्य—कर, कार, कांत, काम, कुम्भ और पात्र शब्द परे रहने [illegible] अकार के परस्थित विसर्ग का स् होता है। यथा, श्रेयः + करः = श्रेयस्करः, पुरः + कारः = पुरस्कारः, अयः + कांतः = अयस्कांतः, मनः + कामः = मनस्कामः, अयः + कुम्भः = अयस्कुम्भः, पयः पात्रम् = पयस्पात्रम्।

(१४) तमः + काण्डः, मेदः + पिण्डः, भाः + करः, अह-

+ करः, धान्वः + पतिः, दिवः + पतिः, अधः + कीलः इत्यादि में विसर्ग का स् होता है। यथा, तमस्काण्डः, भेदस्काण्डः, भास्करः, अहस्करः, वाचस्पतिः इत्यादि।

(१५) स्थ परे रहने से विकल्प से विसर्ग का लोप होता है। यथा, मनः + स्थः = मनस्थः, मनःस्थः, दुः + स्थः = दुस्थः, दुःस्थः।

(१६) अधः शिरसी पदे—पद शब्द परे रहने से अधः और शिरः के विसर्ग का स् होता है। यथा, अधस्पदम्, शिरस्पदम्।

अतिरिक्त—विद्वस् + जनः = विद्वज्जनः, पुम् + कोकिलः = पुंस्कोकिलः, पुम् + चकोरः = पुंश्चकोरः, भुवः + लोकः = भुवर्लोकः, अहन् + अहः = अहरहः।

Exercise—3.

1. Join the following words with rules—वायुः + वहति, हन्तः + सद्, धनुः + टङ्कारः, वामः + हस्तः, प्रथमः + सर्गः, पुत्रः + रोदिति, पितः + रक्ष, निः + रोगः, गतिः + इयम्, कः + पुत्रः, नराः + एते, चन्द्रः + उदेति, स्वः + गतः, भोः + माधव, शिरः + कारः, हविः + पानम्, सम् + कारः।

2 Disjoin the following:—नद्यासीरम्, ब्राह्मणोऽयम्, देव ऋषिः, नरा नमन्ते, मातर्देहि, वायुर्वाति, शिरस्पदम्, चतुष्पथम्, धनुष्करोति, भो जनमेजय, एष बालकः, गौरसः।

3. Correct:—पूर्णो चन्द्रो उदेति। भ्रमरा षट्पदाः भवन्ति। राम भयं धावति। देवा स्वो गच्छति। दशरथोवाच। तस्या पुत्रा पठन्ति। शिरोभोऽयं बालकः। पितो रक्ष माम्। पुत्रो नदति। भो पुत्र कुत्र गच्छसि। स नगरात् बहिस्कृतः। भ्रातुस्पुत्र हि मम। अतिथिर्ग्रामं गच्छति।

णत्वविधान—Change of न् into ण्।

(१) रषाभ्यां नो णः समानपदे—एक ही शब्द [illegible] ऋ ॠ र् या ष् के परे न् आवे तो न् का ण् होता है। यथा, नृणाम्,

स्वरवर्ण परे रहने से पदान्तस्थ विसर्ग का र् होता है। यथा, गौर्यान।

(९) सोऽपदादौ—क् ख् प् फ् परे रहने से निः, आविः, बहि-दुः, प्रादुः और चतुः के विसर्ग का ष् होता है। यथा, निः + कामः=निष्कामः, निः + भेदः = निर्भेदः, निः + पापः=निष्पापः, निः + फलः = निष्फलः, आविः + कृतम् = आविष्कृतम्, बहिः + कृतम् = बहिष्कृतम्, दुः + करम् = दुष्करम्, प्रादुः + कृतम् = प्रादुष्कृतम्, चतुः + कोणम् = चतुष्कोणम्।

(१०) इसुसोः सामर्थ्ये—क् ख् प् फ् परे रहने से हविः, सर्पिः, बहिः, अर्चिषः, रोचिः, शोचिः, आयुः, धनुः, वपुः, यजुः और चक्षुः इत्यादि के विसर्ग का विकल्प से ष् होता है। यथा, हविः+पतति = हविष्पतति, हविः पतति; सर्पिः + पिबति = सर्पिष्पिबति सर्पिः पिबति। पर भ्रातुः + पुत्रः का भ्रातुष्पुत्रः होता है।

(११) इदुपधस्य चाप्रत्ययस्य—तकारादि तद्धित प्रत्यय परे रहने से ह्रस्व इ या उ के परस्थित विसर्ग का ष् होता है। यथा, सर्पिः + त्वम् = सर्पिष्ट्वम्, धनुः + तयम् = धनुष्टयम्।

(१२) नमस्पुरसोर्गत्योः—कृ धातु परे रहने से नमः, पुरः और तिरः के विसर्ग का स् होता है। यथा, नमः + कारः=नमस्कारः, पुरः + कारः = पुरस्कारः, तिरः + कारः = तिरस्कारः।

(१३) अतःकृकमिकंसकुम्भपात्रकुशाकर्णीष्वनव्ययस्य—कर, कार, कांत, काम, कुम्भ और पात्र शब्द परे रहने से अकार के परस्थित विसर्ग का स् होता है। यथा, श्रेयः + करः = श्रेयस्करः, पुरः + कारः = पुरस्कारः, अयः + कांतः = अयस्कांतः, मनः + कामः = मनस्कामः, अयः + कुम्भः = अयस्कुम्भः, पयः पात्रम् = पयस्पात्रम्।

(१४) तमः + काण्डः, मेदः + पिण्डः, भाः + करः, अह-

+ करः, वाचः + पतिः, दिवः + पतिः, अयः + कीलः इत्यादि में विसर्ग का स् होता है । यथा, तमस्काण्डः, मेदस्काण्डः, भास्करः, अहस्करः, वाचस्पतिः इत्यादि ।

(१५) स्थ परे रहने से विकल्प से विसर्ग का लोप होता है । यथा, मनः + स्थ = मनस्थः, मनःस्थः, दुः + स्थः = दुस्थः, दुःस्थः ।

(१६) अधः शिरसी पदे—पद शब्द परे रहने से अधः और शिरः के विसर्ग का स् होता है । यथा, अधस्पदम्, शिरस्पदम् ।

अतिरिक्त—विद्वस् + जनः = विद्वज्जनः, पुम् + कोकिलः = पुंस्कोकिलः, पुम् + चकोरः = पुंश्चकोरः, भुवः + लोकः = भुवर्लोकः, अहन् + अहः = अहरहः ।

Exercise—3

1. Join the following words with rules—वायुः + चलति, इन्द्रतः + ततः, धनुः + टङ्कारः, रामः + इतः, प्रथमः + सर्गः, पुत्रः + रोदिति, पितः + रक्ष, भिः + रोगः, गतिः + इयम्, कः + पुत्रः, नराः + एते, चन्द्रः + उदेति, स्वः + गतः, श्रीः + माधव, शिरः + कारः, हविः + पानम्, सम् + कारः ।

2. Disjoin the following:—अधास्तीरम्, ब्राह्मणोऽयम्, देव ऋषिः, नरा लभन्ते, मातर्देहि, वायुर्वाति, शिरस्पदम्, चतुष्टयम्, धनुष्करोति, भो जनमेजय, एष बालकः, धीरः ।

3. Correct:—पूर्णो चन्द्रो उदेति । भ्रमरा षट्पदाः भवन्ति । राम भयं धावति । देवा स्वो गच्छति । दशरथोवाच । तस्या पुत्रा पठन्ति । विरोगोऽयं बालकः । पितो रक्ष माम् । एषो वदति । भो पुत्र कुत्र गच्छसि । स नगरात् बहिस्कृतः । भ्रातुश्पुत्र हि मम । यतिर्पन्थानं गच्छति ।

णत्वविधान — Change of न् into ण् ।

(१) रषाभ्यां नो णः समानपदे—एक ही शब्द में ऋ ॠ र् या ष् के परे न् आवे तो न् का ण् होता है । यथा, नृणाम्,

तिसृणाम्, भ्रातॄणाम्, चतुर्णाम्, कृष्णः ।

(१) अट्कुप्वाङ् नुम्व्यवायेऽपि—यदि ऋ ॠ र् या ष और न् के बीच में स्वरवर्ण, कवर्ग, पवर्ग, य् र् व् ह् और अनुस्वार (इनमें से एक या अनेक) हों तो भी न् का ण् हो जाता है । यथा, करणम्, हरीणाम्, गुरुणा, मृगेण, वृक्षेण, बृंहणम् ।

N. B. इनके अतिरिक्त अन्य कोई वर्ण बीच में आवे तो ण् नहीं होता । यथा, अर्च्चना, मूर्च्छना, अर्ज्जनम्, किरीटेन, मृडेन, रुद्रेन, आर्त्तेन, विमर्द्दन, अर्द्धेन, विरलेन, स्पर्शेन, रसेन ।

(२) पदान्तस्य न— पदान्त न् का ण् नहीं होता । यथा, नरान्, हरीन्, गुरून्, भ्रातॄन् ।

N. B. न्-भिन्न तवर्गयुक्त तथा ष् और म् युक्त न् का ण् नहीं होता । यथा, कृन्तति, ग्रन्थनम्, वृन्दः, रन्धनम्, तृप्नोति, क्षुभ्नाति ।

२ यदि एक पद में ऋ ॠ र् या ष् हो और दूसरे पद में न् हो तो ण् नहीं होता । यथा, मृयानम्, गिरिगहनम्, शरासिः, रघुनन्दनः, गिरिनन्दनी, त्रिनेत्रः, वृषवाहनः, सर्व्वनाम ।

३ शेषे विभाषा कवादावषान्त उपदेशे—यदि अन्य पदस्थित न् विभक्ति के स्थान में हो या विभक्ति युक्त हो अथवा स्त्रीलिङ्ग के ई प्रत्यय से युक्त हो तो विकल्प से ण् होता है । यथा, विभक्ति-स्थान-में प्रमायेण, प्रमायेन; परिमयेण, परिमयेन; भस्मर्माणिण, भस्मर्माणिन; विभक्तियुक्त-विषपायिणा, विषपायिना । ई-प्रत्ययुक्त-विषपायिणी, विषपायिनी ।

४. नशम् के न् का ण् नहीं होता । यथा, मृदुशानी, क्षत्रियशूना ।

भगिनी, कामिनी, भामिनी, यामिनी, यूनी इत्यादि के न् का ण् नहीं होता है। यथा, पितृभगिनी, हरिकामिनी, घोरयामिनी।

४ एकाजुत्तरपदे णः, कुमति च— यदि पर पद एक स्वर वाला या कवर्ग युक्त हो तो न् का नित्य ण् होता है। यथा, प्रभुणा, वृत्रहणः। कवर्ग युक्त— श्रीकामेण, दुर्गमेण, परिपाकेण; पर पक्व शब्द का नहीं होता। यथा, परिपक्वेन, परिपक्वानि, परिपक्वानाम्।

५ विभाषौषधिवनस्पतिभ्यः— औषधिवाचक (पका हुआ शस्य) और वृक्षवाचक शब्दों के परे वन के न का विकल्प से ण होता है। यथा, औषधिवाचक— व्रीहिवणम्, व्रीहिवनम्; दूर्वावणम्, दूर्वावनम्; नीवारवनम्, नीवारवणम्; आर्द्रकवणम्, आर्द्रकवनम्। वृक्षवाचक— लोध्रवणम्, लोध्रवनम्; बदरीवणम्, बदरीवनम्; शिरीषवणम्, शिरीषवनम्; जम्बीरवणम्, जम्बीरवनम्।

दो या तीन स्वर का शब्द नहीं होने से ऐसा नहीं होता। यथा, देवदारुवनम्, उदुम्बरवनम्, नागरङ्गवनम्, नारिकेलवनम्, बोधिद्रुमवनम्, कोविदारवनम्, राजवृक्षवनम्, सहकारवनम्, कुरवकवनम्, कर्णिकारवनम्, सिन्धुवारवनम्, नागकेशरवनम्।

प्रनिरन्तः शरेक्षुप्लक्षाम्रकार्ष्यखदिरपीयूक्षाभ्योऽसंज्ञायाम्— शर, इक्षु, प्लक्ष, आम्र, खदिर, इन कई शब्दों के परे वन के न का नित्य ण होता है। यथा, शरवणम्, प्लक्षवणम्, आम्रवणम्, इक्षुवणम्, खदिरवणम्।

प्र, निर्, अन्तर्, अग्रे इत्यादि कई शब्दों के परे वन के न का ण होता है। यथा; प्रवणम्, निर्वणम्, अन्तर्वणम्, अग्रेवणम्।

६ वा भावकरणयोः—दूसरे पद में रहने वाले र् के परे पान

शब्द के न का विकल्प से ण होता है। यथा, हरिपानम्, हरि-पाणम्, गिरिपाणम्, गिरिपानम्।

७ त्रिचतुर्भ्यां हायनस्य णत्वं वयसि—वयस् अर्थ होने से त्रि और चतुर् शब्दों के परे हायन के न का ण होता है। यथा, त्रिहायणो वत्सः, चतुर्हायणो गौः।

८ अह्नोऽदन्तात्—प्र, पूर्व, अपर इत्यादि शब्दों के परे अह्न के न का ण होता है। यथा, प्राह्ण, पूर्वाह्णः, अपराह्णः।

९ अयनम्—पर, पार, उत्तर, चान्द्र और नार शब्दों के परे अयन के न का ण होता है। यथा, परायणम्, पारायणम्, उत्तरायणम्, चान्द्रायणम्, नारायणः।

१० अग्रग्रामाभ्यां नयतेः—अग्र और ग्राम शब्दों के परे नी के न् का ण् होता है। यथा अग्रणीः, ग्रामणीः।

११ पूर्वपदात् संज्ञायामगः। उपसर्गात् बहुलम्—संज्ञा बोध होने से शूर्प के परे नख तथा प्र, दुर्, खर और वार्ध्री के परे नस के न का ण होता है। यथा, शूर्पणखा, प्रणसः, दुर्णस, वार्ध्रीणसः।

१२ गिरिनद्यादीनां वा—गिरि नदी इत्यादि के न् का विकल्प से ण होता है। यथा, गिरिणदी, गिरिनदी, स्वर्णदी, स्वर्नदी; गिरिणितम्बः, गिरिनितम्बः। वैसे ही गिरिनख, गिरिनद, चक्रनदी, चक्रनितम्ब, तूर्य्यमान, माषोन, आर्गयन में भी होता है।

१३ पात् पदान्तात्—पूर्व्व पद के अन्त में ष् होने से उत्तर पद के न् का ण् नहीं होता। यथा, हविष्पानम्, आयुष्कामेन, सर्पिष्पायिना।

१४ उपसर्गादसमासेऽपि णोपदेशस्य—प्र, परा, परि, निर्, इन चार उपसर्गों के परे यदि नद्, नम्, नश्, नह, नी, नु, नुद, अन्, धातु हों तो न् का ण् होता है। यथा, प्रणदति, प्रणमति,

प्रणामः; परिणमति, परिणामः, प्रणश्यति, प्रणाशः (नश् के श् का ष् हो तो ण् नहीं होता। यथा, प्रनष्टः, परिनष्टः, निर्नष्टः, अन्तर्नष्टः), परिणाहः। प्रणयति, प्रणयः, परिणयः, निर्णयः। प्रणदः। प्रणोदः। प्राणिति, प्राणः। प्रहण्यते, प्रहणनम् (हन् के ह् का घ् होने से ण् नहीं होता। यथा, प्रघ्नन्ति, परिघ्नन्ति, प्राघानि, प्रघ्यांघानि, शत्रुघ्नः)।

वमोर्वा—यदि हन् धातु का न् म् और व् युक्त हो तो विकल्प से ण् होता है। यथा, प्रहण्मि, प्रहन्मि, प्रहण्वः, प्रहन्वः।

१५ शनिसनिक्षनिन्दाम्—निंस्, निक्ष्, निन्दु इन तीन धातुओं के न् का ण् विकल्प से होता है। यथा, प्रणिंसितव्यम्, प्रनिंसितव्यम्। प्रणिक्षणम्, प्रनिक्षणम्। प्रणिन्दति, प्रनिन्दति।

१६ हिनुमीना—हिनु और मीना के न् का ण् होता है। यथा, प्रहिणोति, प्रहिणुतः, प्रहिण्वन्ति। प्रमीणाति, प्रमीणीतः, प्रमीणन्ति।

१७ आनि लोट्—लोट् की आनि विभक्ति के न् का ण् होता है। यथा, प्रवपाणि, परिभवाणि, प्रवहाणि।

१८ नेर्गदनदपतपदघुमास्यति हन्ति याति वाति द्राति प्साति वपति वहति शाम्यति चिनोति देग्धिषु—गदु नद् पत् दा धा हन् वद् पद् दाम दो दे सो धे मा या द्रा प्सा वप शम् वह चि दिह् धातुओं की पूर्ववर्त्ती नि उपसर्ग के न् का ण् होता है। यथा, प्रणिगदति, प्रणिपतति, प्रणिपातः, प्रणिधानम्, प्रणिहन्ति इत्यादि।

१९ कृत्यचः—धातु के पहले प्र परा परि निर् ये चार उपसर्ग या अन्तर् शब्द हो तो कृत् प्रत्यय के न् का ण् होता है। यथा, प्रयाणम्, प्रहाणम्, प्रवहमाणः, प्रमाणम्, परिमाणम्।

हलश्चेजुपधात्—जिन धातुओं के पहले व्यञ्जनवर्ण हो और अन्त्यवर्ण के पहले अ आ भिन्न स्वर हो उन के परे कृत् प्रत्यय

के न् का विकल्प से ण् होता है । यथा, प्रकोपणम्, प्रकोपनम्; परिगोपणम्, परिगोपनम् ।

ण्यन्तेविभाषा—ण्यन्त धातु के परे कृत् प्रत्यय के न् का विकल्प से ण् होता है । यथा, यापि—प्रयापणम्, प्रयापनम्, प्रयापणीयम्, प्रयापनीयम् । वाहि—प्रवाहणम्, प्रवाहनम् ।

न भाभूपूकमिगमिप्यायिवेपाम्—भा, भू, पू, कम्, गम्, प्याय्, वेप्, कम्प्, इन धातुओं के ण्यन्त होने पर भी इनके परे कृत् प्रत्यय के न् का ण् नहीं होता । यथा, परिभानीयम्, परिभापनीयम्, परिभवनीयम्, परिभावनीयम् ।

कृत् प्रत्यय का न् व्यञ्जनवर्ण से युक्त हो तो ण् नहीं होता । यथा, प्रमग्नः, प्रभग्नः, परिमग्नः ।

२० निम्नलिखित शब्दों का ण् स्वाभाविक है:—
वाणी-तूणीर-वेणी-फणिमणि-लवणं कोण-कल्याण-बाणा-
गोणी-घोणी कणाणुघ्रेण-विपणि-पणो स्थाणु-पुण्यं विषाणम् ।
माणिक्यं शोणशाणौ गुण-गण गणिका-वेणु-सिंहाण-वीणा-
निर्व्वाणो निक्वणेण-क्वण-किण वणिजः कङ्कणं पाणितूणौ
पिण्याकमपि चाणक्यमित्याद्याः स्युः स्वभावतः ।

षत्वविधान Change of स् into ष् ।

(१) इणः कोः— अ आ भिन्न स्वर, क् या र् के परे प्रत्यय के स् का ष् हो जाता है । यथा, मुनिषु, नदीषु, नरेषु, दिक्षु, धनुःषु ।

N. B. सात् प्रत्यय के स् का ष् नहीं होता । यथा, अग्निसात्, धातुसात्, प्राणसात् ।

२ नुम् विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि— अनुस्वार विसर्ग तथा श्,

ष् स् का व्यवधान होने पर भी ष् होता है। यथा, हवींषि, आशीःषु।

क्लीवलिंग की प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन से भिन्न अनुस्वार का व्यवधान हो तो ष् नहीं होता। यथा, पुम्सु, पुंसु।

(२) सञ्ज्, सद्, सह्, साध्, सिच्, सिध्, सु, सू, सेव्, सो, स्तम्भ्, स्तु, स्तुभ्, स्त्यै, स्था, स्ना, स्निह्, स्नु, स्मि, स्वञ्ज्, स्वद्, स्वप्, स्विद्, इत्यादि धातुओं के अभ्यस्त करने पर यदि धातु का द्वितीय भाग स् इ, उ, ए, के परे हो तो ष् होता है। यथा, सिध्-सिषेध, सिषिधतुः, सिषिधुः। सु-सुषाव, सुषुवतुः, सुषुवुः। सू-सुषुवे, सुषुवाते, सुषुविरे। सेव्-सिषेवे, सिषेवाते, सिषेविरे। स्तु-तुष्टाव, तुष्टुवतुः, तुष्टुवुः। स्निह्-सिष्णेह, सिष्णिहतुः, सिष्णिहुः। स्मि-सिष्मिये, सिष्मियाते, सिष्मियिरे। स्वप्-सुष्वाप, सुषुपतुः, सुषुपुः। स्तुभ्-तुष्टुभे, तुष्टुभाते, तुष्टुभिरे। सो- सेषीयते। सेव्-सेषेव्यते। सू-सोषूयते। स्नु-सोष्णूयते।

N. B. (१) यङ् प्रत्यय होने से सिच् के स् का ष् नहीं होता। यथा, सेसिच्यते।

(२) धातु के परे सन् प्रत्यय का ष् हो तो धातु के स् का ष् नहीं होता। यथा, सिच् — सिसीक्षति, सू — सुसूषति, सेव्-सिसेविषते; स्मि-सिस्मयिषते, स्तम्भ्-तिस्तम्भिषति, स्तुभ्-तुस्तोभिषते, स्नु-सुस्नूषति।

केवल स्तु धातु का ष् होता है। यथा, तुष्टूषति।

सन् प्रत्यय का स् रहे तो धातु के स् का ष् होता है। यथा, स्था-तिष्ठासति, स्वप्-सुषुप्सति, सो-सिषासति, स्ना-सिष्णासति।

णयन्त धातुओं में केवल स्विद्, स्वद् और सह् का ष् नहीं होता। यथा, स्विद्-सिस्वेदयिषति, स्वद् सिस्वादयिषति, सह्-

सिस्वादयिषति। इसके अतिरिक्त अन्य धातुओं में ष् होता है। यथा, स्वप्-सुष्वापयिषति, सिच् सिषेचयिषति, सिव् सिषेवयिषति, स्तु-तुष्टावयिषति, सञ्ज्-सिषञ्जयिषति।

(३) उपसर्गात् सुनोतिसुवतिस्यतिस्तौतिस्तोभतिस्थासेनयसेधसिचसञ्जस्वञ्जाम्—इकारान्त (नि, वि, परि, प्रति, अति, अधि, अभि,) और उकारान्त (सु, अनु,) उपसर्गों के परे सु, सू, सो, स्तु, स्तुभ्, स्था, सेनि, सिध्, सिच्, सञ्ज्, स्वञ्ज् सद् और स्तम्भ धातुओं के स् का ष् होता है। यथा, सु-अभिषुणोति, अनुषुणोति (लृट् और लृङ् विभक्ति तथा स्यन् प्रत्यय परे रहने से ष् नहीं होता। यथा, लृट्-अभिसोष्यति, लृङ्-अभ्यसोष्यत्, स्यन्-अभिसोष्यन्)। सू (तुदादि गणीय)-अभिषुवति, अनुषुवति। सो-अभिष्यति। स्तु-अभिष्टौति, स्तुभ्-अभिष्टोभते, अनुष्टोभते। स्था-अधिष्ठास्यति, अनुष्ठास्यति, सेनि-अभिषेणयति। सिध्-प्रतिषेधति, अनुषेधति, (गमनार्थ सिध् धातु का ष् नहीं होता। यथा, गृहं प्रतिसेधति, परिसेधति, अभिसेधति)। सिच्-निषिञ्चति। सञ्ज्-निषजति, अनुषजति। स्वञ्ज्-परिष्वजते। सद्-विषीदति, अनुषीदति (प्रति पहले हो तो नहीं होता। यथा, प्रतिसीदति)। स्तम्भ्-अभिष्टभ्नोति, अनुष्टभ्नोति (आलम्बन और सामीप्य अर्थ में अव पहले होने से भी ष् होता है। यथा, यष्टिमवष्टभ्य आस्ते यष्टिमालम्ब्य तिष्ठतीत्यर्थः। अवष्टब्धा गौः गौः समीपे वर्त्तते इत्यर्थः।

अट् का व्यवधान होने पर भी ष् होता है। यथा, अभ्यषुणोत्, अभ्यषेणयत्, न्यषिञ्चत्, अन्वषजत्, व्यषीदत्। परन्तु परि और नि पूर्वक स्तु और स्वञ्ज् धातुओं में विकल्प से ष् होता है। यथा, पर्य्यष्टावीत्, पर्य्यस्तावीत्; पर्य्यष्वजत, पर्य्यस्वजत।

(४) परिनिविभ्यः सेवसितसयसिवुसहसुट्स्तुस्वञ्जाम्—परि, नि,

षि पूर्वक सेध्, सिध्, सह् धातु के स् का ष् होता है । यथा, सेध्
परिषेधते, निषेधते, विषेधते; सिध्-परिषीष्यति, निषीष्यति
सह्-परिषहते, निषहते, विषहते (सह् का सोढ होने पर ष् न
होता । यथा, परिसोढा, निसोढुम्, विसोढः)।

अट् के व्यवधान होने पर भी सेध् का नित्य और सि
तथा सह् का विकल्प से होता है। यथा, सेध्-पर्य्यषेधत
सिध्-पर्य्यषीष्यत्, पर्य्यसीष्यत् । सह्-न्यषहत, न्यसहत ।

णयन्त करने पर लुङ् में सिध् और सह् के स् का ष् न
होता । यथा, सिध्-पर्य्यसीसिधत्, सह्-पर्य्यसीसहत् ।

(५) स्थादिष्वभ्यासेन चाभ्यासस्य:—इकारान्त और उकारा
उपसर्गों के परे सेनि, सिध्, सिच्, सञ्ज्, स्वञ्ज् और ह
धातुओं के अभ्यस्त होने पर दोनों स् का ष् होता है। य
सेनि-अभिषिषेणयिषति । सिध्-निषिषेध, प्रतिषिषेधयिष
अभिषेषिध्यते । सिच्-अभिषिषेच, अभिषिषेचयिषति (
होने से नहीं होता । यथा, अभिसेसिच्यते) । सञ्ज्-अनुषष
प्रतिषिषञ्जयिषति, स्वञ्ज्-परिषिष्वञ्जयिषति;सद्-निषिषादयिष
विषाषद्यते (लिट् में स्वञ्ज् और सद् के द्वितीय स् का ष्
होता । यथा, स्वञ्ज्-परिषस्वजे, विषस्वजे । सद्-निषसा
विषसाद) । सेच्-परिषिषेचे, अभिषिषेच्यते ।

(६) स्तन्भेः—इकारान्त और उकारान्त उपसर्गों के
अभ्यस्त स्था और स्तम्भ् धातुओं का त् के व्यवधान होने
भी ष् होता है। यथा, स्था-अनुतष्ठौ, अधितष्ठौ, अभितष्ठ
स्तम्भ्-अनुतष्टम्भ, अधितष्टम्भ, अभितष्टम्भ ।

प्रतिस्तब्ध और निस्तब्ध में ष् नहीं होता । पर्य्यस्त करने
लुङ् में स्तम्भ् का ष् नहीं होता । यथा, पर्य्यतस्तम्भत् ।

(७) परि पूर्वक स्कु धातु के स् का ष् होता है। य

परिष्करोति, परिष्कारः। अट् के व्यवधान होने पर विकल्प से ष् होता है। यथा, पर्यष्करोत्, पर्यस्करोत्; पर्यष्कार्षीत्, पर्यस्कार्षीत्।

(८) अनुविपर्यभिनिभ्यः स्यन्दतेरप्राणिषु—अनु, वि, परि, अभि, नि पूर्वक स्यन्दु धातु के स् का विकल्प से ष् होता है। यथा, अनुष्यन्दते, अनुस्यन्दते; विष्यन्दते, विस्यन्दते; परिष्यन्दते, परिस्यन्दते; अभिष्यन्दते, अभिस्यन्दते; निष्यन्दते, निस्यन्दते।

प्राणी कर्ता हो तो ऐसा नहीं होता। यथा, अनुस्यन्दते मत्स्यः।

(९) परेश्च—परि पूर्वक स्कन्दु धातु के स् का विकल्प से ष् होता है। यथा, परिष्कन्दति, परिस्कन्दति; परिष्कण्णः, परिस्कन्नः।

वेः स्कन्देरनिष्ठायाम्—निष्ठा-भिन्न कृत् प्रत्यय परे रहने से वि पूर्वक स्कन्दु धातु के स् का विकल्प से ष् होता है। यथा, विष्कन्ता, विस्कन्ता; विष्कन्तुम्, विस्कन्तुम्। निष्ठा प्रत्यय होने से नहीं होता। यथा, विस्कन्नः, विस्कन्नवान्।

(१०) स्फुरतिस्फुलत्योर्निर्निविभ्यः—निर्, नि, वि पूर्वक स्फुर् और स्फुल् धातु के स् का विकल्प से ष् होता है। यथा, स्फुर्-निष्फुरति, निस्फुरति; विष्फुरति, विस्फुरति। स्फुल्-निष्फुलति, निस्फुलति; विष्फुलति, विस्फुलति।

(११) वेः स्कभ्नातेर्नित्यम्—वि पूर्वक स्कम्भ् धातु के स् का ष् होता है। यथा, विष्कभ्नाति, विष्कम्भितुम्, विष्कम्भः, विष्कम्भकः।

सुविनिर्दुर्भ्यः सुपि सूति समाः—सु, वि, निर्, दुर् के सुप् हो तो स् का ष् हो जाता है। यथा, सुषुप्तः, :, निःषुप्तः, दुःषुप्तः, दुःषुषुप्तुः, दुःषुषुपुः।

(१३) उपसर्गप्रादुर्भ्यामस्तिर्यच् परः— इकारान्त और उकारान्त उपसर्ग तथा प्रादुः शब्द के परे अस् धातु के स् का ष् होता है। यथा, निषन्ति, प्रतिषन्ति, अधिषन्ति, परिष्यात्, अनुषन्ति, प्रादुःषन्ति, प्रादुःष्यात्। पर त थ म या य के साथ मिले हुए स् का ष् नहीं होता। यथा, अधिस्तः, अनुस्तः, प्रादुःस्तः, प्रतिस्थः, अभिस्थः, अधिस्मः, अनुस्मः, प्रादुःस्मः, अनुस्यः, प्रादुःस्यः।

५ ईयोऽवर्णवर्णयोर्यस्वरयोः—तद्धित प्रत्यय के य और स्वर वर्ण परे रहने से प्रातिपदिक (शब्द) के अन्तस्थित अ और इ का लोप होता है।

६ गुण उवर्णान्तस्य (ओर्गुणः)—तद्धित प्रत्यय के य और स्वर परे रहने से प्रातिपदिक के अन्तस्थित उ का गुण होता है।

७ अशोरोऽभ्यो यः स्वरवत्—ऋकार, ओकार और औकार स्थित तद्धित प्रत्यय का य स्वर का कार्यनिर्वाह करता है।

८ टेर्लोपोडिति (टेः)—ड-इत् वाले तद्धित प्रत्यय के परे रहने से प्रातिपदिक के टि (अन्त्य स्वर को पूर्ववर्ती व्यञ्जन वर्ग सहित टि कहते हैं) का लोप होता है।

९ तेर्विंशतेः (तिर्विंशतेर्डिति)—ड-इत् वाले तद्धित प्रत्यय के परे रहने से विंशति के ति का लोप होता है।

१० इयुवौ यवयोश्चः पदान्ते णिनि—ण्-इत् वाले तद्धित प्रत्यय के परे रहने से पद के अन्तस्थित आदि स्वर के स्थान में उत्पन्न य का इय् और व् का उव् होता है।

११ द्वारादीनाञ्च—द्वार, स्वर, स्वाध्याय, व्यल्कश, स्वस्ति, स्वर्, स्वादु, मृदु, श्वस्, श्वन् और स्व इत्यादि प्रातिपदिक के स्थान में य् और व् का क्रम से इय् और उव् नहीं होता।

१२ न स्यागतादीनाम्—स्वागत, स्वध्वर, स्वङ्ग, व्यङ्ग, व्यड, व्यवहार और स्वपति प्रातिपदिक के आद्य य् और व् का इय् और उव् नहीं होता।

वा श्वापदव्यल्कफोः—श्वापद, व्यल्कश इन दोनों प्रातिपदिकों [redacted] विकल्प से होते हैं।

१३ अव्ययाश्रितः—ष्-इत् वाले तद्धित प्रत्ययों से बने हुए शब्द अव्यय होते हैं।

१४ अपत्ये (तस्यापत्यम्)—वक्ष्यमाण (कहे जाने वाले) प्रत्यय अपत्य अर्थ [redacted] विहित हैं।

१ अदन्तात् विञ् (अत इञ्)—अपत्य अर्थ में अकारान्त शब्द के परे णिञ् प्रत्यय होता है। इस के ण्, ञ् का लोप होता है और इ रहता है। यथा, शूरस्य अपत्यं शौरिः, दशरथस्यापत्यं दाशरथिः, द्रोणस्यापत्यं द्रौणिः, युधिष्ठिरस्यापत्यं यौधिष्ठिरिः, अर्जुनस्यापत्यं आर्जुनिः, विकर्णस्यापत्यं वैकर्णिः, कृष्णस्यापत्यं कार्ष्णिः।

(क) बाह्वादिभ्यश्च—अपत्य अर्थ में बाहु इत्यादि शब्दों के परे पिञ् होता है। यथा, बाहोरपत्यं बाहविः, उपबाहोरपत्यं उपबाहविः, सुमित्राया अपत्यं सौमित्रिः, दुर्मित्राया अपत्यं दौर्मित्रिः।

(ख) इको व्यासवधात्रोःपिञि (सुधातुरकङ् च। व्यासवरुडनिषाद-चण्डालबिम्बानां चेति वक्तव्यम्)—पिञ् प्रत्यय परे होने से व्यास और सुधातृ शब्दों के परे डक होता है और इसका अक रहता है। यथा; व्यासस्यापत्यं वैयासकिः, सुधातुरपत्यं सौधातकिः।

३ नडादिभ्यः फायनण् (नडादिभ्यः फक्)—अपत्य अर्थ में नड् इत्यादि शब्द के उत्तर फायनण् होता है और इसका आयन रहता है। यथा; नडस्यापत्यं नाडायनः, चरस्यापत्यं चारायणः, दासस्यापत्यं दासायनः, शकटस्यापत्यं शाकटायनः, द्रोणस्यापत्यं द्रौणायनः, पर्व्वतस्यापत्यं पार्व्वतायनः, बदरस्यापत्यं बादरायणः, दक्षस्यापत्यं दाक्षायणः।

४ गर्गादिभ्यः ष्यण् (गर्गादिभ्यो यञ्)—अपत्य अर्थ में गर्ग इत्यादि शब्दों के परे ष्यण् होता है और इसका य रहता है। यथा, गर्गस्यापत्यं गार्ग्यः, वत्सस्यापत्यं वात्स्यः, अगस्ति-आगस्त्यः, पुलस्ति-पौलस्त्यः, मण्डु-माण्डव्यः, मधु-माधव्यः, जिगीषु-जिगीषव्यः, कुण्डिनी-कौण्डिन्यः, यज्ञवल्क-याज्ञवल्क्यः, शण्डिल-शाण्डिल्यः, चणक-चाणक्यः, जमदग्नि-जामदग्न्यः, पराशर-पाराशर्य्यः, अग्निवेश-आग्निवेश्यः, दिति-दैत्यः, अदिति-आदित्यः, प्रजापति-प्राजापत्यः।

५ शिवादिभ्यः षण् (शिवादिभ्योऽण्)—अपत्य अर्थ में शिव इत्यादि शब्दों के परे षण् होता है और इसका अ रहता है। यथा, शिवस्यापत्यं शैवः, ककुत्स्थ-काकुत्स्थः, विश्रवण-वैश्रवणः,

रमण-रामणः, ऊर्णनाभ-और्णनाभः, पृथाया अपत्यं पार्थः, इला-ऐलः, मरुत-मारुतः।

(क) शिवादेः—अपत्य अर्थ में शिव इत्यादि शब्द के परे अण् होता है। यथा, शिवस्यापत्यं शैवः, उर्व-और्वः, कश्यप-काश्यपः, कुशिक-कौशिकः, भरद्वाज-भारद्वाजः, विश्वानर-वैश्वानरः, शरद्वत्-शारद्वतः, शुनक-शौनकः, पुत्र-पौत्रः, दुहितृ-दौहित्रः।

(ख) ऋष्यादेश्च—अपत्य अर्थ में भृगु इत्यादि शब्द के परे अण् होता है। यथा, भृगोरपत्यं भार्गवः, मरीचि-मारीचः, वसिष्ठ-वासिष्ठः, कुत्स-कौत्सः, गोतम-गौतमः, अङ्गिरस-आङ्गिरसः, विश्वामित्र-वैश्वामित्रः, धृतराष्ट्र-धार्तराष्ट्रः, पाण्डु-पाण्डवः, वसुदेव-वासुदेवः, यदु-यादवः, पुरु-पौरवः, रघु-राघवः, कुरु-कौरवः, मनु-मानवः, द्रुपद-द्रौपदः, पर्वत-पार्वतः।

(ग) ऐक्ष्वाककौरव्य मनुष्यमानुषाः (जनपदशब्दात् क्षत्रियादञ्। कुर्वादिभ्यो ण्यः। मनोर्जातावञ्यतौ षुक् च)—ऐक्ष्वाक इत्यादि निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, इक्ष्वाकोरपत्यम् ऐक्ष्वाकः, कुरु-कौरव्यः, मनु-मनुष्यः, मानुषः।

(घ) मातुरुत्संख्यायाः (मातुरुत्संख्यासंभद्रपूर्वायाः)—अण् प्रत्यय परे होने से संख्यावाचक शब्द के परवर्ती मातृ शब्द के परे डुर् होता है और इसका उर् रहता है। यथा; द्वयोर्मात्रोरपत्यं द्वैमातुरः षण्णां मातृणामपत्यं षाण्मातुरः। सम् और भद्र शब्द के परे रहने पर भी होता है; यथा, साम्मातुरः, भाद्रमातुरः।

(च) कन्यायाः कनीनः (कन्यायाः कनीन च)—अण् प्रत्यय परे रहने से कन्या का कनीन होता है। यथा, कन्यायाः अपत्यं कानीनः।

१ स्त्रीभ्यः ढेयण् (स्त्रीभ्यो ढक्)—अपत्य अर्थ में स्त्री प्रत्ययान्
शब्द के परे ढेयण् होता है और इसका एय रहता है। यथ
गङ्गाया अपत्यं गाङ्गेयः, राधाया अपत्यं राधेयः, विनता-वैन
तेयः, ताड़का-ताड़केयः, सरमा-सारमेयः, भगिनी-भागिनेय
कुन्ती-कौन्तेयः, गोधा-गौधेयः ।

गौधेरगौधारौ (गोधाया ढ्रक्, आरगुदीचाम्)—गोधाप
आर्थ, इस अर्थ में गौधेर और गौधार निपातन से सिद्ध होते हैं ।

(क) शुभ्रादिभ्यश्च—अपत्य अर्थ में शुभ्र इत्यादि शब्द के प
ढेयण् होता है । यथा; शुभ्रस्यापत्यं शौभ्रेयः अत्रि-आत्रेयः
विमातृ-वैमात्रेयः, शकुनि-शाकुनेयः, इतर-ऐतरेयः ।

(ख) लोपः ढेयण्युवर्णस्य—ढेयण् प्रत्यय होने से प्रातिपदिक
के अन्तस्थित उवर्ण का लोप होता है । यथा; मृकण्डोरपत्यम्
मार्कण्डेयः, कमण्डलोः अपत्यं कामण्डलेयः ।

(ग) न पाण्डुकद्र्वोः—पाण्डु और कद्रु शब्द के उवर्ण का लो
नहीं होता । यथा; पाण्डोरपत्यं पाण्डवेयः, कद्रु-काद्रवेयः ।

(घ) सुभगादेरिन् ढेयणि—ढेयण् प्रत्यय होने से सुभगा इत्यादि
शब्दों के उत्तर इन् होता है । यथा; सुभगाया अपत्यं सौभागि
नेयः, दुर्भगा-दौर्भागिनेयः, बन्धकी-बान्धकिनेयः, कनिष्ठा-कानि
ष्ठिनेयः ।

कुलटाया वा—कुलटा शब्द के उत्तर विकल्प से होता है
यथा, कुलटाया अपत्यं कौलटिनेयः, कौलटेयः ।

N. B. यहाँ कुलटा का अर्थ भिक्षोपजीवनी सती स्त्री है, व्यभिचारिणी
नहीं । व्यभिचारिणी अर्थ में कौलटेयः, कौलटेरः होता है ।

* श्वशुरादिभ्यः ईयण्—अपत्य अर्थ में श्वशुर इत्यादि शब्द के
उत्तर ईयण् होता है और इसका ईय रहता है । श्वशुरपत्यं
श्वशुर्यः ।

पितृमातृभ्यस्त्रोः पैयण् वा ऋल्लोपश्च—पितृस्वसृ और मातृस्वसृ शब्द के उत्तर विकल्प से पैयण् होता है । पैयण् होने से ऋकार का लोप होता है । यथा; पितृष्वसुरपत्यं पैतृष्वसेयः, पैतृष्वस्रीयः मातृष्वसृ-मातृष्वसेयः, मातृष्वस्रीयः ।

८ रेवत्यादिभ्यः ठिकण् (रेवत्यादिभ्यष्ठक्)—अपत्य अर्थ में रेवती इत्यादि शब्द के उत्तर ठिकण् होता है और इसका इक रहता है । यथा, रेवत्या अपत्यं रैवतिकः, अश्वपाली-आश्वपालिकः ।

लोपोगर्गादेर्बहुवचने—बहुवचन में गर्ग इत्यादि के परे अपत्य प्रत्यय का लोप होता है । यथा; गर्गस्य अपत्यानि गर्गाः, वत्सस्य अपत्यानि वत्साः, अगस्ति-अगस्तयः, विश्वावसु-विश्वावसवः, बभ्रु-बभ्रवः, मुद्गल-मुद्गलाः, जमदग्नि-जमदग्नयः ।

यस्कादेः—बहुवचन में यस्कादि के परे अपत्य प्रत्यय का लोप होता होता है । यथा, यस्कस्य अपत्यानि यस्काः, द्रुह्यस्य अपत्यानि द्रुह्याः, तृणकर्ण-तृणकर्णाः, जह्नारथ-जह्नारथाः ।

विदादेः—बहुवचन में विद इत्यादि के उत्तर अपत्य प्रत्यय का लोप होता है । यथा, विदस्य अपत्यानि विदाः, उर्व-उर्वाः, कश्यप-कश्यपाः कुशिक-कुशिकाः, भरद्वाज-भरद्वाजाः, उपमन्यु-उपमन्यवः, विश्वानर-विश्वानराः, शरद्वत्-शरद्वतः, शुनक-शुनकाः ।

अत्र्यादेश्च (अत्रिभृगुकुत्सवशिष्ठगोतमाङ्गिरोभ्यश्च)—बहुवचन में अत्रि इत्यादि के उत्तर अपत्य प्रत्यय का लोप होता है । यथा, अत्रेरपत्यानि अत्रयः, भृगु-भृगवः, कुत्स-कुत्साः, वशिष्ठ-वशिष्ठाः, गोतम-गोतमाः, अङ्गिरस्-अङ्गिरसः ।

राजसंज्ञाभ्यो विभाषा (तद्राजस्य बहुषु तेनैवास्त्रियाम्)—बहुवचन में राजसंज्ञक शब्द के उत्तर अपत्य प्रत्यय का विकल्प से लोप होता है । यथा रघोरपत्यानि रघवः, राघवाः, कुरु-कुरवः, कौरवाः

यदु-यादवः, यादवाः; इक्ष्वाकु-इक्ष्वाकवः, ऐक्ष्वाकाः; वृष्णि-वृष्णयः, वार्ष्णेयाः।

न स्त्रियाम् (तद्राजस्य........) स्त्रीलिङ्ग में अपत्य प्रत्यय का लोप नहीं होता। यथा, यस्कस्य अपत्यानि स्त्रियः यास्क्यः, बिदस्यापत्यानि स्त्रियः बैदः, अत्रेः अपत्यानि स्त्रियः आत्रेय्यः, रघोरपत्यानि स्त्रियः राघव्यः

६ अर्थं विशेषे चापत्यानि—अपत्य अर्थ में जो प्रत्यय होते हैं वे अन्य विशेष अर्थों में भी होते हैं।

ईय-कण्-खीन-चीकणश्च—अर्थविशेष में ईय, कण्, खीन और चीकण् प्रत्यय भी होते हैं। कण् का क, खीन का ईन और चीकण् का इक रहता है।

(क) तद्वेत्ति तदधीते (तदधीते तद्वेद)—तत् वेत्ति, तत् अधीते इन दो अर्थों में प्रातिपदिक के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, तर्कं वेत्ति अधीते वा तार्किकः, न्यायं वेत्ति अधीते वा नैयायिकः, वेदान्तं वेत्ति अधीते वा वैदान्तिकः, पुराण-पौराणिकः, वेद-वैदिकः, अलङ्कार-आलङ्कारिकः, ज्योतिस्-ज्योतिषिकः, व्याकरण-वैयाकरणः, क्रम-क्रमकः, पद-पदकः।

ह्रस्वोऽन्त्यः शिक्षादेः—शिक्षा इत्यादि के अन्त्य स्वर का ह्रस्व होता है। यथा, शिक्षां वेत्ति अधीते वा शिक्षकः, मीमांसा-मीमांसकः।

(ख) तेन प्रोक्तम्—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, ऋषिणा प्रोक्तं आर्षम्, मनुना प्रोक्तम् मानवं, मानवीयम्, विष्णुना प्रोक्तं वैष्णवं, पतञ्जलि-पातञ्जलम्, कणाद-काणादम्, पाणिनि-पाणिनीयम् जैमिनि-जैमिनीयम्, अत्रि-आत्रेयम्, उशनस्-औशनसम्, अङ्गिरस्-आङ्गिरसम्, पराशर-पाराशरीयम्, बृहस्पति-बार्हस्पत्यम्, नारद-नारदीयम्, वाल्मीकि-वाल्मीकीयम्, बौधायन-बौधायनम्।

(ग) तेन कृतम्—इस अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर यथा-

यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, कारेण कृतम् कारिकम्, अह्ना कृतम् आह्निकम्, शरीर-शारीरिकम्, गात्र-गात्रिकम्, पुरुष-पौरुषेयम्, मक्षिका-माक्षिकम्, क्षुद्र-क्षौद्रम्।

(ङ) तेन रक्तम् (तेन रङ्गे रागम्)—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, कषायेण रक्तं काषायम्, कुसुमेन रक्तं कौसुमम्, नीली-नीलम्, हरिद्रा-हारिद्रम्, मञ्जिष्ठा-माञ्जिष्ठम्, लाक्षा-लाक्षिकम्, रोचना-रौचनिकम्, शोण-शौणम्।

(च) तस्य देवता—वह जिसका देवता, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, शिवोऽस्य देवता शैवः, विष्णुरस्य देवता वैष्णवः, शक्तिः अस्य देवता शाक्तः, गणपति-गाणपत्यः, प्रजापति-प्राजापत्यः, वायु-वायव्यः, अग्नि-आग्नेयः, सोम-सौम्यः, द्यावापृथिवी-द्यावापृथिवीयम्, द्यावापृथिव्यम्; अग्नीषोम-अग्नीषोमीयम्, अग्नीषोम्यम्।

(छ) तस्य समूहः—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, भिक्षाणां समूहः भैक्षम्, अङ्गाराणां समूहः आङ्गारम्, मयूर-मायूरम्, धेनु-धैनुकम्, कलाप-कालापकम्, राजन्य-राजन्यकम्, राजपुत्र-राजपुत्रकम्, मनुष्य-मानुष्यकम्, अपूप-आपूपिकम्, गणिका-गाणिक्यम्, ब्राह्मण-ब्राह्मण्यम्।

N. B. समूहे खण्ड-काण्ड-तलः—समूह अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव खण्ड, काण्ड और तल् प्रत्यय होते हैं। यथा, कमलानां समूहः कमलखण्डम्, कुमुदानां समूहः कुमुदखण्डम्, दूर्वाणां समूहः दूर्वाकाण्डम्, कर्म्मणां समूहः कर्म्मकाण्डम्। तल् प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं। जनानां समूहः जनता, बन्धूनां समूहः बन्धुता।

(ज) तत्र भवः—इस अर्थ में (यहां-भव शब्द से जात,

स्थित, संक्रान्त, आविर्भूत इत्यादि कई अर्थ समझे जाते हैं) शब्द के परे यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, मथुरायां भवः माथुरः, कलिङ्गे भवः कालिङ्गः, शरद्-शारदः, वसन्त-वासन्तिकः, हेमन्त-हैमन्तिकः, समुद्र-सामुद्रिकः, द्वीप-द्वैपायनः, द्वैप्यः; अकाल-आकालिकः, शश्वत्-शाश्वतिकः, कुल-कुलीनः, दुष्कुल-दौष्कुलेयः, दुष्कुलीनः; प्राच्-प्राच्यम्, दिश्-दिश्यम्, वर्ग-वर्ग्यम्, कण्ठ-कण्ठ्यम्, दन्त-दन्त्यम्, तालु-तालव्यम्, ओष्ठ-औष्ठ्यम्, जिह्वामूल-जिह्वामूलीयम्, अन्तर-आन्तरिकम्, मनस्-मानसं, मानसिकम्; शरीर-शारीरिकम्, अरण्य-आरण्यकः, कोश-कौशेयम्, इह भवं ऐहिकम्; लोक-लौकिकम्, भूमि-भौमः, दिव्-दिव्यः, अग्र-अग्र्यम्, आदि-आद्यम्, अन्त-अन्त्यम्, वेशे भवा वेश्या, सर्वकाल-सार्वकालिकम्, कदाचित्-कादाचित्कम्, सम्प्रति-साम्प्रतिकम्, अध्यात्म-आध्यात्मिकम्, अधिभूतं भवं आधिभौतिकम्, अधिदैवे भवं आधिदैविकम्, मध्यन्दिने भवं माध्यन्दिनम्।

टिलोपोऽकस्माद्बहिषोः—अकस्मात् और बहिस् के टि का लोप होता है। यथा, अकस्माद्भवं आकस्मिकम्, बहिः भवं बाह्यम्, बाहिकम्।

स्त्रीपुंसाभ्यां नञ्—भव इत्यादि अर्थ में स्त्री और पुमस्; के परे ञ् होता है और इसका न रहता है। यथा, स्त्रीषु भवं स्त्रैणम् पुमस्-पौंस्नम्।

हैमन-शौवस्तिकपौनःपुनिकाः—हैमन, शौवस्तिक और पौनः-पुनिक निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, हेमन्ते भवं हैमनम्, श्वः भवं शौवस्तिकम्; पुनः पुनर्भवं पौनःपुनिकम्।

प्रतीच्योदीच्यतिरश्चीनाः—प्रतीच्य, उदीच्य और तिरश्चीन निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, प्रतीचि भवं प्रतीच्यम्, उदीचि भवं उदीच्यम्, तिरश्चि भवं तिरश्चीनम्।

(ञ) तत्र साधुः—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, सभायां साधुः सभ्यः, समाजे साधुः सामाजिकः, अतिथौ साधुः आतिथेयः, वेदे साधुः वैदिकः, संग्रामे साधुः सांग्रामिकः, संयुगे साधुः सांयुगीनः, वितण्डा-वैतण्डिकः, संकथा-सांकथिकः, संग्रह-सांग्रहिकः।

(ट) देये कालादवश्यम्भावे (देयमृणं)—अवश्यम्भाव अर्थ समझा जाय तो देय अर्थ में कालवाचक शब्द के परे यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, मासे देयं मासिकम्, वर्षे देयं वार्षिकम्, संवत्सर-सांवत्सरिकम्, आग्रहायण-आग्रहायणिकम्, श्रावण-श्रावणिकम्।

निर्वृत्ते च (तेन निर्वृत्तम्)—निर्वृत्त अर्थ में भी होता है। यथा, दिनेन निर्वृत्तं दैनिकम्, मासेन निर्वृत्तं-मासिकम्, वर्ष-वार्षिकम्, संवत्सर सांवत्सरिकम्।

अह्नोऽह्नः—अहन् शब्द का अह्न होता है। यथा, अह्ना निर्वृत्तम्, आह्निकम्।

व्याप्तौ च—व्याप्ति अर्थ में भी होता है। यथा, दिनं व्याप्य स्थितं दैनिकम्, मासं व्याप्य स्थितम् मासिकम्; वर्षम्-वार्षिकम्, चतुरो मासान् व्याप्य स्थितं चातुर्मास्यम्।

वयसि च—वयस् अर्थ में भी होता है। यथा, द्वे वर्षे अस्य वयः द्विवर्षीणः, द्विवर्षीयः, द्विवार्षिकः, द्विवर्षः; पञ्च वर्षाण्यस्य वयः पञ्चवर्षीणः, पञ्चवर्षीयः, पञ्चवार्षिकः, पञ्चवर्षः; षोडश वर्षाण्यस्य वयः षोडशवर्षीणः, षोडशवर्षीयः, षोडशवार्षिकः, षोडशवर्षः।

(ठ) तत आगतः—इस अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, मथुराया आगतः माथुरः, नगरादागतः नागरिकः, आपण-आपणिकः, उपाध्याय-औपाध्यायकम्, पितामह-पैतामहकम्, मातृ-मातृकम्,

सवितृ-सावित्रम्, भ्रातृ-भ्रातृकम्, पितृ-पैतृकम्, पित्र्यम्; स्त्रिया आगतं स्त्रैणम्, पुंस आगतं पौंस्नम्।

(ङ) तदर्हति—तत् अर्हति, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, शतमर्हति शतिकः, सहस्रमर्हति साहस्रिकः, छेदम् अर्हति छेद्यः, भेदम् अर्हति भेद्यः, दण्ड-दण्ड्यः अर्घ-अर्घ्यः, वध-वध्यः, यज्ञ-यज्ञीयः, दक्षिणा-दक्षिणीयः,दक्षिण्यः।

(ढ) तस्मादनपेतम् (धर्मपथ्यर्थन्यायादनपेते)—तस्मात् अनपेतम्, इस अर्थ में शब्द के परे यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, धर्मादनपेतं धर्म्यम् according to justice or morality, न्यायात् अनपेतं न्याय्यम्, अर्थ-अर्थ्यम्, पथ-पथ्यम्, विधि-वैधम्।

(ण) तस्येदम्—तस्य इदम्, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, विष्णोरिदं वैष्णवम्, शिवस्येदं शैवम्, जनपद-जानपदम्, तस्य इदं तदीयम्, एतस्य इदं एतदीयम्, देव-दैवम्, असुर-आसुरम्, सम्राज्-साम्राज्यम्, इन्द्र-ऐन्द्रम्, महेन्द्र-माहेन्द्रम्, मनस्-मानसम्, शरीर-शारीरम्, पितृ-पित्र्यम्; गो-गव्यम्, महिष-माहिषम्, वेणु-वैणवम्, पलाश-पालाशम्, खदिर-खादिरम्, बिल्व-बैल्वम्, मुञ्ज-मौञ्जम्, स्त्री-स्त्रैणम्, पुमस्-पौंस्नम्, गङ्गा-गाङ्गम्, हिमवत्-हैमवतम्, पशुपति-पाशुपतम्, शङ्कर-शाङ्करम्, सुर-सौरम्, चन्द्र-चान्द्रम्, वेद-वैदिकम्, उपनिषद्-औपनिषदम्, पृथिवी-पार्थिवम्, जल-जलीयम्, तेजस्-तैजसम्, वायु-वायवीयम्, शत्रु-शात्रवम्, रुद्र-रौद्रम्, न्यङ्कु-नैयङ्कवम्, न्याङ्कवम्; श्वापद-शौवापदम्, श्वापदम्; भरत-भारतम्, भारतवर्ष-भारतवर्षीयम्, युष्माकमिदं-युष्मदीयम्, अस्माकमिदम्,

अस्मदीयम् ।

त्वमावेकवचने—एकवचन में युष्मद् का त्वद् और अस्मद् का मद् होता है। यथा, तव इदं त्वदीयम्, मम इदं मदीयम् ।

युष्माकास्माकौ खञणोः (युष्मदस्मदोरन्यतरस्यां खञ्-)—खञ् और अण् प्रत्यय परे रहने से युष्मद् का युष्माक और अस्मद् का अस्माक होता है। यथा, युष्माकमिदं यौष्माकीणम्, यौष्माकम्। अस्माकमिदं आस्माकीनम् आस्माकम् ।

तवकममकावेकवचने—एकवचन में तवक और ममक होता है। यथा, तव इदं तावकीनम्, तावकम्; मम इदं मामकीनम्, मामकम् ।

परादेः कन् छीयणि—छीयण् प्रत्यय परे रहने से पर, स्व, शब्द इत्यादि शब्द के उत्तर, कन् होता है और इसका क रहता है। यथा, परस्येदं परकीयम्। स्व शब्द के परे विकल्प से होता है; स्वस्येदं स्वकीयम् स्वीयम् ।

सौरसारव-स्वायम्भुवाः—सौर, सारव और स्वायम्भुव निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, सूर्यस्येदं सौरं दिनम्, सरय्वा इदं सारवं जलम्, स्वयम्भुव इदं स्वायम्भुवं धाम।

भवदीयान्यदीयौ—भवदीय और अन्यदीय निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, भवत इदं भवदीयम्, अन्यस्येदं अन्यदीयम् ।

(ख) तस्य विकारः—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, सुवर्णस्य विकारः सौवर्णः, रजतस्य विकारः राजतः, सीसस्य विकारः सैसः, दारु-दारवः, देवदारु-देवदारवः, पयस्-पायसः; अग्नि-आग्नेयः, मुद्ग-मौद्गः, इक्षु-ऐक्षवः, गुड-गौडः, पिष्ट-पैष्टः, तिल-तैलम् ।

(ग) तस्य पण्यम्—तत् अस्य पण्यम् इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, लवण-

स्य पण्यं लावणिकः, तैलमस्य पण्यं तैलिकः, अपूपा अस्य पण्यं आपूपिकः, तण्डुल-ताण्डुलिकः, मोदक-मोदकिकः, उशीर-औशीरिकः, ताम्बूल-ताम्बूलिकः।

(३) तदस्य प्रहरणम्— तत् अस्य प्रहरणम्, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; धनुरस्य प्रहरणं धानुष्कः, असिः अस्य प्रहरणं आसिकः a swordsman, प्रास-प्रासिकः, परश्वध-पारश्वधिकः, परशु-पारशविकः, तरवारि-तारवारिकः, शक्ति-शाक्तीकः, यष्टि-याष्टीकः, (शक्तियष्ट्योरीकक्)।

(४) तदस्य प्रयोजनम्—तत् अस्य प्रयोजनम्, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, स्वर्गः प्रयोजनमस्य स्वर्ग्यम्, यशः प्रयोजनमस्य यशस्यम्, आयुस्-आयुष्यम्, काम-काम्यम्, गृहप्रवेशन-गृहप्रवेशनीयम्, अनुप्रवचन-अनुप्रवचनीयम्, संवेशन-संवेशनीयम्।

(५) तदस्य शीलम्—तत् अस्य शीलम्, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, तपोऽस्य शीलं तापसः, छत्रमस्य शीलं छात्रः, शिक्षा अस्य शीलं शैक्षः, आरोह-आरोहः, चुरा-चौरः।

(६) तदस्य प्राप्तं कालात्—तत् अस्य प्राप्तम्, इस अर्थ में कालवाचक शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, समयोऽस्य प्राप्तः सामयिकः, कालोऽस्य प्राप्तः कालिकः, दिष्टोऽस्य प्राप्तः दैष्टिकः, ऋतुरस्य प्राप्तः आर्तवः।

(७) अधिकृत्य कृते ग्रन्थे—ग्रन्थ समझे जाने पर 'अधिकृत्य कृतम्' इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, राममधिकृत्य कृतं रामायणम्, भगवन्तमधिकृत्य कृतं भागवतम्, भारतानधिकृत्य कृतं भारतम्,

वाक्यं पदञ्चाधिकृत्य कृतं वाक्यपदीयम्, राघवान् पाण्डवा-ञ्चाधिकृत्य कृतं राघवपाण्डवीयम्, किरातमर्ज्जुनञ्चाधिकृत्य कृतं किरातार्ज्जुनीयम्, अनुशासनमधिकृत्य कृतं आनुशासनिकम्, अश्वमेध-अश्वमेधिकम्, आश्रमवास-आश्रमवासिकम्, मुषल-मौषलम्, महाप्रस्थान-महाप्रस्थानिकम्, स्वर्गारोहण-स्वार्गारोहणिकम्।

(च) तस्मै प्रभवति (तस्मै प्रभवति सन्तापादिभ्यः)—तस्मै प्रभवति, इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; सन्तापाय प्रभवति सान्तापिकः, सन्नाहाय प्रभवति सान्नाहिकः, संग्रामाय प्रभवति सांग्रामिकः, सङ्घात-साङ्घातिकः, उत्पात-औत्पातिकः।

कार्म्मुकं धनुषि (कर्म्मण उकञ्)—धनु अर्थ में कार्म्मुक शब्द निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; कर्म्मणे प्रभवति कार्म्मुकं धनुः।

(छ) तस्मै हितम्—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; यज्ञाय हितं यज्ञीयम्, अध्वराय हितं अध्वरीणम्, ब्रह्मणे हितं ब्राह्मण्यम्, विश्वजनेभ्यो हितं विश्वजनीनम्, सर्व्वजनेभ्यो हितं सार्व्वजनीनम् (आत्मन्विश्वजनभोगोत्तरपदात् खः।

(ज) काले नक्षत्रयोगे (नक्षत्रेण युक्तः कालः)—काल और नक्षत्र योग समझा जाय तो नक्षत्रवाचक शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; विशाखया नक्षत्रेण युक्तो मासः वैशाखः, राधया नक्षत्रेण युक्तो मासः राधः, ज्येष्ठा-ज्यैष्ठः, आषाढा-आषाढः, श्रवणा-श्रावणः, श्रावणिकः, मघा-माघः, भद्रपदा-भाद्रपदः, प्रोष्ठपदा-प्रौष्ठपदः, अश्विनी-आश्विनः, अश्वयुज्-आश्वयुजः, कृत्तिका-कार्त्तिकः, कार्त्तिकिकः, अग्रहायणी-अग्रहायणः, आग्रहायणः, आग्रहायणिकः; पुषी

मार्गः, मृगशीर्ष-मार्गशीर्षः, मृगशिरस्-मार्गशिरसः, मघा-माघः, फल्गुनी-फाल्गुनः, फाल्गुनिकः, चित्रा-चैत्रः, चैत्रिकः।

यलोपस्तिष्यपुष्ययोः—तिष्य और पुष्य शब्द के य का लोप होता है। यथा; तिष्येण नक्षत्रेण युक्तो मासः तैषः, पुष्येण नक्षत्रेण युक्तो मासः पौषः।

(ष) तद्वहति—तत् वहति, इस अर्थ में यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; धुरं वहति धुर्य्यः, धौरेयः, सर्व्वधुरं वहति सर्व्वधुरीणः, चतुर्धु रा-चतुर्धु रीणः, हल-हालिकः, सीर-सैरिकः, रथ-रथ्यः, युग-युग्यः, शकट-शाकटः।

(स) तेन जीवति—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; वेतनेन जीवति वैतनिकः, वाहनेन जीवति वाहनिकः, जालेन जीवति जालिकः, उपदेशेन जीवति औपदेशिकः, धनुषा जीवति धानुष्कः, क्रयविक्रयाभ्यां जीवति क्रयविक्रयिकः, आयुध-आयुधिकः, आयुधीयः, वागुरा-वागुरिकः, नौ-नाविकः, व्यवहार-व्यवहारिकः।

(ह) तदस्मिन् दीयते—तत् अस्मिन् दीयते, इस अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, द्वावस्मिन् वृद्धि :दीयते द्विकंशतम्, त्रिकंशतम्, चतुष्कंशतम्, पञ्चकंशतम् वृद्धिः। आय, लाभ इत्यादि के ज्ञान में होता है।

(क्ष) तादर्थ्ये—तादर्थ्य समझे जाने पर शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा; पादार्थम् उदकं पाद्यम्, अर्घार्थम् उदकं अर्घ्यम्, बलये इदम् बालेयम्, अतिथये इदं आतिथ्यम्, अग्निदेवतायै इदं अग्निदैवत्यम्, पितृदेवतायै इदं पित्रदैवतम्।

(ज्ञ) स्वार्थे—इस अर्थ में प्रातिपदिक के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। प्रत्यय होने से शब्द के अर्थ में परि-

वर्तन नहीं होता, पहला ही अर्थ रहता है। यथा; धनुर्धर धानुष्कः, चोर एव चौरः, चण्डाल एव चाण्डालः, मन एव मानसम्, देवता एव दैवतम्, प्रज्ञ एव प्राज्ञः, कुतुक-कौतुकम्, कुतूहल-कौतूहलम्, भस्म्-भास्मः, रक्षस्-राक्षसः, भेषज-भैषज्यम्, इतिहैय-ऐतिह्यम्, त्रिलोकी-त्रैलोक्यम्, करुणा-कारुण्यम्, द्विगुण-द्वैगुण्यम्, त्रिगुण-त्रैगुण्यम्, षड्गुण-षाड्गुण्यम्, चत्वारो वर्णा एव चातुर्वर्ण्यम्, सेना-सैन्यम्, सन्निधि-सान्निध्यम्, समीप-सामीप्यम्, उपमा-औपम्यम्, सुख-सौख्यम्, सोदर-सोदर्य्यः, एक-ऐककः, अत्यय-आत्यायिकः, सूर एव सूर्य्यः, मर्त्त एव मर्त्यः, समान-सामान्यम्, वाच-वाचकः, बाल-बालकः, नौ-नौका, नव-नव्यम्, नवीनम्, एवमेव वाचिकं सन्देशवचनम्।

देवात्तल्—स्वार्थ में देव शब्द के उत्तर तल् होता है। यथा; देव एव देवता।

भागरूपनामभ्यो धेयः—स्वार्थ में भाग, रूप, नामन् इनके परे धेय प्रत्यय होता है। यथा; भाग एव भागधेयः, नाम एव नामधेयम्।

मृदस्तिकन्—स्वार्थ में मृद् शब्द के उत्तर तिकन् प्रत्यय होता है। यथा; मृदेव मृत्तिका।

सस्नौ प्रशंसायाम्—प्रशंसा समझी जाय तो स्वार्थ में मृद् शब्द के उत्तर स और स्न प्रत्यय होते हैं। यथा; प्रशस्ता, मृत् मृत्स्ना, मृत्सा।

नूत्ननूतनौ—नूत्न और नूतन शब्द निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, नवमेव नूत्नं, नूतनम्।

औपयिकश्च—औपयिक शब्द निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, उपाय एव औपयिकः

(प) सोऽस्य निवासोऽभिजनो वा (सोऽस्य निवासः अभिजनश्च)—सः अस्य निवासः। (निवासोनाम यत्र सम्प्रत्युष्यते), सः अस्य

अभिजनः (अभिजनो नाम यत्र पूर्वैरुषितम्) इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं । यथा, मथुरा अस्य निवासः माथुरः, मिथिला अस्य निवासः मैथिलः, कम्बोज-काम्बोजः, कश्मीर-काश्मीरः, गन्धार-गान्धारः, कलिङ्ग-कालिङ्गः, उत्कल-औत्कलः, सिन्धु-सैन्धवः, तक्षशिला-ताक्षशिलः, विदेह-वैदेहः, पञ्चाल-पाञ्चालः, मगध-मागधः, अयोध्या-आयोध्यिकः, मद्र-माद्रः, अङ्ग-आङ्गः, वङ्ग-वाङ्गः । अभिजन अर्थ में भी ऐसा ही होता है । यथा, गान्धारोऽस्य अभिजनः गान्धारः इत्यादि ।

लोपो बहुवचने (तद्राजस्य बहुषु तेनैवास्त्रियाम्)—बहुवचन में निवास और अभिजन अर्थ में विहित प्रत्यय का लोप होता है । यथा, अङ्ग एषां निवासः अङ्गाः; वङ्ग एषां निवासः वङ्गाः, कलिङ्ग एषां निवासः कलिङ्गाः, विदेह एषां निवासः विदेहाः, उत्कल-उत्कलाः, कम्बोज-कम्बोजाः, मगध-मगधाः, पञ्चाल-पञ्चालाः, कश्मीर-कश्मीराः ।

न स्त्रियाम् (तद्राजस्य बहुषु तेनैवास्त्रियाम्)—स्त्रीलिङ्ग में नहीं होता । यथा, मगध आसां निवासः मागध्यः, पञ्चाल-पाञ्चाल्यः, विदेह-वैदेह्यः, कलिङ्ग-कालिङ्ग्यः ।

सोऽस्य राजेत्येवम्—सः अस्य राजा, इस अर्थ में भी वे ही प्रत्यय और कार्य्य होते हैं जो 'सोऽस्यऽनिवासः, सोऽस्याभिजनः' अर्थ में होते हैं । यथा, कश्मीरस्य राजा काश्मीरः, कलिङ्गस्य राजा कालिङ्गः, विदेहस्य राजा वैदेहः, पञ्चाल-पाञ्चालः, मगध-मागधः, निषध-नैषधः । बहुवचन में कश्मीराः, कलिङ्गाः, विदेहाः, पञ्चालाः, मगधाः, निषधाः ।

(ख) तस्य भावः—इस अर्थ में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं । यथा, कुमारस्य भावः

कौमारम्, शिरोमणिः शैरसम्, वृद्धस्य भावः वार्द्धक्यम्, स्थविर-स्थाविरम्, गुरु-गौरवम्, लघु-लाघवम्, सुष्ठु-सौष्ठवम्, ऋजु-आर्जवम्, मृदु-मार्दवम्, पटु-पाटवम्, सुरभि-सौरभम्, रमणीय-रामणीयम्, कमनीय-कामनीयम्, स्थिर-स्थैर्य्यम्, धीर-धैर्य्यम्, गम्भीर-गाम्भीर्य्यम्, कृश-कार्श्यम्, जड-जाड्यम्, शीत-शैत्यम्, उष्ण-औष्ण्यम्, दृढ-दार्ढ्यम्, मन्द-मान्द्यम्, सुभग-सौभाग्यम्, दुर्भग-दौर्भाग्यम्, मधुर-माधुर्य्यम्, माधुरी; मूर्ख-मौर्ख्यम्, विषम-वैषम्यम्, सम-साम्यम्, कातर-कातर्य्यम्, कर्कश-कार्कश्यम्, बाल-बाल्यम्, शुक्ल-शौक्ल्यम्, सुमनस्-सौमनस्यम्, दुर्मनस्-दौर्मनस्यम्, प्रवीण-प्रावीण्यम्, उदासीन-औदासीन्यम्, कृपण-कार्पण्यम्, मध्यस्थ-माध्यस्थ्यम्, उदार-औदार्य्यम्, विगुण-वैगुण्यम्, सुजन-सौजन्यम्, स्थूल-स्थौल्यम्, अधिक-आधिक्यम्।

(ढ) तस्य भावः कर्म्म च (गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च)—तस्य भावः, तस्य कर्म्म, इन अर्थों में शब्द के उत्तर यथासम्भव उपर्युक्त प्रत्यय होते हैं। यथा, ब्राह्मणस्य भावः कर्म्म वा ब्राह्मण्यम्, चोरस्य भावः कर्म्म वा चौर्य्यम्, अलस-आलस्यम्, सेनापति-सैनापत्यम्, अधिपति-आधिपत्यम्, सखि-सख्यम्, शूर-शौर्य्यम्, वीर-वीर्य्यम्, दूत-दूत्यं, दौत्यम्; पुरोहित-पौरोहित्यम्, सुहित सौहित्यम्, सारथि-सारथ्यम्, आस्तिक-आस्तिक्यम्, नास्तिक-नास्तिक्यम्, पण्डित-पाण्डित्यम्, वणिज्-वाणिज्यम्, शुचि-शौचम्, अशुचि-अशौचम्, मुनि-मौनम्, अकुशल-अकौशलम्, अनुकूल-आनुकूल्यम्, प्रतिकूल-प्रातिकूल्यम्, पुरुष-पौरुषम्, सुभ्रातृ-सौभ्रात्रम्, दुर्भ्रातृ-दौर्भ्रात्रम्, सुहृद्-सौहार्द्दम्, दुर्हृद्-दौर्हार्द्दम्, अनृशंस-आनृशंस्यम्, निपुण-कुशल-कौशल्यं, कौसलम्, चपल-चापल्यम्, चापलम्;

नैपुण्यम्, नैपुणम्; सहाय-साहाय्यम्, साहायकम्; चतुर्-चातुर्य्यम्, चातुरी।

(अ) इतरेष्वपि दृश्यन्ते—षिण् इत्यादि प्रत्यय जो अपत्य अर्थ में आते हैं वे तद्धित अनेक अर्थों में आते हैं। यथा, धर्मं चरति धार्मिकः, धर्मं गतः धर्म्यः, पृथिव्या ईश्वरः पार्थिवः, सर्व्वभूमेः ईश्वरः सार्व्वभौमः, चक्षुषा गृह्यते चाक्षुषं रूपम्, श्रवणेन गृह्यते श्रावणः शब्दः, रसनया गृह्यते रासनो रसः, त्वचा गृह्यते त्वाचः स्पर्शः, चक्षुषा निष्पन्नं चाक्षुषं प्रत्यक्षम्, श्रवणेन निष्पन्नं श्रावणम्, रसनया निष्पन्नं रासनम्; त्वचा निष्पन्नं त्वाचम्, पारं गतवान् पारीणः, पारावारं गतवान् पारावारीणः, अर्थेन क्रीतः आर्थः, विद्यया लब्धं वैद्यम्, विद्यायां कुशलः वैद्यः, स्त्रिया जितः स्त्रैणः, द्वारे नियुक्तः दौवारिकः, भाण्डागारे नियुक्तः भाण्डागारिकः, हिमवतः प्रभवति हैमवती गङ्गा, विदूरात् प्रभवति वैदूर्य्यो मणिः, रथेन सञ्चरते रथिकः, अश्वेन सञ्चरते आश्विकः, शकुनीन् हन्ति शाकुनिकः, शकुन्तान् हन्ति शाकुन्तिकः सहसा वर्त्तते साहसिकश्चौरः, जलेन वर्त्तते जलीयो मत्स्यः, अनुकूलं वर्त्तते आनुकूलिकः, प्रतिकूलं वर्त्तते प्रातिकूलिकः, नावा तार्य्या नाव्या नदी, वयसा तुल्यः वयस्यः, तुलया सम्मितं तुल्यम्, गृहपतिना संयुक्तः गार्हपत्योऽग्निः, समाने तीर्थे वसति सतीर्थ्यः, समाने उदरे शयितः समानोदर्य्यः, अग्रे दीयते अग्रियम्, अग्रीयम्, लोके विदितः लौकिकः, सर्व्वलोके विदितः सार्व्वलौकिकः, नित्यं क्रियते दीयते वा नैत्यम्, नैत्यकम्, नैत्यिकम्; निमित्तेन क्रियते दीयते वा नैमित्तिकम्, प्रवेशेन दीयते प्रावेशनम्, प्रावेशनिकम्; सर्व्वाङ्गाणि व्याप्नोति सर्व्वाङ्गीणस्तापः; आप्रपदं-प्राप्नोति आप्रपदीनः पटः, अनुपदं बद्धा अनुपदीना उपा-

नत्, अभ्यमित्रं सम्यक् गच्छति अभ्यमित्रीयः, अभ्यमित्रीणः a soldier who faces the enemy valiantly, सप्तभिः पदैरवाप्यते साप्तपदीनं सख्यम्, इन्द्रस्य आत्मनो लिङ्गं इन्द्रियम्, कुशाग्रमिव कुशाग्रीया बुद्धिः, काकतालमिव (काकागमनमिव तालपतनमिव काकतालम्) काकतालीयम्, प्राक् सम्मुखः प्राचीनः eastern, अवाक् सम्मुखः अवाचीन. southern, सुस्नातं पृच्छति सौस्नातिकः, सुखशयनं पृच्छति सौखशायनिकः, परदारान् गच्छति पारदारिकः, याचितेन निर्वृत्तं याचितकम्, अर्घं गृह्णाति आर्घिकः, आपणस्य धर्म्यं आपणिकम्, नरस्य धर्म्या नारी, वातस्य शमनं कोपनं वा वातिकम्, पित्तस्य शमनं कोपनं वा पैत्तिकम्, सन्निपातस्य शमनं कोपनं वा सान्निपातिकम्, अस्ति परलोक इति मतिर्यस्य आस्तिकः, नास्ति परलोक इति मतिर्यस्य नास्तिकः, अस्ति दिष्टमिति मतिः यस्य दैष्टिकः, आमलक्याः फलं आमलकम्, बदर्याः फलं बादरम्, अश्वत्थस्य फलं आश्वत्थम्, न्यग्रोधस्य फलं नैयग्रोधम्।

लोपः क्वचित् प्रत्ययस्य—कहीं कहीं प्रत्यय का लोप होता है। व्रीहीणां फलानि व्रीहयः, यवानां फलानि यवाः, माषाणां फलानि माषाः, मल्लिकायाः पुष्पं मल्लिका, मालत्याः पुष्पं मालती, करवीरस्य पुष्पं करवीरम्, पाटलस्य पुष्पं पाटलं, जात्याः पुष्पं जाती, यूथ्याः पुष्पं यूथी।

जम्ब्वा विभाषा—जम्बु शब्द के उत्तर विकल्प से होता है। यथा; जम्ब्वा। फलं जम्बु जाम्बवम्।

हैयङ्गवीनायस्त्रीनौ—हैयङ्गवीन और आयस्त्रीन निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, ह्यो गोदोहाद् उद्धृतं हैयङ्गवीनम्,

अद्य श्वो वा घटते अद्यश्वीनं मरणम्, अद्यश्वीनो वियोगः, अद्य श्वो वा प्रसूता अद्यश्वीना स्त्री।

पान्थसाक्षिवार्द्धुषिकाः— पान्थ, साक्षिन् और वार्द्धुषिक निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; पथि कुशलः पान्थः, साक्षाद् द्रष्टा साक्षी, वृद्ध्या जीवति वार्द्धुषिकः।

आमुष्मिकामुष्यायणौ—ष्णिकण् और ष्फायनण् प्रत्यय सहित अदस् का आमुष्मिक और आमुष्यायण निपातन से होता है। यथा; अमुष्मिन् (परलोके) हितं आमुष्मिकम्, अमुष्य (मृतस्य) पुत्र आमुष्यायणः।

पौनःपुन्यम्—पौनःपुन्य निपातन से सिद्ध होता है। यथा; पुनः पुनरनुष्ठानं सङ्घटनं वा पौनःपुन्यम्।

N. B. नस्यलोपोऽन्त्यस्य—तद्धित प्रत्यय होने शब्द के अन्तस्थित न् का लोप होता है। यथा; अग्निशर्म्मणोऽपत्यं आग्निशर्म्मिः, उडुलोम्नोऽपत्यं औडुलोमिः, राज्ञां समूहः राजकम्, हस्तिनां समूहः हास्तिकम्, पथि कुशलः पथिकः, सर्व्वकर्म्मसु कुशलः सर्व्वकर्म्मीणः नामैव नामधेयम्, श्वो अद्य भवः श्वस्तनः, सामवेदं अधीते वा सामकः, आत्मन् आत्मीयम्।

२ मानःतस्य पणि—ष्ण् प्रत्यय परे होने से अन्-भागान्त शब्द के न् का लोप नहीं होता है। यथा, यूनो भावः यौवनम्, मघोन इदं माघवनम्, यूनां समूहः यौवनम्, पर्व्वणि क्रियते दीयते वा पार्व्वणम्, सामनि कुशलः सामनः, सुत्वन इदं सौत्वनम्, यज्वनोऽपत्यं याज्वनः, चर्म्मणा परिवृतः चार्म्मणः, कर्म्माणि शीलं कार्म्मणः, अश्मनो विकारः आश्मनः।

३ ये च भावकर्म्मवर्ज्जे—तद्धित के य परे रहने से अन् भागान्त शब्द के न् का लोप होता है। यथा, सामनि साधुः सामन्यः, मूर्द्धनि साधुः मूर्द्धन्यः, अध्वनि साधुः अध्वन्यः, राजनि साधुः राजन्यः कर्म्मणि दमवर्ति कर्म्मण्यः, मूर्द्धनि भवः मूर्द्धन्यः। कर्म्म और भाव अर्थ में न् का लोप

होता है। यथा, राज्ञो भावः कर्म्म वा राज्यम्।

४ नाध्वात्मनोर्खीने—खीन् प्रत्यय होने से अध्वन् और आत्मन् के न् का लोप होता है। यथा, अध्वनि साधुः अध्वनीनः, आत्मने हितं आत्मनीनम्।

५ मनन्तस्यापत्यण्णि—अपत्य अर्थ में विहित णण् प्रत्यय परे रहने से मन् भागान्त शब्द के न् का लोप होता है। यथा, सुनाम्नोऽपत्यं सौनामः, दुर्नाम्नोऽपत्यं दौर्नामः, हस्तनाम्नोऽपत्यं हास्तनामः।

६ वा हितनाम्नः—हितनामन् के परे विकल्प से न का लोप होता है। यथा, हितनाम्नोऽपत्यं हैतनामः, हैतनामनः।

७ हेमाश्मनोर्विकारे—विकारार्थे विहित णण् प्रत्यय परे रहने से हेमन् और अश्मन् के न् का लोप होता है। यथा, हेम्नो विकारः हैमः, अश्मनो विकारः आश्मः।

८ चर्म्मणः कोषे—कोष अर्थ में चर्म्मन् के न् का लोप होता है। यथा, चर्म्मणो विकारः चार्म्मः कोषः।

९ ब्रह्मणोऽजातौ—जाति भिन्न अर्थ में ब्रह्मन् के न् का लोप होता है। यथा, ब्रह्मा अस्य देवता ब्राह्मं अस्त्रम्, ब्राह्मं हविः, ब्राह्मी ओषधिः, ब्रह्म उपास्ते ब्राह्मः, ब्रह्मण इयं ब्राह्मी तनुः। जाति अर्थ में नहीं होता। यथा, ब्रह्मणोऽपत्यं ब्राह्मणः।

१० नेनन्तस्य चणि—णण् प्रत्यय होने से इन्-भागान्त शब्द के न् का लोप नहीं होता है। यथा, वर्म्मिण इदं वार्म्मिणम्, हस्तिन इदं हास्तिनम्, मेधाविन इदं मेधाविनम्, दण्डिन इदं दाण्डिनम्, अपत्य अर्थ में होता है; यथा, मेधाविनोऽपत्यं मेधावः, मायाविनोऽपत्यं मायावः। गाथिन् इत्यादि में नहीं होता, यथा, गाथिनोऽपत्यं गाथिनः, केशिनोऽपत्यं कैशिनः।

इन् संयुक्तवर्ण से मिला हो तो नहीं होता; यथा, शङ्खिनोऽपत्यं शाङ्खिनः, शार्ङ्गिणोऽपत्यं शार्ङ्गिणः, चक्रिणः अपत्यं चाक्रिणः।

१० तस्य भावस्त्वतलौ—तस्य भावः, इस अर्थ में शब्द के उत्तर त्व और तल् प्रत्यय होते हैं। तल् का त रहता है। त्व प्रत्ययान्त शब्द क्लीवलिङ्ग और तल् प्रत्ययान्त शब्द स्त्री-लिङ्ग होते हैं। यथा, प्रभोर्भावः प्रभुत्वम्, प्रभुता; भीरोर्भावः भीरुत्वम्, भीरुता; मनुष्य-मनुष्यत्वम्, मनुष्यता, अमर अमरत्वम्, अमरता; पशु-पशुत्वम्, पशुता, शूर-शूरत्वम्, शूरता; चपल-चपलत्वम्, चपलता; नास्तिक-नास्तिकत्वम्, नास्तिकता; अलस-अलसत्वम्, अलसता; अन्ध-अन्धत्वम्, अन्धता; मूर्ख-मूर्खत्वम्, मूर्खता; मूक-मूकत्वम, मूकता; राज-राजत्वम, राजता; युवन्-युवत्वम्, युवता; न्यून-न्यूनत्वम्, न्यूनता।

११ वा नीलादेरिमनिः—तस्य भावः, इस अर्थ में नील इत्यादि प्रातिपदिक के उत्तर इमनि होता है और इसका इमन् रहता है। इमन् प्रत्ययान्त शब्द पुंलिङ्ग होते हैं। पक्षान्तर में त्व और तल् होते हैं। यथा, नीलस्य भावः नीलिमा, नीलत्वम्, नीलता; पीत-पीतिमा, पीतत्वम्, पीतता; रक्त रक्तिमा, रक्तत्वम्, रक्तता; शुक्ल-शुक्लिमा, शुक्लत्वम, शुक्लता; उष्ण-उष्णिमा, उष्णत्वम्, उष्णता; जड-जडिमा, जडत्वम्, जडता; मधुर-मधुरिमा, मधुरत्वम्, मधुरता।

(क) ओर्लोपोऽन्त्यस्य—इमन् प्रत्यय होने से शब्द के अन्तस्थित उ का लोप होता है (इष्ठ और ईयसु प्रत्यय में भी यही नियम लगता है)। यथा, लघोर्भावः लघिमा, लघुत्वम्, लघुता; अणु-अणिमा, अणुत्वम्, अणुता; तनु-तनिमा, तनुत्वम्, तनुता; स्वादु-स्वादिमा, स्वादुत्वम्, स्वादुता, पटु-पटिमा, पटुत्वं, पटुता, ऋजु-ऋजिमा, ऋजुत्वम्, ऋजुता।

(ख) ऋतो रः पृथ्वादेः (र ऋतो हलादेर्लघोः)—इमनि, इष्ठ,

और ईयस् प्रत्यय होने से पृथु, मृदु, दृढ, कृश, भृश और परिवृढ के ऋ का र् होता है। यथा, पृथोर्भावः प्रथिमा, पृथुत्वम्, पृथुता; मृदु-म्रदिमा, मृदुत्वम्, मृदुता; दृढ-द्रढिमा, दृढत्वम्, दृढता; कृश-क्रशिमा, कृशत्वम्, कृशता; भृश-भ्रशिमा, भृशत्वम्, भृशता; परिवृढ-परिव्रढिमा, परिवृढत्वम्, परिवृढता।

(ग) प्रिय-महतोः प्र-महौ (प्रियस्थिरस्फिरोरुबहुलगुरुवृद्धतृप्रदीर्घवृन्दारकाणां प्रस्थस्फवर्बंहिगर्वर्षित्रब्द्राघिवृन्दाः)—इमन्, इष्ठ और ईयसु प्रत्यय होने से प्रिय का प्र और महत् का मह होता है। यथा, प्रियस्य भावः प्रेमा, प्रियत्वम्, प्रियता; महतो भावः महिमा, महत्त्वम्, महत्ता।

(घ) गुरु-ह्रस्व-दीर्घाणां गर् ह्रस-द्राघाः (प्रियस्थिर... । स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां यणादिपरं पूर्वस्य च गुणः)—इमनि, इष्ठ और ईयसु प्रत्यय होने से गुरु का गर्, ह्रस्व का ह्रस् और दीर्घ का द्राघ् होता है। यथा, गुरोर्भावः गरिमा, गुरुत्वम्, गुरुता; ह्रस्व-ह्रसिमा, ह्रस्वत्वम्, ह्रस्वता; दीर्घ-द्राघिमा, दीर्घत्वम्, दीर्घता।

(च) भूमा बहोर्लोपो भू च बहोः)—बहु शब्द के परे इमनि होने से भूमन् निपातन से सिद्ध होता है। यथा, बहोर्भावः भूमा।

१२ औपम्ये वतिच् (तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः)—सादृश्य समझा जाय तो शब्द के उत्तर वतिच् होता है और इसका वत् रहता है। यथा, चन्द्र इव मुखं चन्द्रवन्मुखम्, हिममिव शीतलं हिमवत् शीतलम्, समुद्र इव गम्भीरः समुद्रवद्गम्भीरः, पर्वत इव उन्नतः पर्वतवदुन्नतः, ब्राह्मण इव अधीते ब्राह्मणवदधीते, क्षत्रिय इव युध्यते क्षत्रियवद्युध्यते, पितरमिव पूजयति पितृ-

वत् पूजयत्युपाध्यायम्, पुत्रमिव स्निह्यति पुत्रवत् स्निह्यति शिष्यम्, गृहे इव वसति गृहवद्वसति वने, शय्यायामिव शेते शय्यावत् शेते भूतले, देवदत्तस्य इव भवनं देवदत्तवद्भवनं यज्ञदत्तस्य, रामस्येव पितृभक्तिः रामवत् पितृभक्तिर्भरतस्य, राजेव राजवत्, आत्मेव आत्मवत्।

११ तेन वित्तश्चुञ्चुपचणपौ (तेन वित्तश्चुञ्चुप्चणपौ)—तेन वित्तः, इस अर्थ में शब्द के उत्तर चुञ्चु और चण होते हैं। यथा, अर्थेन वित्तः अर्थचुञ्चुः, अर्थचणः famous for wealth, विद्यया वित्तः विद्याचुञ्चुः, विद्याचणः, ज्ञानेन वित्तः ज्ञानचुञ्चुः, ज्ञानचणः। माया-मायाचुञ्चुः, मायाचणः, अस्त्र-अस्त्रचुञ्चुः अस्त्रचणः, कर्मन्-कर्मचुञ्चुः, कर्मचणः।

१४ तदस्यास्मिन् वा संजातं तारकादिभ्य इतः (तदस्य सञ्जातं तारकादिभ्य इतच्)—तत् अस्य संजातम्, तत् अस्मिन् संजातम्, इन अर्थों में शब्द के परे इत होता है। यथा, तारका अस्मिन् सञ्जाताः तारकितं नभः, पल्लवाः अस्य सञ्जाताः पल्लवितः तरुः, फलानि अस्य संजातानि फलितो वृक्षः, पुष्प-पुष्पिता लता, तरङ्ग-तरङ्गिता नदी, उत्कण्ठा-उत्कण्ठितं मनः, अन्धकार-अन्धकारितं जगत्, कलङ्क-कलङ्कितश्चन्द्रः, कर्द्दम-कर्द्दमिताः सन्ध्याः, पुलकानि अस्मिन् सञ्जातानि पुलकितं शरीरम्, अङ्कुर-अङ्कुरितं धान्यम्, व्याधि-व्याधितो मनुष्यः, मञ्जरी-मञ्जरितः, कुड्मल-कुड्मलितः, स्तवक-स्तवकितः, किसलय-किसलयितः, मुकुल-मुकुलितः, कुवलय-कुवलयितः, कोरक-कोरकितः, निद्रा-निद्रितः, मुद्रा-मुद्रितः, बुभुक्षा-बुभुक्षितः, पिपासा-पिपासितः, सुख सुखितः, दुःख-दुःखितः, व्रण-व्रणितः, तिलक-तिलकितः, गर्व-गर्वितः, दर्प-दर्पितः, क्षुध (क्षुधा)-क्षुधितः, सीमन्त-सीमन्तितः, ज्वर-ज्वरितः, रोग-रोगितः, रोमाञ्च-रोमाञ्चितः,

पण्डा-पण्डितः, कण्टक-कण्टकितः, क्षुधा-क्षुधितः, कल्लोल-कल्लोलितः, शीतल-शीतलितः, कज्जल-कज्जलितः, पिण्ड-पिण्डितः, प्रतिबिम्ब-प्रतिबिम्बितः, मूर्च्छा मूर्च्छितः, दीक्षा-दीक्षितः।

१५ प्रमाणे मात्र दघ्न द्वयसः (प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः)—परिमाण अर्थ में शब्द के उत्तर मात्रच्, दघ्नच्, और द्वयसच् प्रत्यय होते हैं और इनका यथाक्रम मात्र, दघ्न और द्वयस् रहता है। यथा, हस्तः प्रमाणमस्य हस्तमात्रम्, हस्तदघ्नम्, हस्तद्वयसम्; जानु प्रमाणमस्य जानुमात्रम्, जानुदघ्नम्, जानुद्वयसम्; ऊरुमात्रम्, ऊरुदघ्नम्, ऊरुद्वयसम्, वितस्ति-वितस्तिमात्रम्, वितस्तिदघ्नम्, वितस्तिद्वयसम्। ताल-तालमात्रम्, तालदघ्नम्, तालद्वयसम्, गज-गजमात्रम्, गजदघ्नम्, गजद्वयसम्।

१६ यत्तदेतेभ्यः परिमाणे वतुप्—परिमाण अर्थ में यद्, [illegible] और एतद् के परे वतुप् होता है और इसका वत् रहता है।

(क) आ घः (आ सर्वनाम्नः)—वतुप् होने से यद्, तद्, एतद् के द का आ होता है। यथा, यत् परिमाणमस्य यावान्, [illegible] परिमाणस्य तावान्, एतत् परिमाणमस्य एतावान्।

(ख) कियदियतौ (किमिदंभ्यां वो घः)—किम् और इदम् शब्द [illegible] उत्तर घतुप् होने से कियत् और इयत् निपातन [illegible] सिद्ध होते हैं। यथा, किं परिमाणमस्य कियान्, इदं परिमाणम[illegible] इयान्।

१७ किमः संख्यापरिमाणे डतिः (संख्यापरिमाणे डति च)—संख्या-परिमाण समझा जाय तो किम् शब्द के उत्तर डति होता है और इसका अति रहता है। यथा, का संख्या परिमाण-[illegible]ं कति। कति शब्द बहुवचनान्त है।

१८ अवयवे तयप् संख्यायाः (संख्याया अवयवे तयप्)—अवयव

अर्थ में संख्यावाचक शब्द के उत्तर तयट् होता है और इसका तय रहता है। यथा, चत्वारो अवयवा अस्य चतुष्टयम्, पञ्च अवयवा अस्य पञ्चतयम्, शत-शततयम्, सहस्र-सहस्रतयम्।

(क) द्वयट् वा द्वित्रिभ्याम् (द्वित्रिभ्यां तयस्यायच् वा)—अवयव अर्थ में द्वि और त्रि के परे विकल्प से ङयट् होता है और इसका अय रहता है। पक्षान्तर में तयट् होता है। यथा, द्वौ अवयवौ अस्य द्वयं, द्वितयम्; त्रयोऽवयवा अस्य त्रयम्, त्रितयम्।

(ख) उभाद्यः (उभादुदात्तो नित्यम्)—अवयव अर्थ में उभ के उत्तर य होता है। यथा, उभौ अवयवौ अस्य उभयम्।

(ग) तदस्मिन्नधिकमिति दशान्ताड्डः—तत् अस्मिन् अधिकम्, इस अर्थ में दशन् भागान्त शब्द के उत्तर ड होता है और इसका अ रहता है। यथा, एकादश अधिका अस्मिन् एकादशं शतम्, द्वादशं शतम्, त्रयोदशं शतम्, चतुर्दशं शतम्।

(घ) शदन्त विंशतेश्च—तत् अस्मिन् अधिकम्, इस अर्थ में शत् भागान्त और विंशति शब्द के उत्तर ड होता है। यथा, त्रिंशत् अधिका अस्मिन् त्रिंशं शतम्, चत्वारिंशं शतम्, पञ्चाशं शतम्, एकत्रिंशं शतम्, चतुश्चत्वारिंशं शतम्, पञ्चपञ्चाशं शतम्, विंशं शतम्, एकविंशं शतम्।

१२ संख्यायाः पूरणे डट् (तस्य पूरणे डट्)—पूरण अर्थ में संख्यावाचक शब्द के उत्तर डट् होता है और इसका अ रहता है। यथा, एकादशानां पूरणः एकादशः, द्वादशः, त्रयोदशः, चतुर्दशः, पञ्चदशः, षोडशः, सप्तदशः, अष्टादशः।

(क) नान्तादसंख्यादेर्मट्—पूरण अर्थ में नकारान्त संख्यावाचक शब्द के उत्तर मट् होता है। मट् का म रहता है। यथा, पञ्चानां पूरणः पञ्चमः, सप्तानां पूरणः सप्तमः, अष्टमः,

नवमः, दशमः । अन्य संख्यावाचक शब्द में नहीं होता; यथा, एकादशानां पूरणः एकादशः, द्वादशः, त्रयोदशः ।

(ख) षट्-चतुर्-षष्-कतिभ्यः (षट्कति कतिपयचतुरां थुक्)-पूरण अर्थ में चतुर्, षष् कति और कतिपय के उत्तर थट् होता है और इसका थ रहता है । यथा, चतुर्णां पूरणः चतुर्थः, षष्ठः, कति-कतिथः, कतिपय-कतिपयथः ।

(ग) द्वेस्तीयः—पूरण अर्थ में द्वि. के उत्तर तीय होता है । यथा, द्वयोः पूरणः द्वितीयः ।

(घ) तृतीय-तुर्य-तुरीयाः—पूरण अर्थ में तृतीय, तुर्य और तुरीय निपातन से सिद्ध होते हैं । यथा, त्रयाणां पूरणः तृतीयः, चतुर्णां पूरणः तुर्यः, तुरीयः ।

(च) विंशत्यादेस्तमट् वा (विंशत्यादिभ्यस्तमडन्यतरस्याम्)—पूरण अर्थ में विंशति इत्यादि संख्यावाचक शब्द के उत्तर विकल्प से तमट् होता है और इसका तम रहता है । पक्षान्तर में डट् होता है । यथा, विंशतेः पूरणः विंशतितमः, विंशः, एकविंशतितमः, एकविंशः; द्वाविंशतितमः, द्वाविंशः, त्रयोविंशतितमः, त्रयोविंशः; त्रिंशत्तमः, त्रिंशः; चत्वारिंशत्तमः, चत्वारिंशः; पञ्चाशत्तमः, पञ्चाशः ।

नित्यं शतादेः (नित्यं शतादिमासार्धमाससंवत्सराच्च)-शत इत्यादि शब्द के उत्तर नित्य तमट् होता है । यथा, शतस्य पूरणः शततमः, सहस्र-सहस्रतमः, अयुत अयुततमः, मासतमः, अर्धमासतमः, संवत्सरतमः ।

षष्ट्यादेश्चासंख्यादेः—षष्टि प्रभृति संख्यावाचक शब्द के उत्तर नित्य तमट् होता है । यथा, षष्टेः पूरणः षष्टितमः, सप्ततितमः, अशीतितमः । नवतितमः । अन्य संख्यावाचक शब्द पहले रहने से विकल्प से होता है; यथा, एकषष्टेः पूरणः एकषष्टितमः, एकषष्टः, द्विषष्टितमः, द्विषष्टः ।

(छ) बहु-गण-पूग-संघेभ्यस्तिथुक् (बहुपूगगणसंघस्य तिथुक्)-पूरण

अर्थ में बहु, गण, पूग और संघ के उत्तर तिथुक् होता है और इसका तिथ रहता है। यथा, बहूनां पूरणः बहुतिथः, गणानां पूरणः गणतिथः, पूगतिथः, संघतिथः।

(ञ) वत्वन्तादिथुक् (वतोरिथुक्)— पूरण अर्थ में वतु प्रत्ययान्त शब्द के उत्तर इथुक् होता है और इथ रहता है। यथा, यावतां पूरणः यावतिथः, तावतिथः, कियतिथः, एतावतिथः।

२१ तदस्यास्मिन्वास्ति मतुप् (तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्)—तत् अस्य अस्ति, तत् अस्मिन् अस्ति इन अर्थों में शब्द के उत्तर मतुप् होता है और इसका मत् रहता है। यथा, मतिरस्यास्ति मतिमान्, बुद्धिः अस्मिन् अस्ति बुद्धिमान्, धी-धीमान्, श्री-श्रीमान्, अंशु-अंशुमान्, पितृ-पितृमान्, धनुस्-धनुष्मान्, वपुस्-वपुष्मान्, अग्नि-अग्निमान्, वायु-वायुमान्, नदी-नदीमान् देशः, गावोऽस्यां सन्ति गोमती शाला।

N. B. अवर्णान्तात्मो वः (मादुपधायाश्च मतोर्वोऽयवादिभ्यः)—अवर्णान्त शब्द के उत्तर विहित मतुप् के म का व होता है। यथा, ज्ञानं अस्य अस्ति ज्ञानवान्, धन-धनवान्, बल-बलवान्, विद्या-विद्यावान्, दया-दयावान्, क्षमा-क्षमावान्।

२ मतु म वान-स्पर्शान्तात् (झयः। संज्ञायाम्;—जिन शब्दों के अन्त में ङ, ञ, ण, म भिन्न स्पर्श वर्ण हों उनके उत्तर विहित मतुप् के म का व होता है। यथा; तडित् अस्मिन्नस्ति तडित्वान्, विद्युत् अस्मिन्नस्ति विद्युत्वान्।

३ मवर्णोपधात् (मादुपधायाश्च...)—जिन शब्दों की उपधा में मवर्ण हो उनके उत्तर विहित मतुप् के म का व होता है। यथा, आत्मा अस्यास्ति आत्मवान्, भासोऽस्य सन्ति भास्वान्।

४ मकारोपधाच्च (मादुपधायाश्च...)—जिन शब्दों की उपधा

में म हो उनके उत्तर विहित मतुप् के म का व होता है। यथा, लक्ष्मीर-स्त्यस्मिन् लक्ष्मीवान्, शमी-शमीवान्।

५ ■ यवादेः (मादुपधायाश्च....)—यव इत्यादि शब्दों के उत्तर विहित मतुप् के म का व नहीं होता। यथा, यवमान्, कुशमान्, वटामान्, ध्राक्षामान्, गरुत्मान्, हरित्मान्, ककुद्मान्, ऊर्मिमान्, भूमिमान्, कृमिमान्।

६ उदन्वदादयः संज्ञायाम्—मतुप् प्रत्यय होने से और संज्ञा अर्थ बोध होने से उदन्वत् इत्यादि निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, उदकमस्मिन्नस्ति उदन्वान् समुद्रः, अन्यत्र उदकवान्, चर्म अस्यामस्ति चर्मण्वती नाम नदी, अन्यत्र चर्मवती; अस्थि अस्मिन्नस्ति अष्ठीवान्, जानुसन्धिः, अन्यत्र अस्थिमान्; चक्रमस्यास्ति चक्रीवान् नाम राजा, अन्यत्र चक्रवान्, कक्ष्या अस्यास्ति कक्षीवान् नाम ऋषिः, अन्यत्र कक्ष्यावान्; लवणमस्मिन्नस्ति लवणवान् नाम पर्वतः, अन्यत्र लवणवान्।

(क) कुमुद नड-वेतस-महिषेभ्यो ड्मतुप्—कुमुद, नड, वेतस और महिष के उत्तर ड्मतुप् होता है और इसका मत् रहता है। यथा, कुमुदान्यस्मिन् सन्ति कुमुद्वान्, नडान्यस्मिन् सन्ति नड्वान् वेतसान्यस्मिन् सन्ति वेतस्वान्, महिषा अस्मिन् सन्ति महिष्मान्।

(ख) अस्-माया-मेधा-स्रजो विनिर्वा—अस् भागान्त, माया, मेधा और स्रज् के उत्तर विकल्प से विनि होता है और उसका विन् रहता है। पक्षान्तर में मतुप् होता है। यथा, यशोऽस्यास्ति यशस्वी, यशस्वान्; तेजोऽस्यास्ति तेजस्वी, तेजस्वान्; पयोऽस्या अस्ति पयस्विनी, पयस्वती धेनुः माया अस्यास्ति मायावी, मायावान्; मेधा अस्यास्ति मेधावी, मेधावान्; स्रक् अस्यास्ति स्रग्वी, स्रग्वान्।

नित्यं तपसः—तपस् शब्द के उत्तर नित्य विनि होता है। यथा, तपोऽस्यास्ति तपस्वी।

(ग) इन् वा नैकस्वरादवर्णात्—एकाधिक स्वरविशिष्ट अवर्णान्त शब्द के उत्तर विकल्प से इन् होता है। पक्षान्तर में यथासम्भव मतुप् और विनि होता है। यथा, ज्ञानं अस्यास्ति ज्ञानी, ज्ञानवान्; बल-बली, बलवान्; धन-धनी, धनवान्; शिखा शिखी, शिखावान्; चूडा-चूडी, चूडावान्; माया-मायी, मायावी, साहस-साहसी, साहसवान्; विवेक-विवेकी, विवेकवान्; उत्साह-उत्साही, उत्साहवान्।

नित्यं सुखादेः—सुख इत्यादि के उत्तर नित्य इन् होता है। यथा, सुखमस्यास्ति सुखी, दुःख-दुःखी, प्रणय-प्रणयी, कृच्छ्र-कृच्छ्री, सहस्र-सहस्री।

हस्तकराभ्यां जातौ—जाति समझे जाने से हस्त और कर के उत्तर नित्य इन् होता है। यथा, हस्तोऽस्यास्ति हस्ती (गजः), करोऽस्यास्ति करी (गजः)। अन्यत्र हस्तवान् पुरुषः।

वर्णाद् ब्रह्मचारिणि—ब्रह्मचारी समझे जाने से वर्ण शब्द के उत्तर नित्य इन् होता है। यथा, वर्णः अस्यास्ति वर्णी (ब्रह्मचारी)। अन्यत्र वर्णवान्।

पुष्करादिभ्यो देशे—स्थान समझे जाने से पुष्कर इत्यादि शब्द के उत्तर नित्य इन् होता है, यथा, पुष्कराण्यस्यां सन्ति पुष्करिणी (दीर्घिका), पद्मान्यस्यां सन्ति पद्मिनी, उत्पलिनी, पङ्कजिनी, सरोजिनी, सरोरुहिणी, अरविन्दिनी, अम्भोजिनी, अब्जिनी, कमलिनी, कुमुदिनी, कैरविणी, बिसिनी, मृणालिनी, समालिनी, नलिनी, तरङ्गिणी, कल्लोलिनी, तटिनी, प्रवाहिनी।

अर्थाद् याचके—याचक समझे जाने से अर्थ शब्द के उत्तर

नित्य इन् होता है। यथा, अर्थोऽस्यास्ति अर्थी (याचकः)। अन्यत्र अर्थवान्।

अर्थान्तेभ्यश्च—अर्थ अन्त वाले शब्दों के उत्तर नित्य इन् होता है। यथा, विद्यारूपोऽर्थः, प्रयोजनमस्यास्ति विद्यार्थी, धनार्थी, धान्यार्थी, हिरण्यार्थी, गुरुदक्षिणार्थी।

(घ) मांसादेर्लो विभाषा—मांस इत्यादि शब्द के उत्तर विकल्प से ल होता है। यथा, मांसमस्यास्ति मांसलः, श्री-श्रीलः Prosperous, पक्ष्म-पक्ष्मलः having eye-lash, स्नेह-स्नेहलः, शीत-शीतलः, पिङ्गलः, पित्तलः bilious, पृथुलः, मृदुलः, मण्डलः, वत्सुलः, कपिलः, मन्थिलः, कुशलः, पांशुलः, श्लेष्मलः, पेशलः dexterous, तुण्डलः, अंशलः, वत्सलः। पक्षान्तर में मतुप् होता है।

(ङ) फेनादिलच्च—फेन के उत्तर विकल्प से ल और इल होता है। यथा, फेनोऽस्मिन्नस्ति फेनलः, पक्षान्तर में फेनायन्।

(छ) लोमादेःशः (लोमादिपामादिपिच्छादिभ्यः शनेलचः)—लोमन् इत्यादि शब्द के उत्तर श होता है। यथा, लोमान्यस्य सन्ति लोमशः, रोमशः, गिरिशः, कर्कशः, कपिशः।

(ज) पिच्छापङ्काभ्यामिलः (लोमादि.... ...)—पिच्छा और पङ्क के उत्तर इल होता है। यथा, पिच्छा अस्यास्ति पिच्छिलः, पङ्किलः।

(झ) दन्तादुरः (दन्त उन्नत उरच्)—दन्त के उत्तर उर होता है। यथा, उन्नता दन्ताः सन्त्यस्य दन्तुरः।

(ट) ऊष-सुषि मुष्क-मधुभ्यो रः (ऊषसुषिमुष्कमधो रः)—ऊष, सुषि, मुष्क और मधु के उत्तर र होता है। यथा, ऊषर, सुषिरः, मुष्करः, मधुरः।

मुखादेश्च—मुख इत्यादि के उत्तर र होता है। यथा, मुखं अस्यास्ति मुखरः, कुञ्जरः, नगरम्, पाण्डुरः।

(ड) नड-शादाभ्यां ड्वलप्—नड और शाद के उत्तर ड्वलप् होता है और इसका वल रहता है। यथा; नडा अस्मिन् सन्ति नड्वलः, a bounding in reeds, शादा अस्मिन् सन्ति शाद्वलः muddy.

(ढ) कृष्यादेर्वलः (रजः कृष्यासुतिपरिषदो वलच्)—कृषि इत्यादि के उत्तर वल होता है।

दीर्घोऽन्त्यस्य (वले)—वल प्रत्यय होने से अन्त्य स्वर का दीर्घ होता है। यथा, कृषिरस्यास्ति कृषीवलः, पारषद्वलः पर्षद्वलः spectator, रजस्वला, ऊर्ज्जस्वलः powerful, दन्तावलो हस्ती, शिखावलो (मयूरः)।

(ट) केशादेर्वः स'ज्ञायाम्—संज्ञा समझे आने से केश इत्यादि के उत्तर व होता है। यथा; केशा सन्त्यस्य केशवः (विष्णुः), मणिरस्यास्ति मणिवः (नागविशेषः), अजगव-अजगवं (पिनाकः) गाण्डिवम्, इकार का दीर्घ भी होता है; गाण्डीवम्।

(ण) स्वात् आमिन्नैश्वर्य्ये (स्वामिन्नैश्वर्य्ये)—ऐश्वर्य्य समझे जाने से स्व के उत्तर आमिन् होता है। यथा; स्वं (ऐश्वर्य्य) अस्यास्ति स्वामी।

(त) शीतोष्णाभ्यामालुरसहने—असहन अर्थ में शीत और उष्ण के उत्तर आलु होता है। यथा; शीतं न सहते शीतालुः, उष्णं न सहते उष्णालुः।

(थ) वातातीसाराभ्यां रोगे किन् (वातातीसाराभ्यां कुक् च)—रोग समझे जाने से वात और अतीसार के उत्तर किन् होता है। यथा; वातोऽस्यास्ति वातकी, अतीसार-अतीसारकी।

(द) बल्यादेर्भः (तुन्दिवलिवटेर्भः—वलि इत्यादि के उत्तर भ होता है। यथा, वलयोऽस्मिन् सन्ति वलिभम्।

(ग) अर्श आदेरच् (अर्शआदिभ्योऽच्)—अर्शस् इत्यादि के उत्तर मत् होता है और इसका अ रहता है। यथा, अर्शांसि अस्य सन्ति अर्शसः, उरस्-उरसः, पलित-पलितः greyhaired, जट-जटः, अम्ल-अम्लः, घट-घटः, लवण-लवणः।

(घ) अहंशुभमोर्युः (अहं शुभमोर्युस्)—अहम् और शुभम् के उत्तर यु होता है। यथा; अहं अस्यास्ति अहंयुः, शुभंयुः।

(ङ) ज्योत्स्नादयः (ज्योत्स्नातमिस्राशृङ्गिणोर्जस्विन्नूर्जस्वलगोमिन्मलिनमलीमसाः)—ज्योत्स्ना इत्यादि शब्द निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, ज्योतिरस्यास्ति ज्योत्स्ना, तमस्-तमिस्रा, शृङ्ग-शृङ्गिणः, मल-मलिनः, मलीमसः, अर्णस्-अर्णवः।

(च) वाग्मिन् वाचाल-वाचाटाः (वाचो ग्मिनिः। आलजाटचौ बहुभाषिणि)—वाग्मिन्, वाचाल, और वाचाट निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, वाचोऽस्य सन्ति वाग्मी, यः कुत्सितं बहु भाषते स वाचालः, वाचाटः।

२४ मूले जाहः कर्णादिः—मूल अर्थ में कर्ण इत्यादि के उत्तर जाह होता है। यथा; कर्णस्य मूलं कर्णजाहम्, अक्ष्णोः मूलं अक्षिजाहम्, भ्रूजाहम्, नखजाहम्, केशजाहम्, पादजाहम्, शृङ्गजाहम्, दन्तजाहम्।

(क) पक्षात्तिः—मूल अर्थ में पक्ष के उत्तर ति होता है। यथा, पक्षस्य मूलं पक्षतिः।

२५ मातृपितृभ्यां डुलव्यौ भ्रातरि (पितुर्भ्रातरि व्यत्। मातुर्डुलच्)—भ्रातृ अर्थ में मातृ के उत्तर डुल और पितृ के उत्तर व्य होता है। डुल का उल रहता है। यथा; मातुर्भ्राता मातुलः, पितुर्भ्राता, पितृव्यः।

२६ डामहः पित्रोः मातृपितृभ्यां पितरि डामहच्)—पितृ और मातृ अर्थ में मातृ, पितृ के उत्तर डामह होता है और इसका

आमह रहता है। यथा; मातुः पिता मातामहः, पितामहः, मातामही, पितामही।

२७ ठः कर्म्मणः कुशले (कर्म्मणि घटोऽठच्) कुशल अर्थ में कर्म्मन् के उत्तर ठ होता है। यथा; कर्म्मणि कुशलः कर्म्मठः।

२८ पूर्व्वादिनिस्तृतीयार्थे (पूर्व्वादिनिः। सपूर्व्वाच्च)—तृतीया के अर्थ में पूर्व्व के उत्तर इनि होता है और इसका इन् रहता है। यथा; पूर्व्वमनेन कृतं (भुक्तं, पीतं, गतं वा) पूर्व्वी, कृतं पूर्व्वमनेन कृतपूर्व्वी कटम्, भुक्तं पूर्व्वमनेन भुक्तपूर्व्वी ओदनम्, पीतं पूर्व्वमनेन पीतपूर्व्वी पयः, गतं पूर्व्वमनेन गतपूर्व्वी गृहम्।

(क) इष्टादिभ्यश्च— तृतीया के अर्थ में इष्ट इत्यादि के उत्तर इनि होता है। यथा; इष्ट मनेन इष्टी यज्ञे, अधीत-अधीती शास्त्रे, श्रुत-श्रुती वेदे, गृहीत-गृहीती उपदेशे, अज्ञात-अज्ञाती इतिहासे, आसेवित-आसेवितो गुरो, निराकृत-निराकृती शत्रौ, उपकृत-उपकृती मित्रे, अवकीर्ण-अवकीर्णी व्रते।

२९ अतिशायने तमबिष्ठनौ—अनेक में से एक का उत्कर्ष जाना जाय तो तमप् और इष्ठन् प्रत्यय होते हैं और इनका यथाक्रम तम और इष्ठ रहता है। यथा; अयमेषामतिशयेन पटुः पटुतमः, पटिष्ठः; अयमेषां अतिशयेन लघुः लघुतमः, लघिष्ठः; गुरु-गुरुतमः, गरिष्ठः; प्रियतमः, प्रेष्ठः; दीर्घतमः, द्राघिष्ठः; दृढतमः, द्रढिष्ठः; मृदुतमः म्रदिष्ठः; कृशातमः, क्रशिष्ठः।

३० द्वयोस्तरबीयसुनौ (द्विवचनविभज्योपपदेतरबीयसुनौ)—दो में से एक का उत्कर्ष समझा जाय तो शब्द के उत्तर तरप् और ईयसुन् होते हैं और इनका तर और ईयस् रहता है। यथा; अयमनयोरतिशयेन पटुः पटुतरः, पटीयान्; लघु-लघुतरः, लघीयान्; गुरु-गुरुतरः, गरीयान्; प्रियतरः, प्रेयान्; दीर्घ-

तरः, द्राघीयान्; दृढतरः, द्रढीयान्; मृदुतरः, म्रदीयान्; कृशतरः क्रशीयान् ।

N. B. श्रज्यौ प्रशस्यस्य (प्रशस्यस्य श्रः । ज्य च)—इष्ठन् और ईयसुन् प्रत्यय होने से प्रशस्य शब्द का श्र और ज्य होता है । यथा; अयमेषामतिशयेन प्रशस्यः श्रेष्ठः, ज्येष्ठः; अयमनयोरतिशयेन प्रशस्यः श्रेयान् ।

२ आ ज्यादीयसुनः (ज्यादादीयसः)—ज्या आदेश के परवर्ती ईयसुन के ई का आ होता है । यथा; ज्यायान् ।

३ वर्षज्यौ वृद्धस्य (वृद्धस्य च)— इष्ठन् और ईयसुन् परे रहने से वृद्ध का वर्ष और ज्य होता है । यथा; अयमेषामनयोर्वा अतिशयेन वृद्धः वर्षिष्ठः, वर्षीयान्; ज्येष्ठः ज्यायान् ।

४ अन्तिकबाढयोर्नेद-साधौ—अन्तिक का नेद और बाढ का साध होता है । यथा; नेदिष्ठः, नेदीयान्; साधिष्ठः, साधीयान् ।

५ अल्पस्य कन् विभाषा (युवाल्पयोः कनन्यतरस्याम्)—अल्प का विकल्प से कन् होता है । यथा; कनिष्ठः, कनीयान्; अल्पिष्ठः अल्पीयान् ।

६ यूनः कयनौ (स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां यणादि परं पूर्वस्य च गुणः)—युवन् का विकल्प से कन् और यव् होता है । यथा; कनिष्ठः, कनीयान्; यविष्ठः, यवीयान् ।

७ स्थूलदूरयोः स्थवदवौ (स्थूलदूर ...)—स्थूल का स्थव और दूर का दव होता है । यथा; स्थविष्ठः, स्थवीयान्; दविष्ठः, दवीयान् ।

८ उरुगुरुयोर्वरगरौ (प्रियस्थिरस्फिरोरुबहुलगुरुवृद्धतृप्रदीर्घवृन्दारकाणां प्रस्थस्फवर्बंहिगर्वर्षित्रब्द्राघिवृन्दाः)—उरु का वर और गुरु का गर होता है ।

९ प्रियबहुलयोः प्रेबंहौ (प्रियस्थिर ....)—प्रिय का प्रे और बहुल का बंह होता है । यथा; प्रेष्ठः, प्रेयान्; बंहिष्ठः, बंहीयान् ।

१० स्थिरस्य स्थः (प्रियस्थिर···)—स्थिर का स्थ होता है। यथा, स्थेष्ठः, स्थेयान्।

११ विन्मतुपोर्लुक्—इष्ठन् और ईयसुन् परे रहने से विन् और मतुप् प्रत्यय का लोप होता है। यथा, अयमेषामतिशयेन मायावी, मायिष्ठः मायीयान्; बलिष्ठः, बलीयान्।

१२ भूयोभूयिष्ठौ (बहोर्लोपो भू च बहोः)—बहु शब्द का ईयसुन् परे रहने से भूयस् और इष्ठन् परे रहने से भूयिष्ठ निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; अयमनयोरतिशयेन बहुः भूयान्, अयमेषा मतिशयेन बहुः भूयिष्ठः।

११ किंयत्तदां द्वयोरेकस्य डतरः (किंयत्तदो निर्धारणे द्वयोरेकस्य डतरच्)—दो में से एक का निर्धारण समझा जाय तो किम्, यद् और तद् के उत्तर डतर होता है और इसका अतर रहता है। यथा; अनयोः कतरः वैष्णवः, अनयोर्यतरो ब्राह्मणः, ततर आगच्छतु।

१२ बहूनां डतमः (वा बहूनां जातिपरिप्रश्ने डतमच्)—अनेक में से एक का निर्धारण समझा जाय तो किम्, यद् और तद् के उत्तर डतम होता है और इसका अतम रहता है। यथा; एषां कतमः शैवः, एषां यतमः क्षत्रियः ततमः प्रयातु।

N. B. एकान्यान्याञ्च (एकाच्च प्राचाम्)—एक और अन्य के उत्तर डतर और डतम होता है। यथा; भवतोरेकतरः पठतु, भवतामेकतमः शृणोति, तयोरन्यतरो यातः, तेषामन्यतमो मृतः।

१३ किमेत्तिङव्ययेभ्योऽद्रव्ये तरां तमामेकोत्कर्षे—दो और अनेक में से एक का उत्कर्ष समझा जाय तो किम्, एकारान्त और अव्यय शब्द के उत्तर तराम् और तमाम् होता है और इन का तराम् और तमाम् रहता है। यथा; किन्तराम्, किन्तमाम्;

प्राह्णेतराम्, प्राह्णेतमाम्, उच्चैस्तराम्, उच्चैस्तमाम्। द्रव्य समझे जाने से नहीं होता। यथा, उच्चैस्तरस्तरुः।

१४ प्रशंसायां रूपः—प्रशंसा समझे जाने से शब्द के उत्तर रूप होता है। यथा, प्रशस्तो वैयाकरणः वैयाकरणरूपः, नैयायिकरूपः, सांख्यिकरूपः, मीमांसकरूप.।

१५ ईषदूने कल्पदेश्यदेशीयाः (ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः)—ईषत् न्यून अर्थ में शब्द के उत्तर कल्प, देश्य और देशीय होता है। यथा; ईषदूनो विद्वान् विद्वत्कल्पः, विद्वद्देश्यः विद्वद्देशीयः।

N. B. तिङन्ताच्च (तिङश्च)—ऊपर के तीन सूत्रों के प्रत्यय तिङन्त पद के परे होते हैं। यथा; पठतितराम्, पठतितमाम्, पठतिरूपम्, पठतिकल्पम्, पठतिदेश्यम्, पठतिदेशीयम्।

(क) वा सुपो बहुः पुरस्तात्—ईषत् (थोड़ा) ऊन अर्थ में सुबन्त पद के पहले विकल्प से बहु प्रत्यय होता है। यथा; ईषदूनः पटुः बहुपटुः, पटुकल्पः, पटुदेश्यः, पटुदेशीयः।

१६ तेन तुल्यः स्थानस्थानीयौ—तेन तुल्यः, इस अर्थ में शब्द के उत्तर स्थान और स्थानीय होता है। यथा; पित्रा तुल्यः पितृस्थानः, पितृस्थानीयः, भ्रातृस्थानः, भ्रातृस्थानीयः, मातृस्थाना, मातृस्थानीया:, मातृष्वसा।

(क) जातौ जातीयः—जाति अर्थ में शब्द के उत्तर जातीय होता है। यथा; ब्राह्मणजातीयः, क्षत्रियजातीयः, पुरुषजातीयः, स्त्रीजातीयः, वणिग्जातीयः, रजकजातीयः, तार्किकजातीयः, वैयाकरणजातीयः।

१७ संख्यायाः क्रियाभ्यावृत्तिगणने कृत्वसुच्—क्रिया के अभ्यावृत्तिगणन (कै बार क्रिया अनुष्ठित हुई है, उसकी गणना) समझी जाय तो संख्यावाचक शब्द के उत्तर कृत्वसुच् होता है और इसका कृत्वस् रहता है। यथा; पञ्चवारान् भुङ्क्ते,

पञ्चकृत्वो भुङ्क्ते, सप्तवारान् स्वपिति सप्तकृत्वः स्वपिति; शतकृत्व. पठति ।

(ङ) द्वित्रिचतुर्भ्यः सुच्—क्रिया के अभ्यावृत्तिगणन समझे जाने से द्वि, त्रि और चतुर् के उत्तर सुच् होता है और इस का स् रहता है। यथा, द्वौ वारौ भुङ्क्ते द्विर्भुङ्क्ते, त्रीन् वारान् भुङ्क्ते त्रिर्भुङ्क्ते ।

N. B. लोपोऽन्त्यस्य चतुरः—सुच् होने से चतुर् के अन्त्य वर्ण का लोप होता है। यथा, चतुरो वारान् भुङ्क्ते चतुर्भुङ्क्ते ।

२ एकस्य सकृच्च—सुच् होने पर एक का सकृत् पद बनता है। यथा, एकं वारं भुङ्क्ते सकृद् भुङ्क्ते; एकं वारं अधीते सकृदधीते । यहाँ अभ्यावृत्ति नहीं है। केवल गणनामात्र समझी जाती है।

(च) विभाषा बहोर्विप्रकृष्टकाले धाच् (विभाषा बहोर्धाऽविप्रकृष्टकाले)—क्रिया के अभ्यावृत्तिगणन तथा क्रिया के अनुष्ठान के काल की परस्पर निकटता समझी जाय तो बहु के उत्तर विकल्प से धाच् होता है और इसका धा रहता है। पक्षान्तर [illegible] कृत्व. सुच् होता है। यथा, बहुधा दिवसस्य भुङ्क्ते, बहुकृत्वो दिवसस्य भुङ्क्ते। निकटता नहीं समझी जाय तो नहीं होता; यथा, बहुकृत्वो मासस्य गच्छति ।

(छ) बह्वल्पार्थाच्छस् (बह्वल्पार्थाच्छस् कारकादन्यतरस्याम्)—बहु और अल्पार्थ शब्दों के उत्तर विकल्प से शस् होता है और इसका शस् रहता है। यथा, बहु ददाति, बहुशो ददाति, भूरि ददाति, भूरिशो ददाति; अल्पं ददाति, अल्पशो ददाति, स्तोकशो ददाति ।

N. B. संख्यैकवचनाच्च वीप्सायाम् (संख्यैकवचनाच्च वीप्सायाम्)—वीप्सा समझी जाय तो संख्यावाचक और एक वचन शब्द के उत्तर विकल्प से शस् होता है। यथा, संख्यावाचक—

द्वौ द्वौ ददाति द्विशो ददाति, पत्र पत्र ददाति पत्रशो ददाति । परिमाण-वाचक—पादं पादं ददाति पादशो ददाति, अर्धमर्धं ददाति अर्धशो ददाति ।

३४ विकारे मयट्—विकार अर्थ में शब्द के उत्तर मयट् होता है और इसका म रहता है । यथा, स्वर्णस्य विकारः स्वर्णमयो घटः, स्वर्णमयी प्रतिमा, मृदः विकारः मृन्मयो घटः, मृन्मयी प्रतिमा ।

(क) हिरण्मयः—हिरण्मय निपातन से सिद्ध होता है। यथा, हिरण्यस्य विकारः हिरण्मयः।

(ख) अवयवे—अवयव समझे जाने से शब्द के उत्तर मयट् होता है। यथा, दारुण्यस्यावयवाः दारुमयम् आसनम्, दर्भा अस्यावयवाः दर्भमयो ब्राह्मणः, काष्ठान्यस्यावयवाः काष्ठमयो हस्ती, ऊर्णामयं वासः, अन्नमयो यज्ञः, अपूपमयं श्राद्धम्।

(ग) व्याप्तौ (तत्प्रकृतवचने मयट्। समूहस्य वुञ्)—व्याप्ति अर्थ में शब्द के उत्तर मयट् होता है। यथा, जलेन व्याप्तं जलमयं जगत् प्रलये, रोगमयं शरीरम्।

(घ) संसर्गे (तत्प्रकृत……)—संसर्ग समझे जाने से शब्द के उत्तर मयट् होता है । यथा, तिलेन संसृष्टं तिलमयं तर्पणम्, घृतमयं व्यञ्जनम्, पापमयं शरीरम् ।

(ङ) अपृथग्भावे च (तत्प्रकृत……)—अपृथग्भाव में शब्द के उत्तर मयट् होता है। यथा, विष्णोरपृथग्भूतं विष्णुमयं जगत्, वाग्भ्योऽपृथग्भूतं वाङ्मयं शास्त्रम्; चितोऽपृथग्भूतः चिन्मयः पुरुषः ।

(छ) गोश्च पुरीषे—पुरीष (मैल) अर्थ में गो के उत्तर मयट् होता है। यथा, गोः पुरीषं गोमयम् ।

३५ स्नेहे तैलच् (स्नेहे तैलच्)—स्नेह अर्थ में शब्द के उत्तर

तैलच् होता है और इसका तैल रहता है। यथा, तिलस्य स्नेहः तिलतैलम्, सर्षपतैलम्, एरण्डतैलम्।

५० धाच् संख्याया विधार्थे—विधा (प्रकार) अर्थ में संख्या-वाचक शब्द के उत्तर धाच् होता है और इसका धा रहता है। यथा, एका विधा एकधा, द्वे विधे द्विधा, तिस्रो विधाः त्रिधा वा भुङ्क्ते।

(क) भावान्तरापादने च—भावान्तरापादन अर्थात् अन्यभा-वसम्पादन अर्थ में धाच् होता है। यथा, पञ्चराशीन् एकधा कुरु, एकं राशिं पञ्चधा कुरु।

(ख) ऐकध्यादयो वा—ऐकध्य इत्यादि (विकल्प से) निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, एका विधा ऐकध्यम्, द्वे विधे द्वैधं द्वेधा; त्रैधम्, त्रेधा; षोढा। पक्षान्तर में एकधा, त्रिधा, चतुर्धा।

५१ पाशः कुत्सिते—कुत्सित अर्थ में शब्द के उत्तर पाश होता है। यथा, कुत्सितो वैयाकरणः वैयाकरणपाशः, मीमांस-कपाशः भिषक्पाशः, वैदिकपाशः, लेखकपाशः।

५२ भूतपूर्वे चरट्—भूतपूर्व अर्थ में शब्द के उत्तर चरट् होता है और इसका चर रहता है। यथा, आढ्यो भूतपूर्वः आढ्यचरः, दृष्टो भूतपूर्वः दृष्टचरः, अर्पितो भूतपूर्वः अर्पित-चरः, अधीतो भूतपूर्वः अधीतचरः।

(क) सम्बन्धे रूप्यश्च—सम्बन्ध समझा जाय तो भूतपूर्व अर्थ में चरट् और रूप्य प्रत्यय होते हैं। यथा, देवदत्तस्य भूत-पूर्वं देवदत्तरूप्यम्, देवदत्तचरं वा भवनम्।

५३ एकादाकिनिरसहाये—सहायशून्य अर्थ में एक शब्द के उत्तर आकिनि प्रत्यय होता है और इसका आकिन् रहता है। यथा, एक एव एकाकी।

४४ प्राक्टीक स्वार्थे—स्वार्थ समझे जाने से शब्द के टि का अक होता है। यथा, कन्या एव कन्यका, तारा एव तारका।

(क) वालादिरिक (प्रत्ययस्थात् कात् पूर्वस्यात इदाप्यसुपः)—स्वार्थ समझे जाने से वाला इत्यादि के टि का इक होता है। यथा, वाला एव वालिका, सरला एव सरलिका, निपुणा-निपुणिका, चतुरा-चतुरिका, चपला-चपलिका, लता-लतिका, गोधा-गोधिका।

(ख) अज्ञाते कन्—अज्ञात अर्थ में शब्द के उत्तर स्वार्थ में कन् होता है और इसका क रहता है। यथा, कस्यायमश्वः अश्वकः, उष्ट्रकः, गर्दभकः।

कुत्सिते—कुत्सित अर्थ में शब्द के उत्तर कन् होता है। यथा, कुत्सितोऽश्वः अश्वकः, कुत्सितो महिषः महिषकः।

(ग) अल्पे—अल्प अर्थ में शब्द के उत्तर स्वार्थ में कन् होता है। यथा, अल्पं तैलं तैलकम्, क्षीरकम्, सलिलकम्।

(घ) ह्रस्वे—ह्रस्व अर्थ में शब्द के उत्तर स्वार्थ में कन् होता है। यथा, ह्रस्वः वृक्षः वृक्षकः, ह्रस्वः पटः पटकः, स्तम्भ-स्तम्भकः, दण्ड-दण्डकः।

(च) अनुकम्पायाम्—अनुकम्पा अर्थ में शब्द के उत्तर स्वार्थ में कन् होता है। यथा, अनुकम्पितः पुत्रः पुत्रकः, वत्सकः, दुर्बलकः।

(छ) संज्ञायाम्—संज्ञा अर्थ में शब्द के उत्तर स्वार्थ में कन् होता है। यथा, करभकः, रोहितकः, शाण्डिल्यकः।

(ज) स्त्रियामन्त्यो ह्रस्वः—स्त्रीलिङ्ग शब्द के उत्तर कन् होने से अन्त्य स्वर ह्रस्व होता है। यथा, मालती-मालतिका, नागरी-नागरिका, लवङ्गी-लवङ्गिका, माधवी-माधविका, चण्डी-चण्डिका, कुशाण्डी-कुशाण्डिका, शेफाली-शेफालिका,

मृणाली-मृणालिका, यूथी-यूथिका, वदरी-वदरिका, दूती-दूतिका, काली-कालिका, शारी-शारिका, सूची-सूचिका।

N. B. ह्रस्वे कुटीशमीशुण्डाभ्यो रः (कुटीशमीशुण्डाभ्यो रः)—ह्रस्व अर्थ में कुटी, शमी और शुण्डा के उत्तर र होता है। यथा, ह्रस्वा कुटी कुटीरः, शमीरः, शुण्डारः distiller.

२ अश्वोक्षवत्सर्षभेभ्यस्तरट् (वत्सोक्षाश्वर्षभेभ्यश्च तनुत्वे)— ह्रस्व अर्थ में अश्व, उक्षन्, वत्स और ऋषभ शब्द के उत्तर तरट् होता है और इस का तर रहता है। यथा, ह्रस्वोऽश्वः अश्वतरः, उक्षतरः, वत्सतरः, ऋषभतरः।

४। पञ्चम्यास्तसिल् वा—पञ्चमी विभक्ति के स्थान में विकल्प से तसिल् होता है और इसका तस् रहता है। यथा, गृहात्, गृहतः; ग्रामात्, ग्रामतः; नगरात्, नगरतः; सर्व्वस्मात्, सर्व्वतः; विश्वस्मात्, विश्वतः; उभयस्मात्, उभयतः, भवतः, भवत्तः, एकस्मात्, एकतः; अन्यस्मात्, अन्यतः; पूर्व्वस्मात्, पूर्व्वतः; परस्मात्, परतः; दक्षिणस्मात्, दक्षिणतः; उत्तरस्मात्, उत्तरतः; हस्तात्, हस्ततः; वृक्षात्, वृक्षतः; मेघात्, मेघतः; जलात्, जलतः।

सप्तम्याश्च—सप्तमी के स्थान में विकल्प से तसिल् होता है। यथा, पूर्व्वस्मिन्, पूर्व्वतः; दक्षिणस्मिन्, दक्षिणतः; उत्तरस्मिन्, उत्तरतः। प्रथमे, प्रथमतः; परस्मिन्, परतः; अग्रे, अग्रतः; आदौ, आदितः; मध्ये, मध्यतः; अन्ते, अन्ततः; पृष्ठे, पृष्ठतः; पार्श्वयोः, पार्श्वतः, सर्व्वस्मिन्, सर्व्वतः।

नित्यं पर्य्यभिभ्याम् (पर्य्यभिभ्यां च)—परि और अभि उपसर्ग के उत्तर तसिल् होता है। यथा, परितः, अभितः।

N. B. न हाकरुहोः (अपादाने चाहीयरुहोः)—हा और रुह् धातु के प्रयोग में तसिल् नहीं होता। यथा, स्वर्गात् हीयते, पर्व्वतादवरोहति।

४६ सप्तम्यास्त्रल् वा सर्वनाम्नः—द्वि, अस्मद्, युष्मद् भिन्न सर्वनाम की सप्तमी के स्थान में विकल्प से त्रल् होता है और इसका त्र रहता है । यथा, सर्वस्मिन्, सर्वत्र; उभयस्मिन्, उभयत्र; एकस्मिन्, एकत्र; अन्यस्मिन्, अन्यत्र; इतरस्मिन्, इतरत्र; पूर्वस्मिन्, पूर्वत्र; परस्मिन्, परत्र; अपरस्मिन्, अपरत्र ।

N. B. अ-य-ता एतद्-यद् तदाम् (एतदोऽश् । सर्वनाम्नः) —तसिल् और त्रल् होने से एतद् का अ, यद् का य और तद् का त होता है । यथा, एतस्मात् अतः, एतस्मिन् अत्र; यस्मात् यतः, यस्मिन्-यत्र; तस्मात् ततः, तस्मिन् तत्र ।

२ किमः कुः— किम् का कु होता है । यथा कस्मात् कुतः, कस्मिन्-कुत्र ।

३ क्वकुहौ— क्व और कुह निपातन से सिद्ध होते हैं । यथा, कस्मिन्, क्व, कुह ।

४ इदमिशः—इदम् का इ होता है ([illegible] में भी होता है) । यथा, अस्मात्, इतः ।

५ [illegible] हः (इदमो हः)— सप्तमी के स्थान में ह होता है । यथा, अस्मिन्, इह ।

(६) इतराभ्योऽपि दृश्यन्ते— पञ्चमी, सप्तमी भिन्न अन्यान्य विभक्ति के स्थान में भी तसिल् और त्रल् प्रत्यय होते जाते हैं । यथा, [illegible] भवान् ततोभवान्, तत्रभवान् । ते भवन्तः [illegible], [illegible] । [illegible] ततोभवन्तः, तत्रभवन्तः, [illegible] भवन्तं ततोभवन्तं, तत्रभवन्तं, [illegible] — [illegible] तत्रभवन्तम् ।

[illegible] — [illegible] सप्तमी आने से [illegible] और

सर्व्वे सर्व्वनाम शब्दों के उत्तर सप्तमी के स्थान में दा होता है। यथा, एकस्मिन् काले एकदा।

सो वा सर्वस्य (सर्व्वस्य सोऽन्यतरस्यां दि)—दा होने से सर्व्व का विकल्प से स होता है। यथा, सर्व्वस्मिन् काले सदा, सर्व्वदा।

(क) अन्यकियद्भ्यो हिल्च (अनद्यतनेर्हिलन्यतरस्याम्)—अन्य, किम् और यद् की सप्तमी के स्थान में दा और हिल् होता है और हिल् का हि रहता है। यथा; सर्व्वस्मिन् काले अन्यर्हि, अन्यदा।

कियदोः कर्यौ—दा और हिल् होने से किम् का क और यद् का य होता है। यथा, कस्मिन् काले कर्हि, कदा; यस्मिन् काले यर्हि, यदा।

(ख) तदो दानीं च—तद् की सप्तमी के स्थान में दा, हिल और दानीम् होता है।

तस्तदः—दा, हिल् और दानीम् होने से तद् का त होता है। यथा, तस्मिन् काले तदा, तर्हि, तदानीम्।

इदमो दानीम्—इदम् की सप्तमी के स्थान में दानीम् होता है। यथा; अस्मिन् काले इदानीम्।

अधुनैतर्हौ—अधुना और एतर्हि पद निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, अस्मिन् काले अधुना, अस्मिन् एतस्मिन् वा काले एतर्हि।

४८ एद्युस् पूर्व्वादेरहनि—दिन समझे जाने से पूर्व्व इत्यादि के उत्तर एद्युस् होता है। यथा; पूर्व्वस्मिन्नहनि पूर्व्वेद्युः, अन्यस्मिन्नहनि अन्येद्युः, अपरस्मिन्नहनि अपरेद्युः, इतरेद्युः, अन्यतरेद्युः, अधरेद्युः, उत्तरेद्युः, उभयेद्युः। उभय के उत्तर द्युस् अन्यय भी होता है; यथा उभयस्मिन् अहनि उभयद्युः।

N. B. द्यसद्योऽद्यश्वः परेद्यवयः—दिन समझे जाने से विभक्ति रहित पूर्व्व का परुत्, समान का सद्यस्, इदम् का अद्य और पर का परुत्

तथा परेद्यवि होता है। यथा; पूर्व्वस्मिन्नहनि ह्यः, समानेऽहनि सद्यः, अस्मिन्नहनि अद्य, परस्मिन् अहनि श्वः, परेद्यवि।

२ ऐषमः-परुत्-परारयो वर्षे—वत्सर समझे जाने से विभक्ति सहित इदम् का ऐषमस्, पूर्व्व का परुत्, और पूर्व्वतर का परारि होता है। यथा, अस्मिन् वर्षे ऐषमः, पूर्व्वस्मिन् वर्षे परुत्, पूर्व्वतरे वर्षे परारि।

४९ थाल् प्रकारे तृतीयायाः—प्रकार अर्थ में तृतीया विभक्ति के स्थान में थाल् होता है और इसका था रहता है। यथा; सर्व्वैः प्रकारैः सर्व्वथा, अन्येन प्रकारेण अन्यथा, इतरेण प्रकारेण इतरथा, उभयथा, अपरथा।

N. B. य-तौ यत्तदोः—थाल् होने से यद् का य और तद् का त होता है। यथा; येन प्रकारेण यथा, तेन प्रकारेण तथा।

२ कथमित्थमौ—कथम् और इत्थम् निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; केन प्रकारेण कथम्, अनेन एतेन वा प्रकारेण इत्थम्।

५०—परादेरस्तात् सप्तमी-पञ्चमी-प्रथमानाम्—पर इत्यादि शब्द के उत्तर सप्तमी, पञ्चमी और प्रथमा के स्थान [redacted] अस्तात् होता है। यथा; परस्मिन् परस्मात् परो वा परस्तात्, पश्चिमे पश्चिमात् पश्चिमो वा पश्चिमस्तात्।

पश्चात्—अस्तात् सहित अपर का पश्चात् निपातन से सिद्ध होता है। यथा; अपरस्मिन् अपरस्मात् अपरो वा पश्चात्।

उपर्य्युपरिष्टात्—अस्तात् सहित ऊर्द्ध्व का उपरि और उपरिष्टात् निपातन से सिद्ध होता है। यथा; ऊर्द्ध्वे ऊर्द्ध्वात् ऊर्द्ध्वो वा उपरि उपरिष्टात्।

(क) पूर्व्वाधरावराणामसिच—पूर्व्व, अधर और अवर के सप्तमी, पञ्चमी और प्रथमा के स्थान में अस्तात् और असि प्रत्यय होते हैं; असि का अस् रहता है।

पुराधोपूर्व्वाधरयोः—अस्तात् और असि होने पर पूर्व्व का पुर

ौर अवर का अव होता है। यथा, पूर्व्वस्मिन् पूर्व्वस्मात् पूर्व्वो वा स्तात्, पुरः; अधरस्मिन् अधरस्मात् अधरो वा अधस्तात्, अधः।

अस्तो विभाषावरस्य—अस्तात् और असि होने से अवर का स्थान में अव होता है। यथा, अवरस्मिन् अवरस्मात् अवरो वा अवस्तात्, रस्तात्, अवः, अवरः।

(ख) दिग्देशयोर्दक्षिणोत्तरयोरतसुः—दिग्वाचक और देशवाचक दक्षिण और उत्तर शब्द की सप्तमी, पञ्चमी और प्रथमा के स्थान में अतसु होता है और इसका अतस् रहता है। यथा; दक्षिणस्मिन् दक्षिणस्मात् दक्षिणो वा दक्षिणतः, उत्तरस्मिन् उत्तरस्मात् उत्तरो वा उत्तरतः।

(ग) उत्तराधरदक्षिणानामातिः—उत्तर अधर और दक्षिण की सप्तमी, पञ्चमी और प्रथमा के स्थान में आति होता है और इसका आत् रहता है। यथा, उत्तरस्मिन् उत्तरस्मात् उत्तरो वा उत्तरात्, अधरात्, दक्षिणात्।

५१ एनप्, चादूरेऽपञ्चम्याः—अदूर अर्थ में सप्तमी और प्रथमा के स्थान में एनप् होता है और इसका एन रहता है। यथा, उत्तरस्मिन् उत्तरो वा उत्तरेण, अधरेण, दक्षिणेन।

५२ दक्षिणोत्तरयोराचाही च—दक्षिण और उत्तर शब्द की सप्तमी और प्रथमा के स्थान में आत् और आहि प्रत्यय होते हैं, आत् का आ रहता है। यथा, दक्षिणा, दक्षिणाहि; उत्तरा, उत्तराहि।

५३ अनेककालाव्ययेभ्यस्तनप्—भव अर्थ में कालवाचक अव्यय शब्द के उत्तर तनप् होता है और इसका तन रहता है। यथा, अद्य भवं अद्यतनम्, प्रातर्भवं प्रातस्तनम्, सायं भवं सायन्तनम्, दोषातनम्, दिवातनम्, पुरातनम्, चिरन्तनम्, ह्यस्तनम्, अधुनातनम्, इदानीन्तनम् तदानीन्तनम्।

(क) प्राह्णे-प्रगेभ्याम् (सायंचिरंप्राह्णेप्रगेऽव्ययेभ्यष्ट्युट्युलौ तुट् च)—प्राह्णे, प्रगे, [illegible] सप्तम्यन्त शब्दों के उत्तर भी होता है। यथा, प्राह्णेतनम् (दोपहर के पहले का), प्रगेतनम् (प्रातःकाल का)।

(ख) विभाषा पूर्वाह्णापराह्णाभ्यां सप्तम्याम्—सप्तमी विभक्ति में पूर्वाह्ण और अपराह्ण शब्दों के उत्तर विकल्प से तनप् होता है। यथा, पूर्वाह्णे भवं पूर्वाह्णेतनम्, पौर्वाह्णिकम्; अपराह्णे भवं अपराह्णेतनम्, आपराह्णिकम्।

(ग) नित्यमूर्ध्वादिः—ऊर्ध्व इत्यादि के उत्तर नित्य तन होता है। यथा, ऊर्ध्वे भवः ऊर्ध्वतनः, उपरि भवः उपरितनः, अधः भवः अधस्तनः, प्राक्तनः, पूर्व्वे भवः पूर्वतनः।

(घ) आदिमध्याभ्यां मन्—सप्तमी विभक्ति में आदि और मध्य के उत्तर मन् होता है और इसका म रहता है। यथा आदौ भवः आदिमः, मध्ये भवः मध्यमः।

(च) अग्रान्तपश्चात्भ्यो डिमः—अग्र, अन्त और पश्चात् के उत्तर डिम होता है और इसका इम रहता है। यथा, अग्रे भवः अग्रिमः, अन्ते भवः अन्तिमः, पश्चात् भवः पश्चिमः।

(छ) चिर-परुत्-परारिभ्यस् त्नः—चिर, परुत् और परारि के उत्तर त्न होता है। यथा; चिरत्नम् ancient, परुत्नम्, परारित्नम्।

(ज) दक्षिणापश्चात्पुरोभ्यस्त्यण्—दक्षिणा, पश्चात् और पुरस् के उत्तर त्यण् होता है और इसका त्य रहता है। यथा, दाक्षिणात्यः, पाश्चात्यः, पौरस्त्यः।

(झ) अमेहक्वतसिल्त्रल्भ्यस्त्यः—अमा, इह, क और तसिल् तथा त्रल् प्रत्ययान्त शब्दों के उत्तर त्य होता है। यथा, इहत्यः, क्वत्यः। तसिल् प्रत्ययान्त—ततस्त्यः, अतस्त्यः। त्रल् प्रत्ययान्त—तत्रत्यः, अत्रत्यः, कुत्रत्यः।

५४ किमश्चिच्चनौ विभक्त्यन्तात्—अनिश्चय अर्थ में विभक्त्यन्त किम् शब्द के उत्तर चित् और चन होता है। यथा, कश्चित्, केनचित्, कस्मैचित्, कस्माच्चित्, कस्यचित्, कस्मिंश्चित्, कुतश्चित्, क्वचित्, कुत्रचित्, कश्चन, किञ्चन, काचन, कुतश्चन, क्वचन, कुत्रचन।

५५ कृभ्वस्तियोगेऽभूततद्भावे च्विः—कृ, भू, और अस् धातु के योग में अभूततद्भाव (जो वस्तु नहीं है उसके होने के) अर्थ में शब्द के उत्तर च्वि होता है और इसका सम्पूर्ण लोप होता है।

(क) दीर्घोऽन्त्यस्य—अभूततद्भाव अर्थ में प्रत्यय होने से शब्द के अन्तस्थित ह्रस्व का दीर्घ होता है। यथा, अलघुं लघुं करोति लघूकरोति, अलघुर्लघुः भवति लघूभवति, अलघुर्लघुः स्यात् लघूस्यात्।

(ख) ईदवर्णस्य—अभूततद्भाव अर्थ में प्रत्यय होने से शब्द के अन्तस्थित अ का ई होता है। यथा, अशुक्लं शुक्लं करोति शुक्लीकरोति, अशुक्लः शुक्लो भवति शुक्लीभवति, अशुक्लः शुक्लः स्यात् शुक्लीस्यात्।

(ग) ऋतो रीः—अभूततद्भाव अर्थ में प्रत्यय होने से शब्द के अन्तस्थित ऋ का री होता है। यथा, अधोतारं धोतारं करोति धोत्रीकरोति, धोत्रीभवति, धोत्रीस्यात्।

(घ) लोपोऽरुरादेरन्त्यस्य—अभूततद्भाव अर्थ में प्रत्यय होने से अरुस्, मनस्, चक्षुस्, चेतस्, रहस् और रजस् के अन्त्य वर्ण का लोप होता है। यथा, अरूकरोति, अरूभवति, अरूस्यात्, विमनीकरोति, विमनीभवति, विमनीस्यात्, उच्चक्षूकरोति, उच्चक्षूभवति, उच्चक्षूस्यात्, सुचेतीकरोति,

सुचेतीभवति, सुचेतीस्यात्, विरहीकरोति, विरहीभवति, विरहीस्यात्, विरजीकरोति, विरजीभवति, विरजीस्यात्।

(घ) विभाषा साति कार्त्स्न्ये—कार्त्स्न्य (सम्पूर्ण) समझे जाने से अभूततद्भाव अर्थ में कृ, भू और अस् धातु के योग में विकल्प से सातिच् होता है और इसका सात् रहता है। यथा, कृत्स्नं लवणं जलं करोति जलसात् करोति, कृत्स्नं लवणं जलं भवति जलसाद्भवति, कृत्स्नं लवणं जलं स्यात् जलसात् स्यात्। भस्मसात् करोति, भस्मसाद्भवति, भस्मसात् स्यात्। पक्षान्तर में च्वि होता है; यथा, जलीकरोति, जलीभवति, जलीस्यात्, भस्मीकरोति, भस्मीभवति, भस्मीस्यात्।

(ङ) अभिविधौ सम्पदा च—अभिविधि (व्याप्ति) समझे जाने से अभूततद्भाव अर्थ में कृ, भू, अस् और सम् पूर्वक पद् धातु के योग में विकल्प से सातिच् होता है। यथा, अग्निसाद्भवति, अग्निसात् स्यात्, अग्निसात् सम्पद्यते। पक्षान्तर में च्वि होता है; यथा, अग्नीकरोति, अग्नीभवति, अग्नीस्यात्, अग्नीसम्पद्यते।

अधीनतावाच्य (तदधीनवचने)—अधीनता अर्थ में भी होता है। यथा, राज्ञोऽधीनं करोति राजसात् करोति, राज्ञोऽधीनं भवति राजसाद्भवति, राज्ञोऽधीनं स्यात्-राजसात् स्यात्, राज्ञोऽधीनं सम्पद्यते-राजसात् सम्पद्यते। राजीकरोति, राजीभवति, राजीस्यात्, राजीसम्पद्यते।

५९ देये त्राच् च—देय अर्थ में कृ, भू, अस् और सम् पूर्वक पद् धातु के योग में सातिच् और त्राच् होता है और त्राच् का त्रा रहता है। यथा, ब्राह्मणाय देयं करोति ब्राह्मणसात् करोति, ब्राह्मणत्रा करोति; ब्राह्मणसाद्भवति, ब्राह्मणत्रा

भवति, ब्राह्मणसात् स्यात्, ब्राह्मणत्रा स्यात्, ब्राह्मणसात् सम्पद्यते, ब्राह्मणत्रा सम्पद्यते।

५७ कृञो द्वितीयादेः कृञो डाच्—कृ धातु के योग में द्वितीय, तृतीय, शम्ब और बीज के उत्तर कर्षण अर्थ में डाच् होता है और इसका आ रहता है। यथा; द्वितीया करोति, तृतीया करोति, द्वितीयं तृतीयं कर्षणं करोतीत्यर्थः, शम्बाकरोति अनुलोमकृष्टं क्षेत्रं प्रतिलोमं कर्षतीत्यर्थः; बीजाकरोति, बीजेन सह कर्षतीत्यर्थः।

(क) संख्यायाश्च गुणान्तायाः—गुण शब्द अन्त में रहने से संख्यावाचक शब्द के उत्तर कृ धातु के योग में कर्षण अर्थ में डाच् होता है। यथा; द्विगुणाकरोति, त्रिगुणाकरोति क्षेत्रम्, द्विगुणं त्रिगुणं कर्षतीत्यर्थः।

(ख) समयाच्च यापनायाम्— यापन समझे जाने से समय शब्द के उत्तर डाच् होता है। यथा; समयाकरोति समयं यापयतीत्यर्थः।

(ग) सपत्र-निष्पत्राभ्यां व्यथने (सपत्रनिष्पत्रादतिव्यथने)—व्यथन अर्थ में सपत्र और निष्पत्र के उत्तर डाच् होता है। यथा, सपत्राकरोति मृगं व्याधः, सपत्रं शरं अस्य शरीरे प्रवेशयन् व्यथयतीत्यर्थः; निष्पत्राकरोति, शरीरात् शरं अपरपार्श्वे निष्क्रामयन् व्यथयतीत्यर्थः।

(घ) निष्कुलान्निष्कोषणे—निष्कोषण (कोष से बाहर करना) अर्थ में निष्कुल के उत्तर डाच् होता है। यथा; निष्कुलाकरोति दाडिमम्, दाडिमस्य अन्तरवयवान् बहिर्निःसारयतीत्यर्थः।

(च) सुखप्रियाभ्यामानुलोम्ये—आनुलोम्य अर्थ में सुख और प्रिय के उत्तर डाच् होता है। यथा, सुखाकरोति, प्रियाकरोति मित्रम्, अनुकूलाचरणेन आनन्दयतीत्यर्थः।

(छ) दुःखात्प्रातिलोम्ये—प्रातिलोम्य अर्थ में दुःख के उत्तर डाच् होता है। यथा; दुःखाकरोति भृत्यः, स्वामिनं पीडयतीत्यर्थः।

(ज) शूलात्पाके—पाक अर्थ में शूल के उत्तर डाच् होता है। यथा; शूलाकरोति मांसम्, शूलेन पचतीत्यर्थः।

(झ) सत्यादशपथे—शपथभिन्न अर्थ में सत्य के उत्तर डाच् होता है। यथा; सत्याकरोति भाण्डं वणिक्, क्रेतव्यमिति प्रतिजानीते इत्यर्थः।

(ट) भद्रात् परिवापणे—मुण्डन अर्थ में भद्र के उत्तर डाच् होता है। यथा; भद्राकरोति, साकल्यं मुण्डनं करोतीत्यर्थः।

N. B. पुंवत्तसिलादिषु भाषितपुंस्कस्य—तसिल्, त्रल्, चरट्, जातीय, देशीय और पाश प्रत्यय परे रहने से स्त्रीलिङ्ग शब्द का पुंवद्भाव होता है। यथा, उत्तरस्याः दिशः उत्तरतः, उत्तरस्यां दिशि उत्तरत्र, सर्वस्यां दिशि सर्वत्र, अर्पिता भूतपूर्वा अर्पितचरी, जाल्या ब्राह्मणी ब्राह्मणजातीया, ईषदूना पण्डिता पण्डितदेशीया, कुत्सिता पाचिका पाचकपाशा।

२ कल्पादिषु च—कल्प, रूप, तर और तम प्रत्यय परे रहने से स्त्रीलिङ्ग शब्द का पुंवद्भाव होता है। यथा; ईषदूना पण्डिता पण्डितकल्पा, प्रशस्ता गायिका गायकरूपा, इयमनयोरतिशयेन निपुणा निपुणतरा, इयमासामतिशयेन चपला चपलतमा।

३ ईदूतोर्विभाषा—कल्प इत्यादि प्रत्यय परे रहने से ईदन्त और ऊदन्त स्त्रीलिङ्ग शब्द का विकल्प से पुंवद्भाव होता है। यथा; ईषदूना विदुषी विदुषीकल्पा, विद्वत्कल्पा; ईषदूना मेधाविनी मेधाविनीरूपा, मेधाविरूपा इयमनयोरतिशयेन मायाविनी, मायाविनीतरा, मायावितरा; इयमासामतिशयेन मनोहारिणी मनोहारिणीतमा, मनोहारितमा; वामोरूकल्पा, वामोरुकल्पा; वामोरूरूपा वामोरुरूपा; वामोरूतरा; वामोरुतरा; वामोरूतमा, वामोरुतमा।

वैयाकरण लोग ऊदन्त के पुंवद्भाव को निषेध करके विकल्प से ऊर्

का ह्रस्वविधान करते हैं; पुंवद्भाव के अभाव में ऊङ् का कहीं विकल्प
और कहीं नित्य ह्रस्व विधान करते हैं। यथा, विदुषीकल्पा, विदुषिक
विद्वत्कल्पा; ब्राह्मणिकल्पा, ब्राह्मणकल्पा ।

४ शस्यिबह्वल्पार्थस्य—शस् प्रत्यय परे रहने से बह्वर्थ औ
अल्पार्थ स्त्रीलिङ्ग शब्द का पुंवद्भाव होता है। यथा; बह्वीभ्यो देहि, बहु
देहि, अल्पाभ्यो देहि, अल्पशो देहि ।

५ त्वतलोर्गुणवचनस्य:—त्व और तल् प्रत्यय परे रहने से गु
वाचक स्त्रीलिङ्ग शब्द का पुंवद्भाव होता है। यथा, निपुणाया भावः निपु
त्वम्, निपुणता; चपलाया भावः चपलत्वम्, चपलता; मेधाविन्या भाव
मेधावित्वम्, मेधाविता; प्रियवादिन्या भावः प्रियवादित्वम्, प्रियवादिता

Exercise—41

1 Give the comparative and superlative forms o
बलिन्, मतिमत्, लघु, बहु, उरु, दीर्घ, गुरु and दृढ ।

2 Derive—दाशरथिः, भस्मसात्, अन्तिमः, सौमित्रिः, अमात्यः
वत्सर, पार्वतायनः, सायन्तनम्, आश्विनः, आदितेयः, पौत्रः, पाण्डवः
अधस्तात्, अन्यथा, मनुष्यः, भागिनेयः, वैदान्तिकः, पाणिनीयम्
कार्ष्णम्, तर्हि, अन्येद्युः, सर्वत्र, यत्र, कालिका, दण्डकः, चपलिका
द्विधा, आग्नेयः, जनता, द्वैपायनः, आध्यात्मिकम्, स्वयः, मासिकम्
दृश्य, मानसम्, पार्थिवम्, सांघातिकः, बान्धवः, माधुर्यम्, यौवनम्
and प्रभुत्वम् ।

3. Substitute single words for—न्यूनस्य भावः, पुत्रमिव
पक्वता अस्मिन् संजाताः, गज प्रमाणमस्य, पंच अवयवा अस्य,
रसानां पूरणः, स्त्रीरस्यास्ति, माया अस्य अस्ति, उष्णं न सहते,
वाग्मोऽस्य सन्ति, मानुर्मातः, अयमेषामतिशयेनप्रियः, अयमनयोरति-
शयेन प्रियः, स्वर्णस्य विकारः, दूर्वा अस्य अवयवाः, द्वे विधे, कुस्मिन

अश्व, मर्यै प्रकारे, पृथ्वीस्मिन्नहनि, ग्रामसंघम् अशुक्लं शुक्लं भवति, भगुंनस्य अग्रजम्, मनोरपत्यम्, वाक्यस्य अवयवानि, वेदं अर्थते, शरीरेण कृतम्, विष्णुरस्य देवता, अर्धमर्हति, भरतस्य इदम्, रघुनस्य विकार, चेतनेन जीवति, धर्मं चरति, अन्येन प्रकारेण and बाला पुत्र।

4. Translate into Hindi:—दाशरथिः तस्य वचनं श्रुत्वा हृष्टो बभूव। पाण्डवकौरवयोर्महान् युद्धोऽभूत्। अस्मिन् वने महातपा नाम तापस आसीत्। तस्य ज्येष्ठ पुत्रो बुद्धिमानस्ति। बाणवृष्टिमवलोक्य सर्वे यत्र तत्र पलायिताः। अस्मिन् मठे बहवो वैष्णवाः सन्ति। अद्वितीयपराणि आख्यितेया दिते ईश्याखात्र मस्ति।

5. Translate into Sanskrit:—(a) मातापिता सन्तान की रक्षा करते हैं। देशभक्त अपने देश को प्राण से भी अधिक प्यार करते हैं। आप समुद्रपर्यन्त पृथ्वी के राजा हैं। कौशिक ने रामचन्द्र से कहा। हिमालय भारतवर्ष के उत्तर में है।

(b) I will go there and see your brother. You have sent me three books. The army of the enemy was defeated. The royal officers went to the tree. He works all day and never wastes time. Please come to my house to-morrow.

6. Correct:—कोशलराजः कति पुत्राः सन्ति। दाशरथिस्य भार्या पालय। धनिनां सेवा सर्वे कुर्वन्ति। मधुस्तिष्ठति जिह्वाग्रे हृदे तस्य हलाहल.। बालकेन चन्द्रं पश्यते। मां धनस्य प्रयोजनं नास्ति। धनेन विद्या गरीयसी। पतिना नीयते वधू। सप्तमोमासाऽस्ति।

स्त्री-प्रत्यय

१ नियम्—इस प्रकरण में पुंलिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग बनाने के नियम का उल्लेख किया जाता है।

२ अदन्तादाप् (अजाद्यतष्टाप्)—अकारान्त प्रातिपदिक के उत्तर आप् होता है और इसका आ रहता है। यथा; कृश-कृशा, दीन-दीना, मलिन-मलिना, कृपण-कृपणा, क्रूर-क्रूरा, सरल-सरला, प्रबल-प्रबला, अचल-अचला, निपुण-निपुणा, चतुर-चतुरा, तरल-तरला, चपल-चपला, दक्षिण-दक्षिणा, उत्तर-उत्तरा, पूर्व-पूर्वा, पश्चिम-पश्चिमा, प्रथम-प्रथमा, द्वितीय-द्वितीया, तृतीय-तृतीया, अनुकूल-अनुकूला, प्रतिकूल-प्रतिकूला, मनोहर-मनोहरा।

(क) आपि प्रत्ययकात् पूर्वस्यात इत् (प्रत्ययस्थात् कात् पूर्वस्यात इदाप्यसुपः)—आप् होने से प्रत्यय के ककार के पूर्ववर्ती अकार का इकार होता है। यथा; नायक-नायिका, पाचक-पाचिका, नाटक-नाटिका, पालक-पालिका, कारक-कारिका, बोधक-बोधिका, साधक-साधिका, पालक-पालिका।

(ख) नाष्टकादेः (त्यकनश्च निषेधः। तारका ज्योतिषि। अष्टका पितृदैवत्ये। क्षिपकादीनां च न)—अष्टका इत्यादि के ककार के पूर्ववर्ती अकार का इकार नहीं होता। यथा; अष्टका, इष्टका, कन्यका, करका, चटका, तारका, अधित्यका, उपत्यका।

३. ईप् गौरादिभ्यः—गौर इत्यादि अकारान्त शब्दों के उत्तर ईप् होता है और इसका ई रहता है।

ईपि लोपोऽवर्णस्य (यस्येति च)—ईप् होने से शब्द के अन्तस्थित अ का लोप होता है। यथा, गौर-गौरी, कुमार-कुमारी, किशोर-किशोरी, सुन्दर-सुन्दरी, तरुण-तरुणी, पितामह-पितामही, मातामह-मातामही, नद-नदी, तट-तटी, नट-नटी, पट-पटी, कदल-कदली, स्थल-स्थली, काल-काली, नाग-नागी, मण्डल-मण्डली, सल्लक-सल्लकी, वेतस-वेतसी, आमलक-आमलकी,

मृग-मृगी, द्रोण-द्रोणी, बदर-बदरी, कबर-कबरी a braid of hair.

(क) जातौ अतोऽदन्तादीप् (जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्)—जाति अर्थ में जातिवाचक अकारान्त शब्दों के उत्तर ईप् होता है। यथा; सिंह-सिंही, व्याघ्र-व्याघ्री, भल्लूक-भल्लूकी, मृग-मृगी, हरिण-हरिणी, कुरङ्ग-कुरङ्गी, गर्दभ-गर्दभी, शूकर-शूकरी, कुक्कुर-कुक्कुरी, जम्बूक-जम्बूकी, शृगाल-शृगाली, बिडाल-बिडाली, घोटक-घोटकी, महिष-महिषी, हंस-हंसी, सारस-सारसी, चमत्थाक-चमत्थाकी, मानुष-मानुषी, ब्राह्मण-ब्राह्मणी, गोप-गोपी, चण्डाल-चण्डाली, पिशाच-पिशाची, राक्षस-राक्षसी, निशाचर-निशाचरी।

N. B. माजादेः—जातिवाचक शब्दों में अज इत्यादि के परे ईप् नहीं लगता। यथा; अज-अजा, कोकिल-कोकिला, चटक-चटका, अश्व-अश्वा, मूषिक-मूषिका, पुत्रक-पुत्रिका, बाल-बाला, वत्स-वत्सा, ज्येष्ठ-ज्येष्ठा, कनिष्ठ-कनिष्ठा, शूद्र-शूद्रा, (महत् शब्द पहले रहने से ईप् होता है; यथा; महाशूद्री)।

२ न योपधाद्गवयादिवर्ज्जात् (जाते ·······)—जातिवाची शब्दों की उपधा में य हो तो ईप् नहीं होता। यथा; वैश्य-वैश्या। गवय a species of ox, हय, मुकय, मत्स्य और मनुष्य के उत्तर ईप् होता है; यथा; गवयी, हयी, मुकयी।

३ लोपो मत्स्यमनुष्ययोर्यस्य (सूर्य्यतिष्यागस्त्यमत्स्यानां य उपधायाः)—ईप् होने से मत्स्य और मनुष्य के य का लोप होता है। यथा; मत्स्य-मत्सी, मनुषी।

(ख) ऋदन्तादीप् (ऋन्नेभ्यो ङीप्)—ऋकारान्त शब्दों के उत्तर ईप् होता है। यथा; दातृ-दात्री, धातृ-धात्री, कर्तृ-कर्त्री, जनयितृ-जनयित्री, प्रसवितृ-प्रसवित्री।

N. B. न स्वस्रादेः (न षट् स्वस्रादिभ्यः)—स्वसृ इत्यादि ऋकारान्त शब्दों में ईप् नहीं होता। यथा; स्वसा, माता, दुहिता, याता, ननान्दा, तिस्रः, चतस्रः।

(ग) नान्तादीप् (ऋन्नेभ्यो ङीप्)—नकारान्त शब्दों के परे ईप् होता है। यथा; कामिन्-कामिनी, मानिन्-मानिनी, मायाविन्-मायाविनी, तपस्विन्-तपस्विनी, विलासिन्-विलासिनी, अधिकारिन्-अधिकारिणी, उपकारिन्-उपकारिणी, अनुरागिन्-अनुरागिणी, प्रियवादिन-प्रियवादिनी, मनोहारिन्-मनोहारिणी।

N. B. उपधाया लोपोऽनः (अल्लोपोऽनः) ईप् होने से अन् भागान्त शब्दों की उपधा का लोप होता है। यथा; राजन्-राज्ञी, पर म् और व् संयुक्त उपधा का लोप नहीं होता।

२ संख्यायाः—संख्यावाची नकारान्त शब्दों के परे ईप् नहीं होता है। यथा; पञ्च, सप्त, अष्ट, नव, दश।

३ न मनन्तात्—मन् भागान्त शब्दों के परे ईप् नहीं होता। यथा; सीमा, धामा, सुदामा, अतिमहिमा।

४ नानन्ताद्बहुव्रीहौ (अनो बहुव्रीहेः)—बहुव्रीहि समास होने से अन् भागान्त शब्दों के उत्तर ईप् नहीं होता। यथा; बहूनि सन्त्यस्याः पर्व्वाणि बहुपर्व्वा वेणुयष्टिः।

विभाषा डाप् (डाबुभाभ्यामन्यतरस्याम्)—बहुव्रीहि समास होने से अन् भागान्त शब्दों के उत्तर विकल्प से डाप् होता और इसका आ रहता है। यथा; बहुपर्व्वा, बहुपर्व्वे, बहुपर्व्वाः, पक्षान्तर में बहुपर्व्ना, बहुपर्व्नाणौ, बहुपर्व्नाणः।

ईप् चोपधालोपिनो वा (अन उपधालोपिनोऽन्यतरस्याम्)—जिन अन् भागान्त शब्दों की उपधा का लोप होता है उनके परे बहुव्रीहि समास होने से विकल्प से डाप् और ईप् होता है।

यथा, बहवः राजानः यस्य राजानः बहुराजा, बहुराज्ञी, बहुराजाः, बहुराज्ञ्यौ, बहुराज्यौ, बहुराजयः। पक्षान्तर में बहुराजा, बहुराजानौ, बहुराजानः।

N. B. गुणवाचकाः (पूर्ववत्। अनुपसर्जनादिति)—गुर्वि इत्यादि विकल्प से सिद्ध होते हैं। यथा, गुरु-गुर्वी, गुर्वी, गुर्वि; ग्लह-ग्लही, मघवन्-मघोनी, मघवरी।

(घ) उगितश्च—उ और ऋ लोप होने वाले प्रत्ययों के योग से बने शब्दों के उत्तर ईप् होता है। यथा, उगितः भवत् भवती, दयत्-दयती, कियत्-कियती, धीमत्-धीमती, बुद्धिमत्-बुद्धिमती, पुत्रवत्-पुत्रवती, लज्जावत्-लज्जावती, बलवत्-बलवती, प्रभावत्-प्रभावती, रूपवत्-रूपवती, प्रेयस्-प्रेयसी, श्रेयस्-श्रेयसी, गरीयस्-गरीयसी, लघीयस्-लघीयसी, कनीयस्-कनीयसी। अपवाद-सत्-सती, ददत्-ददती, शृण्वत्-शृण्वती, द्वियत्-द्वियती, बिभ्रत्-बिभ्रती, कुर्वत्-कुर्वती, गृह्णत्-गृह्णती, जानत्-जानती।

N. B. शतुर्नुम् भू-दिवादिभ्याम्—ईप् होने से भ्वादि, दिवादि और चुरादि गणीय धातु के उत्तर शतृ प्रत्यय को नुम् का आगम होता है। नुम् का न् रहता है और शतृ के त् के पूर्व लगता है। यथा; भ्वादि-धावत्-धावन्ती, गच्छत्-गच्छन्ती, पतत्-पतन्ती, तिष्ठत्-तिष्ठन्ती, चलत्-चलन्ती, चुरादि—पचयत्-पचयन्ती, धारयत्-धारयन्ती, स्मारयत्-स्मारयन्ती, स्थापयत्-स्थापयन्ती, पालयत्-पालयन्ती। दिवादि-दीव्यत्-दीव्यन्ती, नश्यत्-नश्यन्ती, जीर्य्यत्-जीर्य्यन्ती, मुह्यत्-मुह्यन्ती।

२ वा तुदादेः (आच्छीनद्योर्नुम्)—तुदादिगणीय धातुओं के परे विकल्प से नुम् होता है। यथा; तुदत्-तुदन्ती, तुदती; इच्छत्-इच्छन्ती, इच्छती; पृच्छत्-पृच्छन्ती, पृच्छती; स्पृशत्-स्पृशन्ती, स्पृशती, सिञ्चत्-सिञ्चन्ती, सिञ्चती।

३ अदादेश्चादन्तात् (आच्छीनद्योर्नुम्)—अदादिगणीय आ-कारान्त धातु के परे विकल्प से नुम् होता है । यथा; यात्-यान्ती, याती; भात्-भान्ती, भाती; भात्-भान्ती, भाती; स्नात्-स्नान्ती, स्नाती ।

४ विभाषा स्यतुः (आच्छीनद्योर्नुम्)—ईप् होने से स्यतु प्रत्ययान्त शब्दों का विकल्प से नुम् होता है । यथा; भविष्यत्-भविष्यन्ती, भविष्यती; करिष्यत्-करिष्यन्ती, करिष्यती; दास्यत्-दास्यन्ती, दास्यती; शास्यत्-शास्यन्ती, शास्यती ।

(ख) टित्-षिद्भ्यामीप् (षिद् गौरादिभ्यश्च । टिड्ढाणञ् द्वयस-ज्दघ्नञ् मात्रच् तयप् ठक् ठञ्कञ्क्वरपः)—ट् और ष् लोप होने वाले प्रत्ययों से बने हुए शब्दों के परे ईप् होता है । यथा; टकारेत्—गायन-गायनी, कर्म्मकर-कर्म्मकरी, अर्थकर-अर्थकरी, यशस्कर-यशस्करी, निशाचर-निशाचरी, भयङ्कर-भयङ्करी, चतुर्थ-चतुर्थी, पञ्चम-पञ्चमी, षष्ठ-षष्ठी, सप्तम-सप्तमी, अष्टम-अष्टमी, नवम-नवमी, दशम-दशमी, एकादश-एकादशी, द्वादश-द्वादशी, त्रयो-दश-त्रयोदशी, चतुर्द्दश-चतुर्द्दशी, षोडश-षोडशी, द्वय-द्वयी, त्रय-त्रयी, चतुष्टय-चतुष्टयी, दयामय-दयामयी, स्वर्णमय-स्वर्ण-मयी, मृन्मय-मृन्मयी, हिरन्मय-हिरन्मयी । षकारेत्—नर्त्तक-नर्त्तकी, रजक-रजकी, मानव-मानवी, वैष्णव-वैष्णवी, द्रौपद-द्रौपदी, पाञ्चाल-पाञ्चाली, मागध-मागधी, मैथिल-मैथिली, पार्श्वत-पार्श्वती, चातुर-चातुरी, माधुर माधुरी, भागिनेय-भागि-नेयी, पौत्र-पौत्री, दौहित्र-दौहित्री, ईदृश-ईदृशी, तादृश-तादृशी, यादृश-यादृशी, कीदृश-कीदृशी, सदृश-सदृशी, एतादृश-एतादृशी, अन्यादृश-अन्यादृशी ।

N. B. ईपि लोपः य्यणो हलः (हलस्तद्धितस्य)—ईप् होने से हल् वर्ण के परवर्त्ती य्यण् प्रत्यय का लोप होता है । यथा; गार्ग्य-गार्गी,

के उत्तर ईप् होता है। यथा, द्वे अस्या दाम्नी द्विदाम्नी A cow tied with two ropes, त्रीण्यस्या दामानि त्रिदाम्नी; द्वे अस्या हायने द्विहायनी A cow two years old, त्रिहायणी, चतुर्हायणी गौः। हायन शब्द वयोवाचक न हो तो ईप् और णत्व नहीं होता। यथा, द्विहायना, त्रिहायना, चतुर्हायना शाला।

(ण) इदन्तादिभाषा (कृदिकारादक्तिनः)—इकारान्त शब्द के उत्तर विकल्प से ईप् होता है। यथा, श्रेणी, श्रेणिः; राजी, राजिः; आली, आलिः; घटी, घटिः; रात्री, रात्रिः; रजनी, रजनिः; शारी, शारिः; यष्टी, यष्टिः; अही, अहिः; कपी, कपिः; मुनी, मुनिः; शकटी, शकटिः।

N. B. नित्यं सख्युः (सख्यशिश्वीति भाषायाम्)—सखि में नित्य होता है। यथा, सखी।

२ न क्ते (कृदिकारादक्तिनः)—क्ति प्रत्यय से बने हुए इकारान्त शब्दों के उत्तर ईप् नहीं होता है। यथा, गतिः, स्थितिः, कृतिः, मतिः, भक्तिः, मुक्तिः, बुद्धिः।

३ वा शक्ति-पद्धतिभ्याम् (बह्वादिभ्यश्च)—शक्ति और पद्धति शब्द के उत्तर विकल्प से होता है। यथा, शक्ती, शक्तिः (अस्त्र अर्थ में), पद्धती, पद्धतिः।

(त) पत्युर्नो यज्ञसंयोगे—यज्ञसंयोग -अर्थात् यज्ञ के फलभागित्व अर्थ में पति [redacted] उत्तर ईप् और इकार के स्थान में न होता है। यथा, वशिष्ठस्य पत्नी, वशिष्ठानुष्ठितयज्ञफलभोक्त्री-त्यर्थः। ग्रामस्य पतिरियम् (यहाँ पति का अर्थ अधिकारिणी है, फलभोक्त्री नहीं है; इसी से ईप् और न नहीं होता)।

N. B. सपत्नीप्रभृतयः (नित्यं सपत्न्यादिषु)—सपत्नी इत्यादि निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा, समानः पतिरस्याः सपत्नी, एकः पतिरस्या

एकपत्नी साध्वी, वीरः पतिरस्याः वीरपत्नी, वृद्धः पतिरस्याः वृद्धपत्नी, भद्रः पतिरस्याः भद्रपत्नी, पञ्च पतयोऽस्याः पञ्चपत्नी द्रौपदी, पतिरस्त्यस्याः पतिवत्नी, जीवद्भर्तृका, अन्तरस्त्यस्याः अन्तर्वत्नी गर्भिणी।

(ग) पदो बहुव्रीहौ (पादोऽन्यतरस्याम्)— बहुव्रीहि समास होने पर पद् के उत्तर ईप् होता है। यथा, द्वावस्याः पदौ द्विपदी, त्रयोऽस्याः पदः त्रिपदी, चतुष्पदी, बहुपदी, शतपदी।

(घ) दन्त—बहुव्रीहि समास होने पर दन्त् के उत्तर ईप् होता है। यथा, सुदती, चारुदती, शुभ्रदती, कुन्ददती।

(ङ) पाणिगृहीतात् पत्न्याम् (पाणिगृहीती भार्यायाम्)— पत्नी अर्थ में पाणिगृहीत शब्द के उत्तर ईप् होता है। यथा, पाणिगृहीतोऽस्याः पाणिगृहीती पत्नी अन्यत्र पाणिगृहीता नारी।

(च) वा गुणवाचकादुदन्तात् (वोतो गुणवचनात्) — गुणवाचक उकारान्त शब्दों के उत्तर विकल्प से ईप् होता है। यथा, मृद्वी, मृदुः; साध्वी, साधुः; पट्वी, पटुः; गुर्वी, गुरुः; लघ्वी, लघुः; तन्वी, तनुः; स्वाद्वी, स्वादुः; बह्वी, बहुः (बह्वादिभ्यश्च)। खरु—a girl who chooses her husband शब्द में नहीं होता (खरुसंयोगोपधात्)।

न संयुक्तोपधात् (खरुसंयोगोपधात्)—जिन उकारान्त शब्दों की उपधा में संयुक्त वर्ण हो, उनके उत्तर ईप् नहीं होता। यथा, पाण्डुः।

(छ) शिश्वप्रतिषेधानडुहश्च (शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन्)—अशिशु और अनडुह् शब्द के उत्तर नित्य ईप् होता है। यथा, अशिश्वी, नास्त्यस्याः शिशुरित्यर्थः; अनडुही।

अनड्वाही—निपातन से सिद्ध होता है।

६ भवेन्द्राणी (इन्द्र-वरुण-भव-शर्व-रुद्र-मृड-हिमारण्य-यव-यवन-मातुलाचार्याणामानुक्)— जाया अर्थ में भव, शर्व, रुद्र, मृड, इन्द्र, वरुण, यवन, मातुल, हिम, उपाध्याय और आचार्य

के उत्तर आन् व ईप् होता है । यथा; भवस्य जाया भवानी, शर्व्वस्य जाया शर्व्वाणी, रुद्र-रुद्राणी, मृड-मृडानी, इन्द्र-इन्द्राणी, वरुण-वरुणानी, इत्यादि ।

(क) न लोपो ब्रह्मणः—आन् होने से ब्रह्मन् के नकार का लोप होता है । यथा, ब्रह्मणो जाया ब्रह्माणी ।

(ख) मातुलादान् विभाषा (मातुलोपाध्याययोरानुग्वा)—मातुल शब्द के उत्तर विकल्प से आन् होता है । यथा, मातुलस्य जाया मातुलानी, मातुली ।

(ग) वा क्षत्रियादेरानीपौ (अर्यक्षत्रियाभ्यां वा स्वार्थे)— क्षत्रिय इत्यादि शब्द के उत्तर विकल्प से आन् और ईप् होते हैं । यथा, क्षत्रिय-क्षत्रियाणी क्षत्रिया A woman of the Kshatriya caste, क्षत्रियी the wife of a Kshatriya, अर्य-अर्याणी, अर्या, अर्यी; उपाध्याय-उपाध्यायानी, उपाध्यायी The wife of a teacher, उपाध्यायी, उपाध्याया— a female preceptor, आचार्य्या, आचार्य्यानी the wife of an Acharya or holy teacher (न मूर्द्धन्य नहीं होता) आचार्य्या a spiritual preceptress.

(घ) अर्थविशेषे हिमादेः (हिमारण्ययोर्महत्त्वे । यवाद्दोषे । यवनाल्लिप्याम्)— अर्थ विशेष में हिम, अरण्य, यव और यवन के उत्तर नित्य आन् और ईप् होता है । यथा, महत् हिमं हिमानी, महत् अरण्यम् अरण्यानी, दुष्टो यवः यवानी, यवनानां लिपि यवनानी ।

५ ऊङुतः—उकारान्त शब्द के उत्तर ऊङ् होता है और इसका ऊ रहता है । यथा, कुरु-कुरूः, कद्रूः, प्रजाद्रूः, कर्कन्धूः ब्रह्मबन्धूः ।

न रज्ज्वादेः—रज्जु इत्यादि के उत्तर ऊप् नहीं होता । यथा, रज्जुः, धेनुः, आलुः, हनुः, कमण्डलुः, इक्ष्वाकुः, भृतबाहुः, अध्वर्युः ।

(क) विभाषा तन्वादेः—तनु इत्यादि के उत्तर विकल्प से ऊप् होता है । यथा, तनूः, तनुः, चञ्चूः, चञ्चुः ।

श्वश्रूः श्वशुरस्य—श्वशुर का निपातन से श्वश्रू होता है । यथा, श्वशुरस्य जाया श्वश्रूः ।

(ख) ऊरोरौपम्ये (ऊरूत्तरपदादौपम्ये)—उपमा अर्थ में ऊरु के उत्तर ऊप् होता है । यथा, रम्भे इवास्या ऊरू रम्भोरूः, करभाविवास्या ऊरू करभोरूः, करिकराविवास्या ऊरू करिकरोरू ।

(ग) वामादिपूर्वाच्च (संहितशफलक्षणवामादेश्च)—वाम इत्यादि परवर्ती ऊरु के उत्तर में ऊप् होता है । यथा, वामोरूः, हितोरूः, सहोरूः, संहितोरूः, लक्षणोरूः, शफोरूः ।

Exercise—42

1 Give the feminine forms of:—प्रथम, मनुष्य, तपस्विन्, महत्, राजन्, युवन्, श्रीमत्, पतत्, नर्तक, गार्ग्य, उक्षन्, आचार्य, उपाध्याय, मृगनयन, पति, मृदु, गुरु, श्वशुर, भविष्यत्, मनोहारिन्, कामिन्, शूद्र, गायक and क्षत्रिय ।

2. Give single words for:—आचार्यस्य जाया, श्वशुरस्य मातुलस्य जाया, वीरः पतिरस्याः, मृग इव नयनेऽस्याः, महतो गणकस्य जाया, समानः पतिरस्याः, पत्र पत्योऽस्याः, करभाविवास्या ऊरू A woman of Gop class, The wife of Indra.

3. Translate into Sanskrit—राजा द्रुपद ने अपनी कन्या द्रौपदी का स्वयम्बर किया । उसने एक मत्स्य टाँग दिया । नीचे जल

में मत्स्य की परछाईं देख कर जो उसे वेधेगा, उसी के साथ द्रौपदी का विवाह होगा। अनेक वीर राजाओं ने मत्स्य वेधने की चेष्टा की, पर कोई भी सफल न हुआ। अन्त में ब्राह्मण वेषधारी अर्जुन ने मत्स्य को मार गिराया और द्रौपदी को लेकर भाइयों सहित अपने स्थान को चले। पर दुर्योधन इत्यादि सब राजाओं ने युद्ध करके द्रौपदी को छीन लेने का विचार किया। युद्ध में अर्जुन ने सब को परास्त किया। द्रौपदी सहित पाँचो पाण्डव अपने घर पहुँचे और द्वार से ही माता को पुकार कर कहा कि हे माता, हम लोग एक फल लाये हैं। माता ने कहा कि आपस में बाँट लो। माता, के ऐसा कहने के कारण द्रौपदी पाँचो पाण्डवों की स्त्री हुई।

समास

१ एकार्थीभावः समासः—दो या अधिक पद आपस में मिल जाते हैं तो उन्हें समास कहते हैं। समास में केवल अन्त के पद में विभक्ति होती है।

N. B. लुक् विभक्तेः—समास के अन्तर्गत विभक्ति का लोप होता है।

२ नस्यलोपः पूर्वस्य (न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य)—समास होने पर पूर्वपद के अन्तस्थित न का लोप होता है।

३ परस्य स्वरे (मस्ताद्धिते)—स्वर वर्ण परे रहने से परपद के अन्तस्थित न् का लोप होता है (यप् प्रत्यय परे रहने से भी परपद के अन्तस्थित न् का लोप होता है।

४ लोपोऽवर्णवर्णयोः (यस्येति च)—स्वरवर्ण परे रहने से अ और इ का लोप होता है।

५ अकारो नञो हलि (नलोपो नञः)—व्यञ्जन वर्ण परे रहने से नञ् का अ होता है।

६ अन् स्वरे (तस्मान्नुडचि)—स्वरवर्ण परे हो तो नञ् का अन् होता है।

७ टेर्लोपो डिति (टेः)—ड्-इत् वाले प्रत्यय के परे रहने से टि का लोप होता है।

८ तेर्विंशतेः (ति विंशतेर्डिति)—विंशति के ति का लोप होता है।

९ ह्रस्वोऽन्ते गोस्त्रियावन्यार्थे (गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य)—जहाँ अन्य पदार्थ का बोध हो वहाँ अन्तस्थित गो शब्द और स्त्री प्रत्यय का ह्रस्व होता है।

स्त्री नेयसुनः—ईयसुन् के परवर्ती स्त्रीप्रत्यय का ह्रस्व नहीं होता।

१० समासाः प्रातिपदिकानि (कृत्तद्धितसमासाश्च)—समास होने पर समस्त भाग प्रातिपदिक होता है अर्थात् उसके उत्तर फिर विभक्तियाँ लगती हैं।

११ विशेष्यलिङ्गमन्यार्थे—जहाँ अन्य पदार्थ का बोध हो वहाँ समस्त भाग विशेष्य के लिङ्ग को प्राप्त होता है।

१२ नपुंसकैकवचने समाहारे—समाहार समास होने पर समस्त भाग नपुंसकलिङ्ग और एकवचनान्त होता है।

१३ पुंवद्भावः सर्वनाम्नः—समास में स्त्रीलिङ्ग सर्वनाम का पुंवद्भाव (पुंल्लिङ्ग के समान आकार) होता है।

१४ महतो महा विशेष्ये (आन्महतः समानाधिकरणजातीययोः) विशेष्य पद परे हो तो महत् का महा होता है।

अव्ययीभाव समास

१ पूर्वपदार्थप्रधानोऽव्ययीभावः—जिस समास में पूर्वपद प्रधान हो उसे अव्ययीभाव कहते हैं।

(क) नपुंसकमव्ययीभावे (अव्ययीभावश्च)—अव्ययी भाव समास होने पर समस्त भाग क्लीबलिङ्ग होता है।

(ख) [illegible] (नाव्ययीभावादतोऽम् त्वपञ्चम्याः)—

पञ्चमी को छोड़ कर अकारान्त अव्ययीभाव के परे विभक्ति के स्थान में म् होता है । यथा; राममधिकृत्य प्रवृत्ता कथा अधिरामं कथा, कृष्णस्य समीपात् गतः उपकृष्णात् गतः ।

(ग) विभाषा तृतीयासप्तम्योः (तृतीयासप्तम्योर्बहुलम्)—तृतीया और सप्तमी विभक्ति में विकल्प से म् होता है । यथा; रामस्य समीपेन कार्यं इति उपरामम्, उपरामेण वा कार्यम् । रामस्य समीपे स्थितः इति उपरामम्, उपरामे वा स्थितः ।

(घ) लुक् स्यात् (अव्ययीभावश्च । अव्ययादाप्सुपः)—अकारान्त भिन्न अव्ययीभाव के परवर्ती विभक्ति का लोप होता है ।

१ गुरुस्वाद्यर्थं समीपादौ (अव्ययं विभक्तिसमीपसमृद्धिव्यृद्ध्यर्थाभावात्ययासम्प्रतिशब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथानुपूर्व्ययौगपद्यसादृश्यसम्पत्तिसाकल्यान्तवचनेषु)—समीप, अभाव, अत्यय, असम्प्रति, पश्चात्, योग्यता, वीप्सा, अनतिवृत्ति, आनुपूर्व्य, विभक्ति, सादृश्य, यौगपद्य, साकल्य, समृद्धि, पर्य्यन्त इत्यादि अर्थ में सुबन्त पद के साथ अव्यय का समास होता है । यथा; समीप—गृहस्य समीपं उपगृहम्, गङ्गायाः समीपं उपगङ्गम्; अभाव—विघ्नस्य अभावः निर्विघ्नम्, मक्षिकाणां अभावः निर्मक्षिकम्; अत्यय—हिमस्यात्ययः अतिहिमम्, बाधाया अत्ययः अतिबाधम्; असम्प्रति—निद्रा सम्प्रति न युज्यते अतिनिद्रम्; शोकः सम्प्रति न युज्यते अतिशोकम्; पश्चात्—रथस्य पश्चात् अनुरथम्, अनुगृहम्; योग्यता—रूपस्य योग्यं अनुरूपम्, अनुकूलम्; वीप्सा—दिनं दिनं प्रतिदिनम्, प्रतिगृहम्; अनतिवृत्ति—शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति, यथाज्ञानम्; आनुपूर्व्य—ज्येष्ठस्य आनुपूर्व्येण अनुज्येष्ठम्, अनुवर्णम्; विभक्त्यर्थ—हरौ अधिहरि, गृहे अधिगृहम् ।

सहः स्तोऽकाले (अव्ययीभावे चाकाले)—अव्ययीभाव समास में सह शब्द के स्थान में [redacted] होता है । यथा; सादृश्य—हरेः सदृशं

सहरिः; यौगपद्य—चक्रेण युगपत् सचक्रम्; साकल्य—तृणमपि अपरित्यज्य सतृणम्; समृद्धि—मद्राणां समृद्धिः समद्रम्; पर्यन्त—अग्निग्रन्थपर्य्यन्तमधीते साग्नि। काल अर्थ में स नहीं होता; यथा, सहपूर्व्वाह्णम्, सहापराह्णम्।

४ यावदवधारणे—अवधारण अर्थ में सुबन्त के साथ यावत् का समास होता है। यथा, यावदमत्रं ब्राह्मणानामन्त्रयस्व, यावन्त्यमत्राणि सन्ति तावत् आमन्त्रयस्वेत्यर्थः; यावन्तः श्लोकास्तावन्तोऽच्युतप्रणामा यावच्छ्लोकम्।

५ विभाषा बहिरादिः पञ्चम्या (अपपरिबहिरञ्चवः पञ्चम्याः)—पञ्चम्यन्त पद के साथ बहिस्, प्राच्, अपाच्, प्रत्यञ्च्, अप, परि इत्यादि शब्दों का विकल्प से समास होता है। यथा, बहिर्ग्रामम्, ग्रामाद्बहिः; प्रागुपवनम्, उपवनात् प्राक्।

६ आङ्मर्य्यादाभिविध्योः—मर्य्यादा और अभिविधि (तेन विना मर्य्यादा, तत्सहितोऽभिविधिः) अर्थ में सुबन्त पद के साथ आङ् अव्यय का विकल्प से समास होता है। यथा, आपाटलिपुत्रम् (आपाटलिपुत्रात्) वृष्टो देवः; आकुमारं (आ कुमारेभ्यः) यशः कालिदासस्य; आमुक्ति (आमुक्तेः) संसारः।

७ लक्षणेनाभिप्रती आभिमुख्ये—आभिमुख्य (सम्मुख) अर्थ में लक्षणवाचक सुबन्त पद के साथ अभि और प्रति अव्ययों का विकल्प से समास होता है। यथा, अभ्यग्नि (अग्नि अभि) शलभाः पतन्ति, प्रत्यग्नि (अग्नि प्रति)।

८ यस्य चायामस्तेनानुः (यस्य चायामः)—जिसकी दीर्घता का बोध हो उसके साथ अनु अव्यय का विकल्प से समास होता है। यथा; अनुगङ्गम् (गंगाया अनु) वाराणसी, गंगा दैर्घ्य-सदृशदैर्घ्योपलक्षिता इत्यर्थः।

९ पारमध्यौ षष्ठ्या (पारे मध्ये षष्ठ्या वा)—षष्ठ्यन्त पद के साथ पार और मध्य शब्दों का विकल्प से अव्ययीभाव होता है। यथा; समुद्रस्य पारं पारेसमुद्रम्, गङ्गायाः मध्यं मध्येगङ्गम् (निपातन से ए का आगम होता है)। पक्षान्तर में षष्ठी समास होता है।

१० संख्या नदीभिः समाहारे (नदीभिश्च। समाहारे चायमिष्यते)—समाहार समझे जाने से नदीवाचक सुबन्त पद के साथ संख्यावाचक शब्द का अव्ययीभाव समास होता है। यथा; तिसृणां गंगानां समाहारः त्रिगङ्गम्, पञ्चनदम्, सप्तगोदावरम्।

अन्यपदार्थे च संज्ञायाम्—संज्ञा अर्थ में और अन्य पदार्थ का बोध होने से नदीवाचक सुबन्त पद का अव्ययीभाव समास होता है। यथा; उन्मत्ता गङ्गा यस्मिन् उन्मत्तगङ्गम्, लोहितगङ्गम्, तुष्णीगङ्गम्, शनैर्गङ्गम्, इमानि देशविशेषनामानि।

११ तिष्ठद्गुप्रभृतीनि (च)—अव्ययीभाव समास में तिष्ठद्गु वहद्गु, आयतीगवम्, खलेयवम्, खलेबुसम्, लूनयवम्, लूयमानयवम्; पूतयवम्, पूयमानयवम्, संहितयवम्, संह्रियमाणयवम्, संहृतबुसम्, संह्रियमाणबुसम्, समभूमि, समपदाति, सुषमम्, विषमम्, दुःषमम्, निःषमम्, अपसमम्, आयतीसमम्, प्रौढम्, पापसमम्, पुण्यसमम्, प्राह्णम्; प्ररथम्, प्रमृगम्, प्रदक्षिणम्, अपरदक्षिणम् सम्प्रति और असम्प्रति निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; तिष्ठन्ति गावो यस्मिन् काले दोहाय तिष्ठद्गु, आयान्ति यस्मिन् काले गावो गोष्ठम् आयतीगवम्।

N. B. शरदादिभ्यः (अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः)—अव्ययीभाव समास में शरद्, विपाश्, अनस्, मनस्, उपानह्, अनडुह्, दिव्, हिमवत्, हिरुक्, विद्, सद्, दिश्, दृश्, विश्, चतुर्, त्यद्, तद्, यद्, कियत् और जरा शब्दों के उत्तर अच् होता है और अन् का अ होता

है। यथा; शरदः समीपम् उपशरदम्, प्रतिदिशम्, आहिमवतम्, अनुदिशम्।

२ जराया जरस् (जराया जरस् च)—अन् होने से जरा का जरस् होता है। यथा; जरायाः समीप उपजरसम्।

३ सरजसोपशुने (अचतुरविचतुरसुचतुरस्त्रीपुंसधेन्वनडुहर्क्सामवाङ्मनसाक्षिभ्रुवदारगवोर्वष्ठीवपदष्ठीवनक्तन्दिवरात्रिन्दिवाहर्दिवसरजसनिःश्रेयसपुरुषायुषद्व्यायुषत्र्यायुषर्ग्यजुषजातोक्षमहोक्षवृद्धोक्षोपशुनगोष्ठश्वाः) — सरजस और उपशुन निपातन से सिद्ध होते हैं। यथा; रजोऽपि अपरित्यज्य सरजसम्, शुनः समीपं उपशुनम्।

४ प्रतिपरसमनुभ्योऽक्ष्णः—प्रति, पर, सम् और अनु के परवर्ती अक्षि शब्द के उत्तर अन् होता है। यथा; प्रत्यक्षम्, परोक्षम्, समक्षम्, अन्वक्षम्।

५ अनन्तात् (अनश्च)—अन् भागान्त शब्द के उत्तर अन् होता है। यथा; उपराजम्, अध्यात्मम्, प्रत्यध्वम्।

६। नपुंसकात् (नपुंसकादन्यतरस्याम्)—नपुंसक अन्नन्त शब्द के उत्तर विकल्प से अन् होता है। यथा; उपचर्मम्, उपचर्म।

। गिरि-नदी-पौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः (नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः। गिरेश्च सेनकस्य)—गिरि, नदी, पौर्णमासी और आग्रहायणी के उत्तर विकल्प से अन् होता है। यथा; उपगिरम्, उपगिरि; उपनदम्, उपनदि; उपपौर्णमासम्, उपपौर्णमासि; उपाग्रहायणम्, उपाग्रहायणि।

७ स्पर्शान्ताच्चापञ्चमात् (झयः)—पञ्चमभिन्न स्पर्श-वर्णान्त शब्दों के उत्तर विकल्प से अन् होता है। यथा, उपदृशम्, उपदृशत्; अनुसमिधम्, अनुसमित्।

८ प्रतेरुरः सप्तमीस्थानात्—प्रति शब्द के परवर्ती सप्तम्यर्थ में वर्तमान उरस् शब्द के उत्तर अन् होता है। यथा; उरसि, प्रत्युरसम्।

६ अनुगवमायामे—दीर्घता अर्थ में अनुगवम् निपातन से सिद्ध होता है। यथा; गोः पश्चात् अनुगवम्।

तत्पुरुष-समास

१२ उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः—जिस समास में उत्तरपद प्रधान हो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।

N. B. परलिङ्गं तत्पुरुषे (परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः)—तत्पुरुष समास होने पर समस्त भाग उत्तर पद के लिंग को प्राप्त होता है।

२ रात्राह्नाहाः पुमांसः (रात्राह्नाहाः पुंसि)—तत्पुरुष समास होने में समस्त भाग के अन्तस्थित रात्र, अह्न और अह शब्द पुंलिङ्ग होते हैं।

३ रात्रं नपुंसकं संख्यापूर्व्वम्—संख्यावाचक शब्द पहले हो तो रात्र शब्द नपुंसक होता है।

४ पुण्यादहः (पुण्यसुदिनाभ्यामह्नो नपुंसकत्वंवक्तव्यम्)—पुण्य शब्द के परवर्ती अह नपुंसक होता है।

१३ द्वितीया श्रितादिभिः (द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः)—श्रित इत्यादि सुबन्त पद के साथ द्वितीयान्त पद का समास होता है और उसे द्वितीया तत्पुरुष कहते हैं। यथा; कष्टं श्रितः कष्टश्रितः, दुःखमतीतः दुःखातीतः, कूपं पतितः कूपपतितः, गृहं गतः गृहगतः, तुहिनमत्यस्तः तुहिनात्यस्तः, सुखं प्राप्तः सुखप्राप्तः, सुखमापन्नः सुखापन्नः, ग्रामं गामी ग्रामगामी (गम्यादीनामुपसंख्यानम्), अन्नं बुभुक्षुः अन्नबुभुक्षुः, वेदं विद्वान् वेदविद्वान्।

(क) खट्वा क्तेन कुत्सायाम् (खट्वा क्षेपे)—निन्दा अर्थ में क्त प्रत्यय से बने सुबन्त पद के साथ द्वितीयान्त खट्वा शब्द का समास होता है; यथा; खट्वां आरूढः खट्वारूढः।

(ख) कालाः अत्यन्तसंयोगे (कालाः । अत्यन्तसंयोगे च)—अत्यन्त संयोग अर्थ में सुबन्त पद के साथ द्वितीयान्त कालवाचक सुबन्त पद का समास होता है। यथा; मुहूर्त्तं सुखं मुहूर्त-

सुखम्, मासं गम्यः मासगम्यः, वर्षं भोग्यः वर्षभोग्यः; मुहूर्त्तं सुखं मासं सुखं व्याप्य इत्यर्थः ।

१० तृतीया पूर्वादिभिः (पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः)—पूर्व इत्यादि सुबन्त पद के साथ तृतीयान्त पद का समास होता है और इसे तृतीया तत्पुरुष कहते हैं। यथा, मासेन पूर्वः मासपूर्वः, वर्षेण अवरः वर्षावरः, वाचा कलहः वाक्कलहः, गुडेन मिश्रः गुडमिश्रः, आचारेण श्लक्ष्णः (निपुणः) आचारश्लक्ष्णः, धान्येन अर्थः धान्यार्थः, मात्रा सदृशी मातृसदृशी, पित्रा समः पितृसमः ।

(क) ऊनार्थेन (पूर्व ……)—ऊनार्थ सुबन्त पद के साथ तृतीयान्त पद का समास होता है । यथा, एकेन ऊनः एकोनः, विद्यया हीनः विद्याहीनः, धर्मेण रहितः धर्मरहितः, गन्धेन शून्यः गन्धशून्यः, अङ्गेन विकलः अङ्गविकलः ।

(ख) कर्त्तृकरणयोः (कर्त्तृकरणे कृता बहुलम्)— कृत्-प्रत्यय वाले सुबन्त पद के साथ कर्त्ता और करण में विहित तृतीयान्त का समास होता है । यथा; कर्त्ता में—व्याघ्रेण हतः व्याघ्रहतः, अहिना दष्टः अहिदष्टः, व्यासेन रचितः व्यासरचितः, पाणिनिना प्रणीतं पाणिनिप्रणीतम्, नारदेन प्रोक्तं नारदप्रोक्तम्, द्विजेन भक्ष्यं द्विजभक्ष्यम्, पुत्रेण देयं पुत्रदेयम् । करण में—नखैः भिन्नः नखभिन्नः, असिना छिन्नं असिछिन्नम्, अग्निना दग्धः अग्निदग्धः, जलेन सिक्तः जलसिक्तः, अञ्जलिना पेयं अञ्जलिपेयम्, शिरसा धार्य्यं शिरोधार्य्यम् ।

११ चतुर्थी बलि-हित सुखैः (चतुर्थीतदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः । तदर्थेन प्रकृतिविकृतिभावे एवेष्यते । अश्वघासादयः षष्ठीसमासा विशेषलिङ्गता चेति वक्तव्यम्)—सुबन्त बलि, हित सुख शब्द के साथ चतुर्थ्यन्त पद का समास होता है और इसे चतुर्थी तत्पुरुष कहते हैं । यथा; भूताय बलिः भूत-

यलिः, पुत्राय हितं पुत्रहितम्, भ्रात्रे सुखं भ्रातृसुखम्।

(क) अर्थेन च (चतुर्थीतदर्थार्थ ....)—अर्थ शब्द के साथ चतुर्थ्यन्त पद का समास होता है। समस्त भाग विशेष्य के लिंग को प्राप्त होता है। यथा; द्विजाय अयं द्विजार्थः सूपः, द्विजार्था यवागूः, द्विजार्थं पयः।

(ख) विकृतिः प्रकृत्या तादर्थ्ये (चतुर्थीतदर्थार्थ ....)—तादर्थ्य अर्थ में प्रकृतिस्थलीय सुबन्त पद के साथ विकृतिस्थलीय चतुर्थ्यन्त पद का समास होता है। यथा, कुण्डलाय हिरण्यं कुण्डलहिरण्यम्, यूपाय दारु यूपदारु—wood for sacrificial post.

१६ पञ्चमी भयादिभिः (पञ्चमी भयेन । भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम्। अपेतापोढ मुक्तपतितापत्रस्तैरल्पशः)—भय इत्यादि सुबन्त पद के साथ पञ्चम्यन्त पद का समास होता है उसे पञ्चमी तत्पुरुष कहते हैं। यथा, व्याघ्रात् भयं व्याघ्रभयम्, व्याघ्रात् भीतः व्याघ्रभीतः, व्याघ्रात् भीः व्याघ्रभीः, व्याघ्रात् भीतिः व्याघ्रभीतिः, गृहात् निर्गतः गृहनिर्गतः, अधर्मात् जुगुप्सुः अधर्मजुगुप्सुः, सुखात् अपेतः सुखापेतः, बन्धनात् मुक्तः बन्धनमुक्तः, रथात् पतितः रथपतितः, तरङ्गात् अपत्रस्तः तरङ्गापत्रस्तः, विदेशात् आगतः विदेशागतः।

१७ षष्ठी समर्थेन (षष्ठी)—समर्थसुबन्त पद के साथ षष्ठ्यन्त पद का समास होता है उसे षष्ठी तत्पुरुष कहते हैं। यथा; गंगायाः जलं गंगाजलम्, तरोः छाया तरुच्छायाः, अग्नेः शिखा अग्निशिखा, वायोः वेगः वायुवेगः, जलस्य प्रवाहः जलप्रवाहः, सुखस्य भोगः सुखभोगः, पयसः पानं पयःपानम्, कन्यायाः दानं कन्यादानम्, गवां दोहः गोदोहः, आज्ञायाः भङ्गः आज्ञाभङ्गः, दशायाः अन्तः दशान्तः, सूर्य्यस्य उदयः सूर्य्योदयः, वृष्टेः पातः वृष्टि-

पात:, शिरस: छेद: शिरश्छेद:, गवां वध: गोवध:, पितु: गृहं पितृगृहम्, राज्ञ: भवनं राजभवनम्, मनो: वचनं मनुवचनम्, अर्थस्य नाश: अर्थनाश:, कूपस्य उदकं कूपोदकम्।

